सूर्योदय : 6:43
सूर्यास्त : 5:57
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-246 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 15 फरवरी 2024
04 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

700 करोड़ रुपए से बने यूएई के पहले हिंदू मंदिर का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

मैं मां भारती का पुजारी: मोदी

तोहफा

- राजस्थान के पत्थरों का भी हुआ इस्तेमाल
- प्रधानमंत्री ने मंदिर के लोकार्पण समारोह में पूजा विधि में भाग लिया

अबू धाबी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मंत्रोच्चार के बीच अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। हल्के गुलाबी रंग का रेशमी कुर्ता पजामा, बिना बांह वाली जैकेट और पटका पहने हुए प्रधानमंत्री ने मंदिर के लोकार्पण समारोह में पूजा विधि में भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज यूनाइटेड अरब अमीरात की धरती ने मानवीय इतिहास का एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है। आज अबु धाबी में भव्य और दिव्य मंदिर का लोकार्पण हो रहा है। इस पल के पीछे वर्षों की मेहनत लगी है। इसमें वर्षों पुराना सपना जुड़ा है। इसमें भगवान स्वामी नारायण का आशीर्वाद जुड़ा है। आज प्रमुख स्वामी जी जिस दिव्य लोक में होंगे, उनकी आत्मा जहां होगी, वहां प्रसन्नता का अनुभव कर रही होगी। उन्होंने कहा कि मैं पूरे भारत और विश्व भर में रहने वाले करोड़ों भारतवंशियों की ओर से प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद को और यूएई सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मैं यूएई के लोगों का भी उनके सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि अबु धाबी का ये विशाल मंदिर केवल एक उपासना स्थली नहीं है। ये मानवता की सांझी विरासत का प्रतीक है।

सांप्रदायिक सौहार्द व वैश्विक एकता का प्रतीक बनेगा

कहा कि आज वसंत पंचमी का पवित्र त्योहार भी है। पर्व मां सरस्वती का पर्व है। मां सरस्वती यानी बुद्धि और विवेक की, मानवीय प्रज्ञा और चेतना की देवी! ये मानवीय प्रज्ञा ही है जिसने हमें सहयोग, सामंजस्य, समन्वय और सौहार्द जैसे आदर्शों को जीवन में उतारने की समझ दी। मुझे आशा है कि ये मंदिर भी मानवता के लिए बेहतर भविष्य के वसंत का स्वागत करेगा। ये मंदिर पूरी दुनिया के लिए सांप्रदायिक सौहार्द और वैश्विक एकता का प्रतीक बनेगा। अब तक जो यूएई बुर्ज खलीफा, फ्यूचर म्यूजियम, शेख जायद मस्जिद और दूसरी हाइटेक बिल्डिंग्स के लिए जा जाता था, अब उसकी पहचान में एक और सांस्कृतिक अध्याय जुड़ गया है।

दूसरे दिन भी जींद और शंभू बॉर्डर पर बना रहा तनाव

आंदोलन

- पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर किसानों और पैरामिलिट्री की झड़प
- दिल्ली-गाजीपुर समेत सभी बॉर्डर पर हाई अलर्ट
- आज फिर आंसू गैस के गोले दागे
- आज फिर होगी बैठक

चंडीगढ़। मांगों के लिए दिल्ली कूच के आह्वान के दूसरे दिन शंभू बॉर्डर पर स्थिति लगभग सामान्य ही रही। हालांकि किसानों को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने कई बार आंसू गैस के गोले दागे। इसके अलावा जींद के दाता सिंह वाला बॉर्डर पर किसानों और पुलिस के बीच तनाव बना रहा।

कार्रवाई से बढ़ा आक्रोश : पंजाब में आज टोल-ट्रेनें बंद

अपनी मांगों को लेकर किसानों के दिल्ली मार्च के दूसरे दिन भी पंजाब हरियाणा के बॉर्डरों पर तनाव की स्थिति रही। उधर, फिलहाल आंदोलन से सीधे तौर पर न जुड़े संगठनों की भी सक्रियता बढ़ने लगी है। सभी पुलिस प्रशासन की कार्रवाई की निंदा कर रहे हैं। भाकियू उगराहां ने किसान संगठनों के साथ एकजुटता दिखाने का फैसला लिया है। उगराहां यूनियन, गुरुवार को पंजाब में सात स्थानों पर रेलें रोककर केंद्र सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करेगी। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की लंबित मांगों को लेकर यूनियन, वीरवार को संगरूर, मानसा, बठिंडा, पटियाला, मोगा, गुरदासपुर में दोपहर बारह से चार बजे तक रेलें रोकेगी।

ड्रोन के आंसू गैस के गोले छोड़ने पर विवाद

ड्रोन से किसानों पर आंसू गैस छोड़ने के मामले में पंजाब और हरियाणा आमने सामने आ गए। पंजाब ने शंभू बॉर्डर पर अपने क्षेत्र में आंदोलनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़ने के लिए हरियाणा द्वारा ड्रोन के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई है। पटियाला के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) शौकत अहमद पर्रे ने अंबाला के डिप्टी कमिश्नर को पत्र लिखकर कहा है कि वे अंबाला के पास शंभू सीमा पर पंजाब के क्षेत्र के अंदर अपने ड्रोन न भेजें।

हरियाणा के रवैये पर पंजाब सरकार सख्त

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि बहुत बड़ी हैरानी है कि पंजाब सरकार ने नोटिस जारी किया कि हमारी सीमा में ड्रोन मत भेजो, क्या यह हिंदुस्तान-पाकिस्तान हो गया। अगर हमारी पुलिस को मारकर कोई पंजाब में भाग जाएगा तो क्या हम उसके पीछे जाकर उसे पकड़ नहीं सकते। दिल्ली जा रहे पंजाब के किसानों को रोकने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई पर पंजाब सरकार ने कड़ा एतराज जताया है। सीएम भगवंत मान ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से कहा है कि वह पंजाब के किसानों को दिल्ली जाने दें। उन पर लाठीचार्ज और आंसू गैस चलाना बंद करें।

ईडी ने छठी बार केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया

शिकंजा

- पहले पांच समन कर चुके नजरअंदाज
- 17 फरवरी को अदालत में पेश होने के हैं निर्देश



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में चल रही जांच में शामिल होने के लिए नया समन जारी किया है। ईडी ने उन्हें 19 फरवरी को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले भी ईडी पांच समन भेज चुकी है, जिसे मुख्यमंत्री ने नजरअंदाज कर दिया था। ईडी ने 2 फरवरी, 17 जनवरी, तीन जनवरी, 21 दिसंबर और दो नवंबर को केजरीवाल को समन भेजा था, लेकिन दिल्ली सीएम पेश नहीं हुए थे। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दिए जवाब में पूछा कि यदि वह आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी नहीं हैं, तो उन्हें समन क्यों जारी किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। ईडी ने पेश न होने पर कोर्ट में अर्जी दी थी। जिस पर कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को समन भेजा है।जिसमें उन्हें 17 फरवरी को कोर्ट में पेश होने को कहा गया है। दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में केंद्रीय एजेंसी के समन का पालन नहीं करने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की है।

मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक और उसके बेटे सहित नौ की संपत्ति होगी कुर्क

पड़ताल

- मजिस्ट्रेटी जांच शुरू
- आठ फरवरी को हुई थी हिंसा

हल्द्वानी। हल्द्वानी सिविल कोर्ट ने हल्द्वानी हिंसा के नामजद मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक, उसके बेटे सहित नौ उपद्रवियों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी कर दिए हैं। कोर्ट ने सभी नौ आरोपियों पर सीआरपीसी की धारा 82, 83 के तहत करवाई की अनुमति दे दी है। पुलिस ने कोर्ट में आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने के लिए आवेदन किया था। आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा के बाद पुलिस ने तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। इसमें 18 लोगों को नामजद किया गया था। इनमें से पुलिस अब तक सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक, उसका बड़ा बेटा अब्दुल मोईद और निवर्तमान पार्षद शकील अंसारी सहित तमाम लोग फरार हैं। मंगलवार को सिविल कोर्ट ने सभी नौ आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिए थे।

नड्डा, अशोक चव्हाण भरेंगे नामांकन

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। इसमें गुजरात से भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण को उम्मीदवार बनाया है। गौरतलब है कि चव्हाण दो दिन पहले ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। इन बड़े नामों के अलावा भाजपा ने महाराष्ट्र से मेधा कुलकर्णी, अजीत गोपछड़े को उम्मीदवार बनाया है। उधर गुजरात से मयंकभाई नायक, डॉ. जसवंतसिंह, गोविंदभाई ढोलकिया को भी पार्टी ने राज्यसभा के लिए नामित किया है। बता दें कि नड्डा मौजूदा समय में हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य हैं। हालांकि, कांग्रेस शासित हिमाचल में इस बार भाजपा के पास राज्यसभा की इकलौती सीट जीतने के लिए जरूरी समर्थन नहीं है। दूसरी तरफ गुजरात से राज्यसभा सांसद मनसुख मंडाविया, परषोत्तम रुपाला और महाराष्ट्र से नारायण राणे को फिर से राज्यसभा सीट के लिए नामित नहीं किया गया है।

राजस्थान से राज्यसभा के लिए सोनिया गांधी ने नामांकन किया

सीट

- राहुल और प्रियंका गांधी भी रहे मौजूद
- कांग्रेस ने 6 उम्मीदवारों की घोषणा की, माकन को कर्नाटक से टिकट

जयपुर। सोनिया गांधी अब लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने बुधवार को राजस्थान से राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। नॉमिनेशन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मौजूद थे।

गांधी परिवार में इंदिरा के बाद सोनिया राज्यसभा जाने वाली दूसरी सदस्य होंगी। कांग्रेस ने 27 फरवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए आज दो लिस्ट जारी की। इनमें 7 राज्यों से 10 प्रत्याशी के नाम हैं। राजस्थान से सोनिया गांधी, हिमाचल प्रदेश से अभिषेक मनु सिंघवी, बिहार से डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह, महाराष्ट्र से चंद्रकांत हंडोरे का नाम शामिल है। इसके अलावा कर्नाटक से अजय माकन, डॉ. सैय्यद नसीर हुसैन, जीसी चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश से अशोक सिंह, तेलंगाना से रेणुका चौधरी और एम अनिल कुमार यादव का नाम तय किया है। राज्यसभा की 56 सीटों पर 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग होगी। चुनाव आयोग इसके लिए 8 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी कर चुका है। 15 फरवरी को नॉमिनेशन की आखिरी तारीख है। 27 फरवरी को रिजल्ट घोषित कर दिए जाएंगे। कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक से पार्टी नेता अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर को नामांकित किया।

सौगात 252 करोड़ की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

अप्रैल से कन्या सुमंगला योजना में मिलेंगे 25 हजार रुपये : योगी

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप डबल इंजन की सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सम्मान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सरकार अप्रैल से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की धनराशि को प्रति लाभार्थी 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने जा रही है।

सीएम योगी बसंत पंचमी के पावन पर्व पर खाद कारखाना परिसर में एक हजार जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 252 करोड़ रुपये की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर 2014 में पीएम मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया। बेटी बचेगी तभी पढ़कर आगे बढ़ेगी और योगदान देश व समाज के लिए दे पाएगी। एक बेटी कुल खानदान को आगे बढ़ाने का काम करती है। बेटियों को बचाने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए आज केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब वह सीएम बने तो प्रदेश में यह समस्या आई कि बेटी को बचाने के लिए क्या और प्रयास करने चाहिए। इसके लिए पहला कार्यक्रम सुमंगला योजना का बनाया गया। इसमें बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक पढ़ाई की व्यवस्था की गई।

- सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए सीएम
- नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद

सहारनपुर में विकास के और नये पुष्प खिलेंगेः महापौर

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज चिलकाना रोड पहुंच कर स्मार्ट सिटी के तहत बनायी जा रही सड़क का निरीक्षण किया और लोगों से संवाद किया। क्षेत्र के लोगों ने वसंतोत्सव के उपलक्ष्य में महापौर डॉ. अजय कुमार का मालाओं, ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

चिलकाना रोड पर सड़क का एक बड़ा हिस्सा स्मार्ट सिटी के तहत निर्मित किया जा रहा है। महापौर डॉ. अजय कुमार, उपसभापति मुकेश गक्खड़ के साथ आज उक्त सड़क का निरीक्षण करने तथा क्षेत्र के लोगों से जनसम्पर्क करने चिलकाना रोड़ पहुंचे तो पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन व क्षेत्रीय पार्षद रविसेन जैन के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों ने महापौर का ढ़ोल नगाड़ों के बीच मालाएं व पटका पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण और गुणवत्ता की तारीफ करते हुए निगम व स्मार्ट सिटी का आभार जताया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने सभी क्षेत्र वासियों को वसंतोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा जिस तरह वसंत आगमन पर प्रकृति में नव सृजन की आस होती है वैसे ही सहारनपुर में भी विकास के और नये पुष्प खिलेंगे और यह शहर आपके सपनों का शहर साबित होगा। इस अवसर पर दिनेश सेठी, राजकुमार मक्कड़, रवि जुनेजा, दिनेश जैन बल्ली,पूर्व पार्षद मनोज जैन व मानसिंह जैन आदि भी मौजूद रहे।

पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी डीएम ने कलक्ट्रेट में की बैठक
35 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जिले में 35 परीक्षा केंद्रों पर 17 व 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा दो-दो सत्रों में आयोजित होंगी। परीक्षा के प्रत्येक सत्र में 16848 परीक्षार्थी शामिल होंगे।परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कलेक्ट्रेट में बैठक ली। बैठक का संचालन डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सभी जोनल, स्टेटिक, अतिरिक्त स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं,उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। सभी सम्बन्धित बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। उन्होनें केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार केन्द्र की व्यवस्था समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर केन्द्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कन्ट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहे।

डीएम ने निर्देश दिए कि उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा सकुशल एवं पारदर्शी तथा नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु दिये गये निर्देशों का परीक्षा डियूटी में नामित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा अक्षरशः अनुपालन करेंगे।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सर्तक निगरानी रखी जायेगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन गौतम, उप जिलाधिकारी, सेक्टर, स्टेटिक्स मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

अभियुक्त आदिल को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना फरधान पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 10.02.2024 को थाना फरधानपर पंजीकृत मु0अ0सं0 45/2024 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधि0 पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना फरधान पुलिस द्वारा घटना का खुलासा करते हुए आज दिनांक 14.02.2024 को बसही मोड के पास से अभि0गण आदिल पुत्र समीउल्ला निग्राम भुडवारा थाना गोला उम्र करीब 22 वर्ष रफीउल्ला पुत्र पुत्तन नि0ग्राम घुघल्लपुर थाना हैदराबाद उम्र करीब 23 वर्ष 3.सोमीन पुत्र जियाउल्ला नि0ग्राम रायपुर घुनसी थाना नीमगांव उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से एक अदद लकडी का ठेहा, दो अदद लोहे का दांव, एक अदद छुरा लोहे का, एक अदद रस्सी व एक अदद मोटर साईकिल सुपर स्पलेंडर रंग काला रजि0 नं0 क्ष्1ष्0950 चेचिस नं0 MBLJAW179NGH03579 बरामद हुए तथा प्रकाश में आयें अन्य तीन अभि0गण जादे पुत्र सनाउल्लाह नि0ग्राम भुडवारा थाना गोला जिला नदीम पुत्र रफीउल्ला अजीम पुत्र रफीउल्ला नि0गण ग्राम भुडवारा थाना गोला की तलाश की जा रही है। अभि0गण आदिल, रफीउल्ला, सोमीन उपरोक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर अभियुक्तगण को न्यायालय लखीमपुर पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

मांगलिक कार्यों के लिए शुभ होता है बसंत पंचमी का दिनः विवेक

सहारनपुर। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विवेक मनोचा व संघ के अध्यक्ष सूरज प्रकाश ठक्कर ने कहा कि पावन बसंत पंचमी पर्व पर मीठे पीले चावल बांटे जाते है। उन्होंने सभी व्यापारियों को पंतग कटिंग लोगों को लगाकर व व्यापारियों को भव्य श्री रामलला का स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट दिया। संयुक्त व्यापार संघ, पुल दालमंडी चौक मिश्रान द्वारा बसंत पंचमी का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। व्यापारी नेताओं ने कहा कि इसी बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। इसी दिन वह हाथों में वीणा, पुस्तक व माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान होकर प्रकट हुई थी। बसंत पंचमी से ही बसंत ऋतु की शुरूआत होती है। बसंत पंचमी के 40 दिन बाद होली का पर्व मनाया जाता है। इसलिए बसंत पंचमी से ही होली की शुरूआत मानी जाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला, ऋषिराज धींगडा, मदन लाम्बा, राजकुमार विज, आर.के.मल्होत्रा, संजय भसीन, भरत मिगलानी, चिराग डाबर, नीरज सेठ, मनीष अरोडा, सुमित झाम्ब, कृष्ण लाल ठक्कर, शिव गुम्बर, अनमोल ठक्कर, गुलशन ठक्कर, खुशाल सिंह, संदीप विज आदि शामिल रहे।

महिला से पर्स झपटने वाले तीन अभियुक्त दबोचे

सहारनपुर। थाना मण्डी पुलिस ने महिला से पर्स छीनकर भागने वाले 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 मोबाईल फोन व 2460 रूपये नगद बरामद किये है। विदित हो कि 13 फरवरी को श्रीमती आफरीन पत्नी नाजिम निवासी नदीम कालोनी ने तीन अभियुक्तों पर इन्द्रा चौक से पर्स छीन ले जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। आज मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस ने मुकदमें में त्वरित कार्यवाही करते अभियुक्त दानिश उर्फ मोनू पुत्र महबूब निवासी पीर वाली गली न. 25 बेरेलियो का मदरसा इस्लाम पब्लिक स्कूल के पास थाना मण्डी व दिलनवाज पुत्र शकील अहमद निवासी गली नं0 8 एकता कालोनी थाना कुतुबशेर व नफीस उर्फ मोनू पुत्र निशार अहमद निवासी गली नं.5 एकता कालोनी थाना कुतुबशेर को कमेला की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 2460 रूपये नगद व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, हैड कांस्टेबल बालेन्द्र कुमार, कांस्टेबल बिट्टू, राहुल कुमार, अमित कुमार शामिल रहे।

चाईनीज मांझे से युवक की कटी गर्दन, दर्दनाक मौत

सहारनपुर। चाईनीज मांझे ने आखिरकार एक घर के चिराग को बुझा दिया और पुलिसिया दावो को इस घटना ने पूरी तरह खोखला साबित कर दिया। चाईनीज मांझे की बिक्री पर अंकुश लगाने को पुलिस भले ही लम्बे चौड़े दावे करती रही हो, लेकिन समय-समय पर घटित घटनाएं पुलिस को मुंह चिढ़ाती नजर आती है। आज फिर एक युवक को अचानक ही अपनी जान गंवानी पड़ गयी। पुलिस की कार्यशैली पर फिर एक सवालिया निशान उठ खड़ा हुआ है कि आखिरकार चाईनीज मांझा बिक कैसे रहा।

बसंत पंचमी के अवसर पर आसाराम के पुरवा में पाली कार्यक्रम संपन्न

अवधनामा संवाददाता

सतांव(रायबरेली)। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आशाराम मजरे कोरिहर गाँव में बुधवार की शाम ग्रामीण अंचल में प्राचीन पद्धति के खेलों को जीवन्त रखने वाली पाली प्रतियोगिता के अर्न्तगत बैलगाड़ी दौड़, घोड़ा दौड़, तांगा दौड़, साईकिल दौड़, बालक व बालिका वर्ग की लम्बी दौड़ का आयोजन किया गया। मंच का संचालन पप्पू यादव व विमलेश यादव ने किया।

मुख्य अतिथि वरिष्ट भाजपा नेता कृष्णजीवन तिवारी ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ कराया। सर्वप्रथम

बैलगाड़ी दौड़ में राम बिलास यादव गंगागंज प्रथम, दिनेश यादव सेवन पुर द्वितीय व सुशील यादव घुरवारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। घोड़ा दौड़ में नीशू यादव नया पुरवा प्रथम, मनोज यादव मिर्जा का पुरवा द्वितीय स्थान पर रहे। तांगा दौड़ में रामकेश पूरे आशाराम प्रथम, बाबा विक्रमपुर द्वितीय स्थान पर रहे। साइकिल दौड़ में कामाख्या प्रसाद पूरे आशाराम प्रथम, राजा सतांव द्वितीय व मोनू सतांव तृतीय स्थान पर रहे। लम्बी दौड़ में अतुल सोहलिया प्रथम, आशीष चन्दईपुर द्वितीय व अमित यादव चन्दईपुर तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को ग्राम सभा के सम्मानित लोगों के द्वारा पुरुष्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस पाली प्रतियोगिता के आयोजन में सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने को सामग्री वितरण वाहन किया रवाना

सहारनपुर। ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के अंतर्गत आज विकास खंड पुवांरका के समस्त ग्राम पंचायत व राजस्व ग्राम पंचायतों में सामग्री वितरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वेल्फेयर एंड इलस्ट्रेशन नीडी ग्रामीण सोआइटी, (विंग्स) लखनऊ के तहत जनपद में आज विकास खंड पुवारका के खंड विकास अधिकारी नीरू मालिक एवं सहायक विकास अधिकारी कवर पाल द्वारा जन जागरूकता टीम को विकास खंड के समस्त ग्राम पंचायत व राजस्व ग्राम पंचायत के लिए नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला, अभिमुखीकरण बैठक एवं (आई.ई.सी) समग्री वितरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। संस्था पदाधिकारियों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को शुद्ध पेयजल एवं क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए प्रेरित किया।

नगरायुक्त ने दिए एनीमल ऐबुलेंस खरीदने और मिल्क पार्लर बनाने के निर्देश

नगरायुक्त ने किया कान्हा गौशाला, गांधी पार्क व जनमंच का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज नगर निगम द्वारा संचालित श्री शाकंभरी कान्हा उपवन गौशाला, गांधी पार्क व जनमंच तथा उसके परिसर में बने दोनों सभागारों का निरीक्षण किया और उनके सम्बंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नगरायुक्त संजय चौहान बुधवार की दोपहर नगर निगम द्वारा संचालित श्री शाकंभरी कान्हा उपवन गौशाला पहुंचे। उन्होंने पूरी गौशाला का भ्रमण कर गौवंश के रखरखाव, गौवंश के मूत्र से गोनाइल (फिनाइल) बनाने वाले प्लांट, गोबर गैस संयत्र, गोबर से बनायी जा रही जैविक खाद, गोबर से बनाये जा रहे दियो और काउ कडलिंग सेंटर का निरीक्षण किया। नगरायुक्त ने गौशाला में व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए गोनाइल तथा गोबर से बनाये जा रहे उत्पादों का एक मजबूत और व्यवस्थित व्यवसायिक तंत्र विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा से दूध देने वाले गौवंश की संख्या व दुग्ध उत्पादन की जानकारी लेते हुए दुधारु गौवंश के लिए एक अलग शेड बनाने तथा मिल्क पार्लर के लिए प्रोजेक्ट बनाने के भी निर्देश दिए ताकि गौशाला को उत्पादित दूध के अच्छे दाम मिल सके। नगरायुक्त ने एनीमल ऐंबुलेंस की खरीद का भी सुझाव दिया। नगरायुक्त ने इससे पूर्व जनमंच व जनमंच परिसर निर्मित दोनों सभागारों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जनमंच में सीलिंग सहित कुछ अन्य मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनमंच परिसर निर्मित दोनों सभागारों की दशा सुधारने पर जोर देते हुए कहा कि जो सभागार जिस कार्य के लिए बना है उसका उपयोग उसी कार्य के लिए किया जाना चाहिए। गांधी पार्क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पार्क को और अधिक व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। पार्क स्थित स्मार्ट घड़ी व पिंक टॉयलेट का भी निरीक्षण किया।

स्वच्छ वसंत प्रतियोगिता में गार्डन किये जायेंगे पुरस्कृत

नगरायुक्त ने स्वच्छ वसंत प्रतियोगिता के तहत किया गांधी पार्क में पौधारोपण

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। ऋतुराज बसंत का स्वागत करते हुए नगरायुक्त संजय चौहान ने स्वच्छ वसंत प्रतियोगिता के

तहत आज गांधी पार्क में गेंदे का पुष्पित पौधा रोपित किया और सभी नगरवासियों को वसंतोत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छ वसंत प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कराने के निर्देश दिए।

अपर नगरायुक्त एस के तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर निकाय स्तर पर गत 12 जनवरी से स्वच्छ बसंत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसके तहत नगर निगम कर्मचारी व सहयोगी एनजीओ उमंग, फोर्स व स्पेस सोसायटी के वालंटियर्स वार्डो में जाकर लोगों को अपने आंगन, टेरिस व बॉलकनी आदि में गार्डन बनाने के लिए प्रेरित कर रहे है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को अपनी कॉलोनी व सोसायटी को स्वच्छता और अपने परिवेश को स्वच्छ रखने तथा अपने घर व प्रतिष्ठान के आसपास के क्षेत्र की पेड़-पौधों से साज सज्जा करने के प्रति जागरुक करना है। उन्होंने बताया कि बेस्ट ऑफिस गॉर्डन, बेस्ट टेरिस गॉर्डन, बेस्ट बॉलकनी गॉर्डन, बेस्ट होम कम्पोस्टिंग, बेस्ट रिसाइकिल पॉट्स, बेस्ट रिसाइकिल इनोवेशन आदि वर्गो में प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। श्रेष्ठ गार्डनों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

अपर नगरायुक्त ने बताया कि शहर के 46 पार्को में पिट्स बनाये बनाये जा रहे है जिनमें पार्को में एकत्रित पत्तों से खाद बनायी जायेगी। इसके अलावा नगर निगम द्वारा शहर के अनेक पार्को में पौधारोपण किया जा रहा है। नगर निगम परिसर और गांधी पार्क में भी नये पौधे लगाये जा रहे है। नगरायुक्त ने गांधी पार्क में पुष्पित पौधारोपण कर इसका शुभारंभ करते हुए ऋतुराज बसंत का अभिनंदन और शहर के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर अपर नगरायुक्त एस के तिवारी, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

बसंत पंचमी के अवसर पर सकल नारायण विद्यालय में अखंड रामचरितमानस का पाठ संपन्न

सताँव, (रायबरेली)। सकल नारायन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आज बसंत पंचमी के पावन-पर्व पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का भव्य पूजन का आयोजन हुआ इसमें सैकड़ों छात्र -छात्राओं ने माँ सरस्वती की पूजा की व हवन के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अखंड राम चरित मानस का विगत 16 वर्ष से हो रहे संगीतमय पाठ का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक संजय सिंह प्रबंधक छाया सिंह व बेटे युवराज सिंह के साथ पूजा अर्चना की व छात्र -छात्राओं को जीवन में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के आदर्शो पर चलने को कहा साथ ही मां सरस्वती की पूजा करते हुए कहा कि मै सदैव मां सरस्वती से विद्यालय के सभी छात्र -छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करता हू इस अवसर पर अनेक अध्यापक /अध्यापिकाएं उपस्थित थे जिनमे मुख्य रूप से अजीत, कौशलेन्द्र सिंह, पी.के. वाजपेयी, आलोक शुक्ला, उपेंद्र,आलोक श्रीवास्तव, सन्तोष तिवारी, आलम सर, आदि उपस्थित थे।

पुलिस लिखित परीक्षा के सफल आयोजन व समस्याओं के निराकरण हेतु कन्ट्रोल रूम 9532647079 स्थापित

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड लखनऊ द्वारा उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा 17 फरवरी दिन शनिवार एवं 18 फरवरी 2024 दिन रविवार को दो पाली में प्रथम पाली समय प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली समय अपरान्ह 03 बजे से 05 बजे तक जनपद के 33 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। जिसमें प्रत्येक पाली में कुल 15408 अभ्यर्थी शामिल होंगे, अभिभावक आदि मिलकर संख्या अधिक हो जायेगी। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने कहा कि परीक्षा के सफल आयोजन, समस्याओं के निराकरण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु 14 फरवरी से 18 फरवरी तक परीक्षा की कार्यवाही समाप्त होने तक जनपद में कंट्रोल रूम नं0 9532647079 स्थापित किया गया है। उन्होंने स्थापित किये गये कन्ट्रोल रूम में तैनात कर्मिकों/ तैनात नोडल अधिकारियों को तैनात किया गया है। जिसमें 14 से 18 फरवरी तक प्रत्येक दिवस, प्रथम पाली में तैनात कार्मिक एचओ 1281 संजय यादव मो0नं0 9454043059, चकबंदी लेखपाल उपेन्द्र सिंह, मो0नं0 7007300080 एवं मुकेश कुमार यादव, मो0नं0 8840969454 तथा तैनात नोडल अधिकारी विदुषी शुक्ला, सहायक अभियन्ता नलकूप खण्ड रायबरेली मो0नं0 7905487181 को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार द्वितीय पाली के लिए तैनात कार्मिक एचओएम रजनीश कुमार मो0नं0 8922941419, चकबंदी लेखपाल नन्द कुमार, मो0नं0 7905843395, मुकेश कुमार यादव, मो0नं0 6387042291 तथा तैनात नोडल अधिकारी हरिपाल सिंह, समाज कल्याण सुपरवाइजर मो0नं0 9412313574 को नियुक्त किया गया है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने तैनात कार्मिकों को निर्देशित किया है कि वह तैनाती स्थल पर पहुंचकर अनवरत प्राप्त समस्याओं/सूचनाओं को एक रिजस्टर में अंकित कर निराकरण करायेंगे। 17 व 18 फरवरी 2024 को प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली परीक्षा पारम्भ समय के 15 मिनट पश्चात केन्द्र व्यवस्थापक/सेक्टर मजिस्ट्रेट व्हासापग्रुप से उनके सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र में उपस्थित/अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या का विवरण अंकित कर न्याय सहायक प्रथम संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट को उपलब्ध करायेंगे। तैनात नोडल अधिकारी अपने पर्यवेक्षण में तैनात कार्मिकों से समन्वय स्थापित कर कन्ट्रोल रूम का सुचारू रूप से संचालन, समस्याओं का अपने पर्यवेक्षण में निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे।

मां सरस्वती ज्ञान एवं कल्याण की देवीः कालेन्द्रानंद

सहारनपुर। महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में बसंत पंचमी पर सरस्वती माता पूजा अवसर पर स्वामी कलेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान एवं कल्याण की देवी है। राधा विहार स्थित मंदिर में श्री राम कृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित बसंत पंचमी पर मां सरस्वती पूजा अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत पूजन कर पंचामृत एवं गंगा जल से मन स्नान कराया गया एवं मां भगवती का श्रंगार कर आरती उतारी गई और महा भोग अर्पण कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। बसंत पंचमी अवसर पर सरस्वती माता की पूजा करते हुए स्वामी कलेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मां सरस्वती ब्रह्म नाद से प्रकट ब्रह्मवादिनी एवं वेद माता हैं। मां सरस्वती का प्रकृति सर्वप्रथम जब जगत में नाद आया।

न्याय के लिए किसी भी फरियादी को भटकना नहीं पड़ेगा

अवधनामा संवाददाता

मनकापुर(गोंडा)। न्याय के लिए किसी भी फरियादी को भटकना नहीं पड़ेगा उसे त्वारित न्याय दिलाने का कार्य किया जायेगा।लायन आर्डर का पालन कडाई से कराया जाएगा। यह विचार बुधवार को गैर जनपद से स्थानांतरित होकर आये नवांगत प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने एक भेट वार्त्ता के दौरान कही।उन्होने कहा कि मेरी कार्य प्रणाली की पहली प्राथमिकता है कि जितना भी लंबित मामला है, उनका जल्द से जल्द निपटारा हो। अपराध मुक्त, भय मुक्त वातावरण कोतवाली क्षेत्र में बनाएंगे और किसी की कोई भी समस्या हो निःसंदेह हमसे सीधे संपर्क करें, किसी भी समस्या को दूर करने के लिये यथाशीघ्र उचित पहल कर कानूनी कार्यवाई की जाएगी।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा मिली जिम्मेदारी को शत प्रतिशत निर्वाहन करने की पूरी कोशिश रहेगी। टीम भावना से कार्य करते हुए अपराध व अपराधियों पर नकेल कसा जायेगा। कोई भी फरियादी वेहिचक हमसे अपनी समस्या साझा कर सकता है, इसमें किसी माध्यम की आवश्यकता नहीं होगी।पीडित को न्याय दिलाने कार्य किया जायेगा।

2-देश की सेवा में लगे सैनिकों का सम्मान हर भारतीय का कर्तव्यः चिन्मयानंद

अवधनामा संवाददाता

नवाबगंज (गोंडा)। संतसुंदर दास चौराहे स्थित कटराकुटी धाम पर पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों के स्मृति में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी श्रद्धांजलि सभा एवं पूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार कोकिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर भारतीय सेवा के पूर्व कर्नल के सी मिश्रा एवं महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद नंदिनी नगर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया जुपिटर चिल्ड्रन एकेडमी एवं टैगोर मेमोरियल पब्लिक स्कूल तरबगंज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कियाकार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार गुप्ता ने किया अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के प्रभारी सुरेंद्र सिंह पूर्व सैनिक ने किया। कार्यक्रम के संयोजक पं परशुराम शर्मा ने सैनिक सम्मान समारोह के बारे में विस्तृत रिपोर्ट रखी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कटरा कुटी धाम के महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में हमारा कर्तव्य यह होना चाहिए कि हम उस सैनिक के साथ तथा उनके परिवार के साथ ऐसा व्यवहार करें कि आने वाली कई पीढियां तक जब भी कोई व्यक्ति सैनिक बने तो उनके मन में है भाव रहे कि यह देश उसे अपना परिवार मानता है। भारतीय सेना के पूर्व कर्नल के सी मिश्रा ने कहा कि देश की सेवा में हमेशा तत्पर रहने वाले सैनिकों का सम्मान करने के लिए हम सभी को तैयार रहना चाहिए। पूर्व सूबेदार पं परशुराम शर्मा ने कहा कि देश सेवा के लिए अपना तन मन धन न्योछावर करने वाले सैनिकों का सामान हम सब की जिम्मेदारी है।

16 फरवरी को भारत बंद एवं औद्योगिक हड़ताल करेंगे सभी मजदूर किसान

गौरा चौकी गोण्डा। सीआईटीयू से सम्बद्ध संगठन रेलवे ठेका मजदूर यूनियन गोण्डा इकाई की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता साथी दिनेश कुमार तथा संचालन पवन कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीआईटीयू प्रदेश उपाध्यक्ष कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय ने कहा कि आगामी 16 फरवरी को ग्रामीण बंद एवं औद्योगिक आम हड़ताल का अयोजन पूरे हिंदुस्तान में सरकार की जनविरोधी एवं मजदूर किसान विरोधी नीतियां के कारण किया जा रहा है तथा उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल मुख्यालय गोण्डा पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा , जिसमें मुख्य रूप से 12 घंटे तक काम कराने, भविष्य निधि, बोनस ईएसआई न देने के खिलाफ सहित चारो श्रम संहिताओं को रद्द करने के लिए किया जा रहा है।

जानलेवा हमले में केस दर्ज, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कटरा बाजार, गोण्डा। सर्वांगपुर गांव के मजरा पैदामी पुरवा में घर के पीछे बल्ली गाड़ने को लेकर हुए विवाद में दो महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से चोटिल हो गये। हमले में पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के सर्वांगपुर के मजरे पैदामी पुरवा निवासी मोहम्मद वसीम ने मंगलवार की देर शाम को दर्ज करायी रिपोर्ट में कहा है कि उसके गांव के ही मुस्तकीम, फुरकान, ख़लील व सब्बर घर के पीछे सड़क पर गड्ढा खोदकर बल्ली गाड़ रहे थे। आरोप है कि मना करने पर लाइसेंसी राइफल से फायरिंग कर दिया व लाठी-डंडों से मारपीटा। मोहम्मद वसीम, खलकुन निशा, बानो व आसिफ को गंभीर चोटें आयीं। मोहम्मद वसीम ने मुस्तकीम, फुरकान, खलील व सब्बर के खिलाफ जानलेवा हमले सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया है।

फायरिंग कर हत्या करने में चार आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। मंगलवार को छपिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत महोलीखोरी गांव में फायरिंग कर महिला की हत्या करने व करीब आधा दर्जन लोगों को घायल करने की घटना के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल, कारतूस व मैग्जीन भी बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर राजेश सिंह के नेतृत्व में गठित थाना छपिया पुलिस टीम द्वारा धारा 147, 148, 149, 302, 307, 323, 504, 506, 336, 34 भादवि व 7 सीएलए एक्ट से सम्बन्धित नामजद आरोपी गब्बर उर्फ राजू यादव, राजकुमार यादव उर्फ किन्नी को सोहिला अण्डर पास के पास से तथा अर्जुन यादव व मायाराम को कुकुरभुकवा से परशुरामपुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर गब्बर उर्फ राजू यादव की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल, .32 बोर 2 जिन्दा कारतूस व 2 मैग्जीन बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को समय करीब 12.40 बजे थाना छपिया क्षेत्र के ग्राम महोलीखोरी में आस-पास के दो पक्षों के मध्य रास्ते में टीनशेड लगाने की बात को लेकर विवाद हुआ और मार-पीट व फायरिंग की घटना घटित हुई थी जिसमें एक पक्ष के 06 लोग घायल हुए थे। घायलों को अस्पताल ले जाते समय एक घायल महिला की रास्ते में मृत्यु हो गयी थी। गिरफ्तार कर्ता टीम में छपिया थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा, उपनिरीक्षक सुरेश यादव, दिलीप कुमार सिंह, कांस्टेबल अभिषोक सिंह, दिनेश कुमार यादव, संजेश सिंह व महिला कांस्टेबल ममता राज शामिल रहीं।

बेहतर शिक्षा बच्चों की सफलता और समग्र विकास की कुंजी है : राघवेन्द्र प्रताप सिंह

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। बुधवार को भारतभारी नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं 4 लक्ष्मणनगर के गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली विद्यालय वृंदावन देवरिया में वसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर वसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिवपति स्नाकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ के प्राचार्य डॉ अरविंद सिंह व विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित, राजकीय डिग्री कॉलेज चौखड़ा के प्राचार्य अरविंद मिश्रा, डॉ विनोद मिश्रा, डॉ दशरथ चौधरी, पूर्व प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश गुप्त, कमलेश मिश्रा आदि ने मां सरस्वती व भारत माता के चित्र के सामने पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान नए शैक्षणिक सत्र में दाखिला लेने के लिए पंजीकरण का भी शुभारंभ किया गया, जिसमें भारी संख्या में अभिवाहकों ने

अपने बच्चों का पंजीकरण कराया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्रधानाचार्य सुषमा श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों को बुके भेंटकर व बैज लगाकर स्वागत सत्कार किया। इस दौरान दुर्गेश मिश्रा के नेतृत्व में छात्र व छात्रओं ने सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जिसपर सभी ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि डॉ अरविंद सिंह ने कहां कि आगे बढ़ने की ललक हर बच्चे के अंदर अवश्य होनी चाहिए। जब हमारे अंदर यह ललक आ जाएगी, तो हमको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता हैं। उन्होंने बताया की विद्यालय बेहतर संसाधनों के साथ तैयार किया गया, यहां बच्चों को अच्छे माहौल में पढ़ने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बेहतर शिक्षा बच्चों की सफलता और समग्र विकास की कुंजी है, इसलिए बेहतर शिक्षा समय की भी मांग है। इसे शीर्ष प्राथमिकता पर ध्यान में रखते हुए, हमारे विद्यालय में बच्चे के व्यक्तित्व के सभी पहलुओं का पोषण करने की बेहतर व्यवस्था की गई हैं, जिससे बच्चों को सर्वांगीण विकास हासिल करने और बहुआयामी व्यक्तित्व

गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली विद्यालय में वसंत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

को आकार देने में काफी मदद मिलेगा। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होगी, जिसमे प्लेवे, एलकेजी, यूकेजी, नर्सरी से कक्षा सात तक के बच्चों का दाखिला शुरू किया गया हैं जिसके लिए पंजीकरण अभी से ही आरंभ किया गया हैं, और धीरे धीरे हर वर्ष एक कक्षा बढ़ते हुए विद्यालय में इण्टरमीडियट की कक्षाओं के लिए दाखिला लिया जाएगा। उन्होंने बताया की विद्यालय में योग्य, समर्पित, प्रेरणादायक संकाय के साथ, सुसज्जित, स्मार्ट व डिजिटल कक्षाएं, रचनात्मक इंग्लिश वातावरण, कंप्यूटर सहित विभिन्न प्रकार के आधुनिक शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध होने के साथ ही साथ हमारे पास शिक्षा प्रदान करने के स्तर को बढ़ाने के साथ-साथ इसमें मनोरंजन का तत्व शामिल करने के लिए बहुत सारी नई प्रौद्योगिकियां और तकनीकें मौजूद हैं। कार्यक्रम विद्यालय के निदेशक प्रदीप सिंह, प्रवीण पाण्डेय व आकाश प्रताप सिंह ने आए हुए अतिथियों को मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सुषमा श्रीवास्तव कार्यक्रम में भाग लिया बच्चों को गिफ्ट भेंटकर आशीर्वाद दिया, और आए हुए अतिथियों व अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन नीरा दुबे ने किया। इस दौरान विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, तहसीलदार संतराज सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह, अध्यक्ष लेखपाल संघ रमेश श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे, अंकित श्रीवास्तव, अवधेश शर्मा, शत्रुहन सोनी, शैलेश सिंह, राजन अग्रहरि आदि सहित भारी संख्या में छात्र, छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहें।

बोर्ड परीक्षा नकलविहीन कराने को लेकर बैठक

अवधनामा संवाददाता

कौशाम्बी। बोर्ड परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। परीक्षा को नकल विहीन कराने को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। जिला मुख्यालय स्थित उदयन सभागार में जिलाधिकारी ने बैठक कर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी है। मुख्यालय स्थित उदयन सभागार में बैठक कर जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र द्वारा आयोजित हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष-2024 को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक/ सेक्टर/ जोनल मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पूरी सतर्कता बरतते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी नियमों व निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कर परीक्षा नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न करायी जाये।

कबड्डी में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

अवधनामा संवाददाता

कौशाम्बी। सांसद खेल स्पर्धा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह देखा जा रहा है। इस खेल प्रतियोगिता में ग्रामीण युवकों में उत्साह देखने लायक है। जिले में होने वाले सांसद खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में कड़ा के 154, कालाकांकर के 90, कुंडा के 32, कौशाम्बी के 191, चायल के 86, नेवादा के 114, बाबागंज के 77, बिहार के 27, मंझनपुर के 126, मूरतगंज के 101, सरसवां के 233 व सिराथू के 159 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चायल ब्लॉक के अंतर्गत चायल खास व बालीपुर टाटा की बालक वर्ग कबड्डी टीम के बीच में का मुकाबला हुआ जिसमें चायल की टीम विजय घोषित हुई तथा उपविजेता बालीपुर टाटा टीम हुई इसी तरह बालिका वर्ग में पहाड़पुर सुधार व नगर पंचायत चरवा के बीच मुकाबला हुआ जिसमें पहाड़पुर सुधार की टीम विजेता घोषित हुई तथा चरवा उपविजेता रही कौशांबी विकासखंड में बालक वर्ग में बेरुई व बैगवा फतेहपुर के बीच मुकाबला हुआ जिसमें बैगवा की टीम विजेता घोषित हुई वह बालिका वर्ग में बेरुई टीम विजेता घोषित हुई चायल में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाती पांडेय व कौशाम्बी ब्लॉक की प्रतियोगिता बीडीओ प्रवीण कुमार की देखरेख में हुई। सांसद विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने बताया कि 15 फरवरी को वालीबॉल व खो-खो की प्रतियोगता होगी। मौसम के कारण खेल के आयोजन में विलंब हो रहा है। ऐसे में निर्धारित समय पर प्रतियोगिता नहीं हो पा रहीं हैं।

बसंत पंचमी पर शिक्षण संस्थानों में पूजी गई विद्या की देवी मां सरस्वती

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। बसंत पंचमी के अवसर पर बुधवार को शिक्षण संस्थानों में कलम की देवी मां सरस्वती पूजन अर्चन के साथ ही वसंत का आगमन हो गया है। ज्ञान एवं विद्या की देवी मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बसंत के आगमन के उल्लास को व्यक्त किया गया। नगर पंचायत मथौली स्थित श्री मुरलीधर भागवत लाल पीजी कालेज प्राचार्य डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव, राधिका देवी इंटर कालेज में प्रबंधक नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, किसान इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रामप्रीत यादव, कसानगंज स्थित जेपी इंटर कालेज में प्रधानाचार्य श्री राम प्रसाद, पीजी स्कूल में प्रधानाचार्य संगीता सिंह, झंगा बाजार स्थित केदार नाथ ओझा इंटर कालेज में प्रबंधक प्रमोद ओझा, एम के पब्लिक स्कूल लक्ष्मीपुर में प्रबंधक मेहदी हसन सहित समस्त शिक्षण संस्थानों में विद्यालय परिवार एवं सीमित संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में विधि विधान से पूजन हवन संपन्न हुआ। तत्पश्चात मिष्ठान तथा प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही अबीर, गुलाल लगाकर सभी ने एक दूसरे को ऋतुराज बसंत के आगमन की बधाई भी दिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

गिरोह बनाकर संगठित अपराध करने वाले पांच अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

तुर्कपट्टी थाने के एक दरोगा समेत तीन सिपाही निलंबित

कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो। अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में एसपी धवल जायसवाल ने एक दारोगा समेत तीन पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबित किए गए पुलिस कर्मियों में उप निरीक्षक अभिषेक विश्वकर्मा थाना तुर्कपट्टी, हेड कांस्टेबल अमृत पासवान व एक सिपाही रविंद्र यादव तीन एक ही थाने तुर्कपट्टी में तैनात थे। इन तीनों के अपने कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति लापरवाही का मामला पुष्टि होने पर एसपी धवल जयसवाल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस कार्यवाई से पुलिस विभाग में लापरवाह पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

कसानगंज, कुशीनगर। गिरोह बनकर संगठित अपराध करने वाले पांच अभियुक्तों को कसानगंज पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में कार्यवाई की है। बता दें कि इन अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमें पंजीकृत है।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाए रखने व अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु सीजा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 13.02.2024 को थाना कसानगंज पुलिस द्वारा गिरोह बनाकर संगठित अपराध करने वाले गैंग लीडर सुरजीत विन्द उर्फ छोटेलाल पुत्र रामबृक्ष विन्द निवासी बैदवली बाबू थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर सहित गैंग के अन्य सदस्यों इरफान उर्फ बाडीगाड पुत्र स्व0 मुन्ना खान निवासी पसवेडा भरतपुरी पासी तिराहा थाना कोतवाही कर्वी जनपद चित्रकुट, सीताराम निषाद पुत्र स्व0 तुफानी निषाद निवासी रामनगर करजहा थाना खोराबार जनपद गोरखपुर, गुड्डू उर्फ रामकुमार पुत्र बेचन निषाद साकिन रामनगर करजहां थाना खोराबार जनपद गोरखपुर व सुधीर कुमार सैनी पुत्र राममुरत सैनी निवासी बैदवली बाबू थाना बांसगाव जनपद गोरखपुर के विरुद्ध 3 (1) युपी गेंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई है। उपर्युक्त अभियुक्तगण द्वारा आर्थिक, भौतिक बुनियादी व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सामूहिक रुप से एक संगठित गिरोह बनाकर धोखाधडी, चोरी, नकबजनी जैसे संज्ञेय आपराधकारित करते एवं अवैध धन/संपत्ति अर्जित करते थे। यह गिरोह जनपद व प्रदेश स्तर पर सक्रिय था। इस गिरोह द्वारा जनपद के भिन्नङ्गभिन्न थाना क्षेत्रो एवं प्रदेश में घटनाकारित किया गया है जिसके सम्बंध मे अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुध्द दर्जनो मुकदमें पंजीकृत है। जिनके विरुद्ध 3 (1) युपी गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई।

भू माफियाओं के चलते तालाब और नाले खो रहे अस्तित्व

अवधनामा संवाददाता

जिले के प्रमुख कस्बों के तालाबों और नालों पर बनाये गये आलीशान कमर्शियल काम्प्लेक्स

कौशाम्बी। जिले के अस्तित्व में आने के बाद से ही भू माफियाओं ने सरकारी भूमि पर अपनी गिद्ध दृष्टि गड़ा कर कब्जा करने के लिए स्थानीय नेताओं और राजस्व कर्मियों से मिली भगत कर तालाबों के अस्तित्व पर ही सवालिया निशान लगा दिया है। सड़क किनारे स्थित तालाबों और नाले प्रमुख रूप से इनके निशाने पर रहे। लोगों की शिकायत के बाद भी राजस्व विभाग इन भू माफियाओं के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर सका। इसके चलते इनके हौसले बुलंद हैं।

कौशाम्बी जनपद में इन दिनों दबंग भू माफियाओं द्वारा प्रमुख कस्बों में तालाबों, चरागाह और नालों पर कब्जा करने की मानो होड़ सी लगी है। इन कब्जा धारकों के कारण तालाबों चरागाहों और नालों का अस्तित्व ही धीरे धीरे समाप्त होने के कगार पर आगया है। जिले के मंझनपुर मुख्यालय, करारी, पश्चिम शरीरा, सिराथू, चायल और भरवारी में अधिकतर सरकारी भूमि पर माफियाओं द्वारा कब्जा किया जा चुका है। तालाब हों या नाले धीरे धीरे इन सबका अस्तित्व समाप्ति की ओर इशारा कर रहा है। भू माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि अधिकतर जगहों पर इनका अवैध कब्जा देखा जा सकता है। अगर जिम्मेदारों ने समय रहते अवैध कब्जा धारकों से तालाबों, चरागाहों और नालों पर से कब्जा नहीं हटवाया तो आने वाले समय में कस्बों में तालाब और नाले देखने को नहीं मिलेंगे। तालाबों पर कब्जे के कारण सबसे अधिक समस्या आने वाली गर्मी में देखने को मिल सकती है, जहां पालतू पशुओं को पीने के पानी की समस्या हो सकती है।

निःशुल्क खाद्यान्न वितरण 15 से 28 के मध्य

कुशीनगर। जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों कार्डधारकों को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण आज 15 से 28 फरवरी के मध्य जनपद में प्रचलित उचित दर दुकानों से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण में कराया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वितरण से पूर्व उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारियों उपजिलाधिकारियों द्वारा कराया जायेगा। अन्त्योदय राशनकार्डो पर 14 किग्रा0 गेहूँ तथा 21 किग्रा0 चावल (35 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (05 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति यूनिट के आधार पर निःशुल्क वितरण के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा ताकि उपभोक्ताओं में कोई भ्रम की स्थिति न रहें। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टविलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

किन्नर समाज ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कोंच अवधनामा संवाददाता। नगर ने किन्नर समाज ने बुधवार को प्रधानमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को सौंपते हुए मांग की है कि हमारे नगर के निवासियों के लिये रेलवे व्यवस्था की बहुत बड़ी समस्या है जिसके कारण नगर का विकास नहीं हो पा रहा है अगर कोंच एट रेल लाइन को कोंच से दिबियापुर जोड़ दिया जाए तो यातायात के साथ साथ नगर का विकास भी हो जाएगा वहीं कोंच नगर फ़ॉर लाइन या टू लाइन से भी बंचित है अगर यह सड़क ग्वालियर से जुड़ जाए तो कोंच का चहुमुखी बिकास हो जाएगा और नगर वासियों को यातायात की बेहतर सुविधाएं मिलने लगेंगी इस दौरान सलमा बाई सरोज बाई रुखसार शिवानी बाई सोनम कमला काजल वबली बाई आदि मौजूद रहीं।

कोतवाल व सीओ ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। आगामी लोकसभा के चुनावों की तैयारियों की शुरुआत हो गयी है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के पूर्व में रहे संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों का सी ओ व कोतवाल ने निरीक्षण कर बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है।तहसील क्षेत्र में 248 बूथ बनाये गये हैं। तहसील क्षेत्र में उरई जालौन विधानसभा क्षेत्र में 101 तथा कालपी विधानसभा के 147 बूथ बनाये गये। अभी तक संवेदनशील व अतिसंवेदनशील शील बूथों का निर्धारण नहीं हुआ है। चुनाव से पूर्व बूथों पर आवश्यक सुविधाएं मुहैया हो जाये। इसके लिए पुलिस व प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। सी ओ रामसिंह व कोतवाल विमलेश कुमार ने नगर के बड़े पोलिंग बूथों जालौन बालिका इंटर कालेज, पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका, छत्रसाल इंटर कालेज, प्राथमिक विद्यालय सुढ़ार सालाबाद के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पोलिंग बूथों के भवन की स्थिति, बिजली, पानी, दिव्यांगों के लिए रैंप, शौचालय के साथ सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया।

फर्जीवाडा कर जायदाद हड़पने वाले दो गिरफ्तार

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। पुलिस ने जमीन का फर्जी बैनामा तैयार करने और फर्जी आधार कार्ड सहित दो शातिर जालसाजो को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कमालगंज थाना पुलिस ने ग्राम नौगवां नसरतपुर निवासी सीवेंद्र राजपूत पुत्र सूरजपाल एवं थाना जहानगंज के ग्राम जलालपुर निवासी अमन कुशवाहा उर्फ पिन्ना पुत्र अशोक कुमार को गिरफ्तार किया। घटना के समय आरोपी आधार कार्ड का प्रतिरूपण कर फर्जी आधार कार्ड तैयार कर रहे थे। पुलिस ने मौके पर 15 आधार कार्ड लेमिनेशन व 7आधार कार्ड फोटो कापी व आधार कार्ड तैयार करने के उपकरण लेपटाप मय चार्जर, पिन्टर एचपी कीवोर्ड एवं माउस, मोबाइल सैमसंग, पैकेट लेमिनेशन एवं 12 बन प्लस फोटो सूट इंक जेट आईडी फोटो पेपर व 1850 रुपए मिले हैं अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि गांव नगरिया देवधरापुर निवासी पंजाबी पुत्र मैकूलाल की जमीन को हड़पने का प्रयास कर रहे थे। पंजाबी इस समय किसी अभियोग मे फतेहगढ़ जेल में आजीवन की सजा काट रहा है। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है, उसकी जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए उसका फर्जी आधार कार्ड तैयार किया था।

अग्निवीर के लिए युवा 22 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

मैनपुरी। भारतीय सेना ने युवा अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए पंजीकरण विंडो खोली है, इसमें जनपद के युवा अपना आवेदन कर सकते हैं, युवाओं की क्षमता को समाहित करने के लिए भारतीय सेना में 21 वर्ष आयु के युवा अपना पंजीयन 22 मार्च तक करा सकेंगे, अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं, 10वीं) और अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट-स्टोर कीपर टेक्निकल सहित विभिन्न भूमिकाओं के लिए पंजीकरण खुला है, इच्छुक युवक लिंक के माध्यम से अपनी वांछित श्रेणी में आवेदन करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों की अच्छी तरह से समीक्षा कर लें, नई भर्ती प्रक्रिया के तहत, उम्मीदवारों को रैली में भाग लेने के लिए सीईई मेरिट सूची में उत्तीर्ण होना और स्थान सुरक्षित करना होगा, इस प्रकार सभी उम्मीदवारों के लिए जेआईए वेबसाइट पर पंजीकरण करना और ऑनलाइन सीईई के लिए आवेदन करना अनिवार्य है, जो राष्ट्र की सेवा करने के उनके सपने की दिशा में महत्वपूर्ण पहला कदम है, पंजीकरण प्रक्रिया की रूपरेखा बताने वाला विस्तृत वीडियो जेआईए वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कतर से सैनिकों की रिहाई भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत, श्रेय पीएम को: वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। कतर से पूर्व सैनिकों की रिहाई भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। यह प्रधानमंत्री मोदी की सफल वैश्विक छवि का एक और प्रमाण है। उनकी अगुवाई में ही देश लगातार राजनीतिक व कूटनीतिक स्तर पर नई पहचान हासिल कर रहा है। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही।

उन्होंने कहा कि कतर की एक अदालत द्वारा संदिग्ध जासूसी के मामले में मौत की सजा सुनाए जाने के करीब साढ़े तीन महीने बाद जेल में बंद आठ पूर्व नौसैनिकों की रिहाई भारत के लिए 'बड़ी कूटनीतिक जीत' है। इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। दुनिया में कहीं भी, किसी भी भारतीय पर संकट आया हो, उनकी सुरक्षित स्वदेश वापसी पीएम मोदी की गारंटी है। सैनिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी का श्रेय भारत के प्रति दुनिया की दृष्टि बदलने वाले भारत के प्रधानमंत्री को ही जाएगा। उन्होने स्वदेश वापसी पर पूर्व नौसैनिकों का स्वागत करते हुए कहा कि जैसे ही हमारे नौसेना के दिग्गज भारतीय धरती पर लौटे तो उन्होंने इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उनके आभार के शब्द प्रधानमंत्री मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत के राजनयिक कौशल को रेखांकित करते हैं। भारतीयों के हितों की रक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता रही है।

स्कूली बच्चों ने मनाया विदाई समारोह

अवधनामा संवाददाता

महमूदाबाद/सीतापुर। तहसील क्षेत्र के सेमरी चौराहा स्थित संजू प्रजापति स्मारक इण्टर कॉलेज में 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सबका मन मोह लिया। एसडीएम शिखा शुक्ला एवं सीता रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन रमेश बाजपेई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कक्षा 12 के विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर के माथे पर रोली तिलक लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदाई दी। विद्यालय प्रबंधन की ओर से भोज का आयोजन भी किया गया। एसडीएम शिखा शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है इसमें अनुशासित ढंग से शिक्षा ग्रहण करकर ही विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यार्थी आपस ने प्रेम व सामंजस्य की भावना को और मजबूत करें। शिक्षा प्राप्त करने के दौरान किए संघर्षों के बारे में जब उपजिलाधिकारी ने सभी को बताया तो छात्र छात्राओं ने प्रेरित होकर प्रांगण को तालियों की गूंज से भर दिया। इस मौके पर भाजपा नेता मोहन बारी, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, कमलेश तिवारी, पप्पू रावत, लोकपति वर्मा, आलोक वर्मा सहित भारी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक भी मौजूद रहे।

दबंगो ने घर में घुसकर दम्पति व उसके बच्चों के साथ की मारपीट

कोंच अवधनामा संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री में दिन बुधवार को एक अजीबो गरीब मामला देखने को मिला जब एक पक्ष ने अशहाय लोगों के मकान पर जबरन कब्जा करने की नियति से दूसरे पक्ष की मारपीट कर दी जिसमें पीड़ित पक्ष लहूलुहान हो गया। घटना दिनांक 14 फरवरी 2024 समय करीब एक बजे दिन की है जब अरुण अनुरुद्ध पुत्र गण मनोहर मालती पत्नी मनोहर और उनकी दोनों पुत्री ग्राम पड़री में अपने मकान में भूसा डाल रहे थे तभी गांव के ही निवासी कुल्दीप प्रदुम्न व अभिषेक पुत्र गण परमेश्वरी दयाल रामश्री पत्नी परमेश्वरी दयाल परमेश्वरी पुत्र वालादीन सुलेखा पत्नी कुल्दीप और करन सिंह पुत्र वालादीन दबंगई दिखाते हुए बोले कि इस मकान में भूसा क्यों डाल रहे यह मकान हमारा है तो हम लोगों ने कहा कि यह हमारा बिरासतन मकान है तो उक्त लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी और छतों से गुम्मा मारकर घायल कर दिया इतना ही नहीं मालती व नेन्शी को पटक पटककर मारा जब पड़ोसियों ने बीच बचाव कराया तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए जिसके सम्बन्ध में पीड़ित पक्ष अरुण अनुरुद्ध निशा व नेन्शी कोतवाली अपनी शिकायत लेकर आयीं तो पुलिस ने प्रार्थना पत्र लिखवाने की बात कहते हुए उन्हें कोतवाली से चलता कर दिया जैसे ही मीडिया कर्मियों से पीड़ितों की बात हुई तो उनके आंखों से बेदना के आंसू बहने लगे और वह गरीबी का हबाला देते हुए बोले कि हमारे पास प्रार्थना लिखाने तक के पैसे नहीं है और कहते कहते उनका गला रुंध गया जब पुलिस ने कोतवाली गेट पर लगी भीड़ को देखा तब वह बाहर आये और पीड़ितों को अंदर ले गए जबकि पुलिस द्वारा पीड़ित के बोलने पर ही कोतवाली में प्रार्थना लिखने का नियम है।

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान में सरस्वती पूजन एवं काव्य गोष्ठी संपन्न

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का विधिवत पूजन किया गया एवम काव्य गोष्ठी का आयोजन संस्थान कार्यालय में किया गया। पूजन पंडित श्री रामजी अवस्थी द्वारा किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्री त्रिवेणी प्रसाद दुबे मनीष ने की। मुख्य अतिथि डॉ. सत्येन्द्र कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अलका शर्मा थीं। कुशल संचालन श्री मानस मुकुल त्रिपाठी मानस ने किया। कार्यक्रम का आरंभ डॉ. सुफलता त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना से हुआ। इस अवसर पर उक्त कवियों के अतिरिक्त सर्व श्री सुशील चंद श्रीवास्तव, डॉ. सीमा गुप्ता, इंद्रासन सिंह इन्दु, पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव, रेनू वर्मा रेणु, डॉ. उमेश आदित्य, श्रवण कुमार, डॉ. हरी प्रकाश हरि, विपुल कुमार मिश्रा, राजश्री दुबे, लीलाधर नायक, सुरेंद्र शर्मा, लोकेश त्रिपाठी, अमरेंद्र द्विवेदी, डॉक्टर दिनेश चंद्र अवस्थी, अनुराग सिन्हा, विजय कुमार शर्मा, मीना गौतम, बिलाल अहमद, विशाल यादव एवं डॉ. रश्मिशील आदि ने अपने अपने गीत, गजल, छंद, रचनाओं से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्थान की महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता द्वारा सभी सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया, उन्होंने कहा की मां सरस्वती की असीम कृपा से ही यह कार्यक्रम सफल हुआ। अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ साहित्यकार अनंत प्रकाश तिवारी द्वारा किया गया।

लोक भारती इंटर कॉलेज, गीता पल्ली, आलमबाग में बसंत पंचमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता दीक्षित ने सरस्वती पूजन किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक नमन दीक्षित भी उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा नोटिस सं. ईपीएस/56/2024

ईमेल पता- dycmmcb15@gmail.com

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	56236011	DYNAMIC BALANCING MACHINE 3000KG AS PER SPECIFICATION ATTACHED	01 Nos	14.03.24
02	56236012	DYNAMIC BALANCING MACHINE CAP-3000 KG, as per specification attached, sanctioned in M&P/2021-22 under GM power, item no LS49/3402	01 Nos	11.03.24

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 492/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

टी आर में झूमा बसंत, सरस्वती पूजन संग हुआ मातृ वंदन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। शहर के रसूलाबाद में ऐमी आलापुर स्थित टी आर

पब्लिक स्कूल में आज बसंत पंचमी तिथि के शुभ अवसर पर विद्यालय में पूरे उत्साह के साथ पीतांबरी रंग में झूमते हुए ऋतुराज बसंत का आगमन हुआ,विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा अपनी माताओं का चरण वंदना रही जिससे उपस्थित जनों के साथ साथ माताए भी भावुक हो गई तथा विद्यालय के द्वारा आयोजित इस संस्कारशाला को सराहनीय तथा सृजनात्मक कदम बताया।विद्यालय के प्रधानाचार्य डी एम त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ हरि प्रसाद दुबे सुविख्यात इतिहासकार,तथा विद्यालय प्रबंधक अजय दुबे जी ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें आगामी बोर्ड एवम वार्षिक परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रधानाचार्य डी एम त्रिपाठी ने बोर्ड में शामिल होने जा रहे समस्त परीक्षार्थियों के लिए आयोजित गुड लक पार्टी तथा विदाई समारोह में उन्हें आगामी भविष्य के लिए अनुशासित ढंग से जीवन मंत्र व प्रेरणा देते हुए नम आंखों से विदाई दी। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य बताते हुए उन्होंने टी आर के नए सत्र हेतु प्रवेश का भी शुभारंभ करते हुए प्रथम 51 होनहार छात्रों का निःशुल्क प्रवेश की घोषणा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के विद्या भूषण, राजेश मिश्रा, सौरभ बादल, प्रतिभा ,रूबी, ललिता, सरिता, आदि समस्त अध्यापक अध्यापिका सहित सभी छात्र छात्राओं तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

बिना लाइसेंस पानी का व्यापार

आखिर कौन देता है आरओ प्लांट का लाइसेंस लाइसेंस देने के नाम पर हर विभाग काट रहा कन्नी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। शहर में पानी की कालाबाजारी के साथ ही पर डे लाखों-करोड़ों रुपये का व्यापार हो रहा है। बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से आरओ प्लांट संचालित किए जा रहे हैं। वहीं जिम्मेदार विभागों का कहना है कि उन्हें नहीं पता है कि आरओ प्लांट संचालित करने का लाइसेंस किस विभाग द्वारा दिया जाता है। हर विभाग अपनी जिम्मेदारी से कन्नी काट रहा है, जिसका परिणाम ये है कि मानकों को पूरा किए बगैर आरओ प्लांट का बिजनेस चल रहा है। लोग प्रदूषित पानी खरीदकर पीने

मजबूर हो रहे है। जलकल विभाग के अफसरों का कहना है कि आरओ प्लांट संचालित करने के लिए लाइसेंस नहीं देता है, लेकिन कनेक्शन जरूर दे सकता है। आरओ प्लांट के लिए कमर्शियल वाटर कनेक्शन लेकर ही बिजनेस किया जा सकता है। आवासीय कनेक्शन पर प्लांट चलाना अपराध है। फूड अधिकारी को करनी है जांच आरओ प्लांट के लिए कई विभागों से एनओसी जरूरी होती है। बताया जाता है कि आरओ प्लांट लगाने के लिए 27 जांच रिपोर्ट लगानी होती है। इसके बाद ही प्लांट को शुरू किया जा सकता है। नगर निगम, खाद्य संरक्षा आयुक्त, उद्योग विभाग, पर्यावरण विभाग, जलकल विभाग व केंद्रीय उत्पाद विभाग से एनओसी लेनी जरूरी है। इसके बाद ही लाइसेंस जारी किया जाता है। प्लांट लगाने के ये हैं मानक आरओ प्लांट लगाने के लिए ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड लखनऊ (बीओआईएस) से अनुमति लेनी पड़ती है।बीओआईएस से अनुमति मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी लाइसेंस देते है। आरओ प्लांट की फर्म को सेल्स टैक्स देना पड़ता है। श्रम विभाग में प्लांट में काम करने वाले कर्मचारियों को रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है। आरओ प्लांट के पानी की हर माह जांच रिपोर्ट भेजनी पड़ती है। आरओ प्लांट चलाने के लिए कमर्शियल विद्युत कनेक्शन होना चाहिए। खाद्य उत्पाद में भारतीय मानक ब्यूरो से रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। आरओ प्लांट को रजिस्टर्ड कराने के लिए 27 तरह की जांच होती है। प्राविधान के अनुसार हर आरओ प्लांट में प्रयोगशाला के साथ दो केमिस्ट होने आवश्यक है, जो प्रतिदिन पानी की जांच करेंगे। लेकिन केमिस्ट व प्रयोगशाला तो दूर आरओ प्लांट के द्वारा पानी के खाली जारों की भी अच्छे से धुलाई नहीं की जाती। शहर में चल रहे एक भी आरओ प्लांट के पास भारतीय मानक ब्यूरो का एनओसी नहीं है। खाद्य सुरक्षा अफसरों की माने तो खाद्य विभाग द्वारा आरओ प्लांट लगाने के लिए लाइसेंस नहीं दिया जाता है, और न ही इनकी कोई जांच होती है। आरओ प्लांट का लाइसेंस जिला उद्योग विभाग द्वारा जारी किया जाता है। पैक ड्रिंकिंग वाटर की जांच खाद्य विभाग द्वारा की जाती है। आरओ प्लांट का रजिस्ट्रेशन हमारे विभाग में नहीं होता है। इसलिए शहर में इनकी संख्या कितनी है, इसकी जानकारी हमें नहीं हैं।

4 वर्ष पुराने जमीन विवाद को नायब तहसीलदार राम खेलावन ने पुलिस की मौजूदगी में खत्म करवाया

अयोध्या। तारुन थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर कमासिन गांव की है। जहां 4 वर्ष पूर्व से एक पक्ष की प्रभासिनी मिश्रा पुत्री राम नायक मिश्रा और दूसरे पक्ष के वंदना रंजन सविता प्रियंका सुशांत के बीच जमीनी विवाद को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर कई बार तहसील और थाना दिवस सहित अधिकारियों से शिकायत भी हुई। मामले की शिकायत प्रभासिनी मिश्रा ने उप जिलाधिकारी बीकापुर से किया । जिस पर बुधवार को मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार तारुन रामखेलावन ने राजस्व निरीक्षक राजेंद्र प्रताप सिंह, लेखपाल गुलशन कुमार सहित प्रभारी निरीक्षक थाना तारुन ओम प्रकाश राय उप निरीक्षक मुन्नीलाल चौधरी की मौजूदगी में दोनों पक्षों ने आपसी सुलह समझौता कर लिया।

अब अयोध्या में सुग्रीव पथ बनवाएगी योगी सरकार

अयोध्या। रामलला के दर्शन के लिए आने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए योगी सरकार ने रामलला के मंदिर तक एक नया पथ बनाकर आवागमन के मार्ग को सुलभ करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक नया कॉरिडोर बनाया जाएगा। सुग्रीव पथ के नाम से बनाए जाने वाले कॉरिडोर की लंबाई 290 मीटर रहेगी। यह हनुमानगढ़ी और राम मंदिर परिसर के बीच भक्तों के आवागमन के लिए एक आयताकार सर्किट के रूप मे बनाया जाएगा।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रतिदिन लगभग दो से ढाई लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन करने आते हैं। इसे लेकर आए दिन जाम की समस्या सामने आ रही है। इसे देखते हुए योगी सरकार ने अयोध्या में सुग्रीव पथ नाम से एक नए कारीडोर के निर्माण पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है।

स्वतंत्रता सेनानी स्व. धर्मराज के आदर्शो व व्यक्तित्व तथा कृतित्व से प्रेरणा लें समारोह पूर्वक स्वतंत्रता सेनानी बाबू धर्मराज सिंह के प्रतिमा का अनावरण हुआ

अवधनामा संवाददाता

पूरा बाजार- अयोध्या। मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने

स्वतन्त्रता सेनानी स्व बाबू धर्मराज सिंह की प्रतिमा का अनावरण द्वापर विद्यापीठ इंटर कॉलेज बरईपारा में किया इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने स्व धर्मराज सिंह को अपना मसीहा बताते हुए उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस अवसर पर पूर्व सांसद व विधानपरिषद सदस्य हरिओम पांडेय व पद्म सेन चौधरी प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह सह संघ चालक राकेश बहादुर सिंह भाजपा महानगर मंत्री स्वाति सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश पांडे बादल प्रबंधक द्वापर विद्यापीठ इंटर कॉलेज बरईपारा राजेश सिंह प्राइमरी शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ब्लॉक प्रमुख कप्तान सिंह प्रधानाचार्य सुनील कुमार द्विवेदी ने भी स्व धर्मराज सिंह के आदर्शो व व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के आयोजक स्व. धर्मराज सिंह के भतीजे दान बहादुर सिंह ने अतिथियों व आगंतुकों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता ध्रुव गुप्ता ने किया।

आभास कृष्ण बने समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के अनुमति से समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर आभास कृष्ण यादव कान्हा एवं समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष के पद पर जय सिंह राना को बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का धन्यवाद आभार व्यक्त किया । पार्टी के नेताओं ने दोनों युवाओं को जिम्मेदारी देने के लिए जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को फायदा मिलेगा। जिसमें मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव विधायक अभय सिंह पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव बीकापुर विधानसभा के प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव विशाल बर्मा लीलावती कुशवाहा महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव जिला महासचिव बख्तियार खान महानगर महासचिव हामीद जाफर मीसम चौधरी बलराम यादव दान बहादुर सिंह रक्षा राम यादव डॉ अनुराग यादव जेपी यादव गौरव पांडे महंत अनिल मिश्रा अंसार अहमद बबन जगन्नाथ यादव नंदकुमार गुप्ता नंदू आदि लोगों ने बधाई दिया।

इमाम हुसैन के जन्मदिन पर मनाया गया हुसैन डे

अवधनामा संवाददाता

असंद्रा बाराबंकी। मोहम्मद साहब के छोटे नवासे हज़रत इमाम हुसैन के जन्मदिन के अवसर पर मलका शॉपिंग कॉम्प्लेक्स असंद्रा बाज़ार में हुसैन डे के उनवान से नज़रे मौला और लंगर मार्केट के प्रोपराइटर मो.अकील जैदी (पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ सिद्धौर) और मो शमीम असंद्रा के सौजन्य से किया गया। जिसमें सर्वप्रथम नज़रे मौला हुई जिसको मौलाना ज़ायर आबिद साहब आलमपुरी और मौलाना अयाज़ हुसैन आलमपुरी दी उसके बाद लोगों में लंगर बांटा गया। मोहम्मद साहब के छोटे नवासे हज़रत इमाम हुसैन के जीवन पर रौशनी डालते हुए शौज़ब ज़ैदी ने लोगों को बताया कि इमाम हुसैन ने कैसे जुल्म को मात देकर इंसानियत को बचाया।

प्रोग्राम में राम सागर रावत पूर्व सांसद बाराबंकी ने सम्मिलित होगर लोगों को प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर इलाके सम्मानित लोगों में सफीर हैदर प्रधान अली अम्मार ज़ैदी बुरैर

हसन मो फारूक मुन्ना खां शहंशाह वलीनगर मुल्ला जी योगेन्द्र मधुप अब्बास हसन वसी ज़ैदी शिफाउल हसन अली जवाद ज़ैदी वकील खान अली जाफर ज़ैदी ज़ामिन आलमपुरी गौहर रज़ा मोहित यादव परवेज़ खान अब्बास अली अज़ीजुल हसन संतोष चौरसिया आदि के अलावा इलाके के सैकड़ों लोगों ने शिरकत की।

हुसैन डे में आने वाले सभी मुस्लिम और हिंदू भाइयों का आयोजक मो अकील ज़ैदी ने धन्यवाद व्यक्त करते हुए मुबारकबाद पेश की।

सांसद खेल स्पर्धाः कबड्डी में महराजगंज टाइगर्स व खो खो में आरके सनसाइज बना चैम्पियन

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। सासंद खेल स्पर्धा के विधानसभा स्तर प्रतियोगिता मे युवा खिलाड़ियों ने मैदान पर अपने प्रतिभा की चमक बिखेरी।खराब मौसम भी खिलाड़ियों के उत्साह को कम न कर सका। स्पर्धा के दूसरे दिन खेल मैदान पर दाव पेंच की जोर आइजमाइस देख दर्शक मुग्ध हो गये। स्पर्धा के दूसरे दिन उपजिलाधिकारी सदर.राकेश कुमार ने कबड्डी फाइनल मैच मे खिलाडियों का परिचय प्राप्त किया।स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिला जबकि प्रतिभाग करने वाले खिड़कियों को प्रमाण पत्र देकर उत्साहबर्धन किया गया।

सासंद खेल स्पर्धा के दूसरे दिन पुरुष वर्ग के कबड्डी खो खो वखलीबाल गोलाक्षेपण व लम्बीकूद का फाइनल मैच का आयोजन हुआ।स्पर्धा के दूसरे दिन सर्वप्रथम खो खो का फाइनल खेला गया

जिसमे आरके सनसाइन एकेडमी ने प्रिंस चैनपुर को 6-5से हराया।स्पर्धा में कबड्डी का पहला सेमीफाइनल बारुद गबडुआ व महराजगंज टाइगर्स के बीच खेला गया जिसमे महराजगंज टाइगर्स ने 27-14के अंतर से जीत दर्ज कर फाइल मे प्रवेश किया।कबड्डी का दूसरा सेमीफाइनल अम्बेडकर पिपरा कल्याण व डीएनआईसी चौक के बीच हुआ।जिसमे डीएन आईसी चौक ने 20-3से जीत दर्ज की।कबड्डी फाइनल का मैच डीएनआईसी चौक व महराजगंज टाइगर्स के बीच हुआ।महराजगंज टाइगर्स ने 19-8के अंतर से मुकाबला जीत कर विजेता बना जबकि डीएनआईसी चौक उपविजेता रहा।लम्बीकूद में शुभम शर्मा विजता व शिवम प्रजापति उपविजेता रहे।ऊंचीकूद में निकेश यादव विजेता व शेषमणि उपविजेता बने।गोलाक्षेपण मे विपिन मौर्य विजेता व आफताब आलम उपविजेता रहे।वालीबाल का फाइनल इस्लामिक क्लब गबडुआ व उस्मानी क्लब के बीच खेला गया।रोमाचक मैच मे फर्स्ट हाफ में इस्लामिक क्लब गबडुआ बढत पर रही लेकिन उस्मानी क्लब ने वापसी किया। आखिरकार मुकाबले को इस्लामिक क्लब गबडुआ ने11-18से जीत लिया।इस दौरान खेल संयोजक विन्ध्यवासिनी सिंह सहसंयोजक राजीव द्विवेदी युवा मोर्चा महामंत्री गोविंद जायसवाल अश्विनी पटेल डा टीएन गोपाल बीएन सिंह अनिरुद्ध निराला अखिलेश पाठक रामबचन यादव शैलेष पटेल पंकज मौर्य रितेश केसरवानी अजय श्रीवास्तव अविनाश चौधरी राजेश धारिया मुकेश कुमार अंनत यादव रवि यादव विवेक कुशवाहा आदि आयोजक व निर्णायक समिति के सदस्य मौजूद रहे।

परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास वितरित किया गया

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिक विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को विभिन्न परिषदीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट क्लास, डेस्कङ्कबेंच सहित मनोरंजक शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। जिलाधिकारी सबसे पहले चौक क्षेत्र में वनग्राम परसा सिहुली कंपार्ट नं. 26ङ्क27 में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया और विद्यालय को जिला प्रशासन की ओर से डेस्कङ्कबेंच भेंट की गई। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों के अनुरूप परिषदीय विद्यालयों में निजी विद्यालयों के समान आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की योग्यता में भी कोई संदेह नहीं है। इसके उपरांत जिलाधिकारी महोदय निचलौल ब्लॉक में मुसहर बस्ती डोमा खास

पहुंचे। यहां पर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी के साथ अनागबाड़ी केंद्र को बच्चो के लिए तैयार विशेष प्रकार के कुर्सी मेज और अन्य शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया। जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों ने बच्चों को उपहार और चॉकलेट भी वितरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया की जिलाधिकारी महोदय के प्रयास से परिषदीय विद्यालयों में डेस्कङ्कबेंच का वितरण कार्य आज से शुरू हो गया है। प्रथम चरण में 21 विद्यालयों में लगभग 1000 डेस्कङ्कबेंच का वितरण किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इन सुविधाओं से शैक्षणिक परिवेश बेहतर होगा, साथ ही स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को दूरस्थ शिक्षा भी उपलब्ध कराई जा सकेगी और उन्हें कंप्यूटर ज्ञान भी दिया जा सकेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि विशेष प्रकार कुर्सी मेज नन्हे बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित होंगे। यह एक नवाचारी प्रयोग है, जिसका लाभ अनिवार्य रूप से बच्चों को होगा।

इस दौरान एसडीएम निचलौल मुकेश सिंह, बीएसए श्रवण कुमार गुप्ता, डीपीओ दुर्गेश कुमार, बीडीओ मिठौरा राहुल सागर, बीडीओ निचलौल शमा सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में युवती की दर्दनाक मौत

पूरा बाजार- अयोध्या। थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत स्थानीय बाजार में ब्लाक चौराहे पर रोडवेज की बस व वाइक की टक्कर में वाइक पर सवार युवती की दर्दनाक मौत हो गई मृतक के पति रामानंद पांडे निवासी मानपारा ,मुखमुल थाना गोसाईगंज अयोध्या ने बताया कि मृतका रीता पांडे 45 वर्ष उनकी पत्नी है वह दोनों अयोध्या से दर्शन कर घर वापस आ रहे थे की पूरा बाजार के पास रोडवेज की बस में उन्हें टक्कर मार दिया जिससे वह रोडवेज के पहिए के नीचे आ गई और घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई बस चालक ने अपना नाम विनोद कुमार पांडे निवासी अमेठी ने बताया और कहा कि वह अकबरपुर डिपो की बस लखनऊ से चलकर आजमगढ़ जा रहे थे थाना अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है ड्राइवर व बस उनकी हिरासत में है घटना सायंकाल 4 बजे की है ।

विधि विधान से संपन्न हुआ सरस्वती पूजा

अवधनामा संवाददाता

महाराजगंज। शहर के बैकुंठपुर में स्थित हेरिटेज

इंटरनेशनल स्कूल में आज बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर स्कूल के प्रांगण में पूरे विधि विधान के साथ मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। बसंत पंचमी हिंदू धर्म के सबसे खास त्योहारों में से एक है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। यह त्योहार माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। हिंदू परंपराओं के अनुसार पूरे वर्ष को छह ऋतुओं में बांटा गया है, जिसमें वसंत को सभी ऋतुओं का राजा कहा जाता है।वही स्कूल के प्रधानाध्यापिका ने मां सरस्वती से बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चो में प्रसाद वितरण करवाई इस मौके पर स्कूल के तमाम बच्चो के साथ अध्यापकगण मौजूद रहे।

भाजपा के मिलन समारोह में हजारों लोगों ने थामा पार्टी का दामन

कुर्सी, जैदपुर और बाराबंकी विधानसभाओं में हुआ कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। मंगलवार को भाजपा के मिलन समारोह में हजारों लोगों ने पार्टी का दामन थाम लिया। इस दौरान दूसरे दलों के सभासद, पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल हुये। विधानसभावार आयोजित हुये मिलन सम्मेलन में पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में लोगों को सदस्यता दिलाई। भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित हुए मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भाजपा सभी को समाहित करने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास के साथ सबका विश्वास के मूल मंत्र पर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा में शामिल होने वाले लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है।उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत की साख दुनिया में बढ़ी है। कतर में फांसी की सजा पाए 8 पूर्व भारतीय सैनिकों की सोमवार को हुई सकुशल रिहाई को सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी का अंतराष्ट्रीय मंचों पर प्रभाव बताया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों से उन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने एवम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमर कसने का आह्वान किया। कुर्सी ,जैदपुर और बाराबंकी में आयोजित हुए मिलन समारोह में कुल 1378 लोगों ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा के जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख तेज प्रताप सिंह, सपा के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सज्जन लाल गुप्ता, शुक्लाई प्रधान मनोज यादव,सभासद ताम्र ध्वजानंद, शेखर बाल्मिकी, डॉक्टर पूनम गुप्ता, प्रीति यादव, प्रधान राम नाथ यादव, प्रथ्वीपाल यादव, अब्दुल समद, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद अफजल कुरैशी, मोहम्मद हसीब, अमरनाथ यादव, प्रधान देश राज रावत शामिल रहे। सभी को सांसद एवम जिला अध्यक्ष ने माला एवम पटका पहनाकर सभी को सदस्यता दिलाई। संचालन संदीप गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, डॉक्टर रामकुमारी मौर्य, विजय आनंद बाजपेई, रामेश्वरी त्रिवेदी, आशुतोष अवस्थी, रोहित सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, विष्णु प्रभाकर वर्मा, रंगनाथ त्रिपाठी मौजूद रहे।

भव्य कलश यात्रा निकाली गई

सूरतगंज, बाराबंकी। चौकी प्रभारी सतेंद्र कुमार पाण्डेय के प्रयास से कस्बा सूरतगंज चौकी के प्रांगण में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भारी संख्या पर पुरुष,बच्चे और महिलाएं शामिल हुए।तो गाजे-बाजे के साथ में निकली गई, यात्रा जयघोष करती हुई कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए बभनंवा सुमली नदी घाट पर पहुंची। जहां मंत्रोच्चार के बीच पंडित लवकुश शास्त्री ने कलश में जल भरवाकर यात्रा को पुनः चौकी के लिए रवाना किया।तो वहीं कलश यात्रा के बाद मंदिर परिसर पर पहुंचते ही प्रभु हनुमान की प्रतिमा के पूरी विधी विधानों से लवकुश कुमार शास्त्री ने प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराई। भंडारे का आयोजन भी किया गया। भंडारे में कस्बावासी ने प्रसाद ग्रहण किया है।वहीं इस मौके हनुमान आराधना व अष्टयाम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम मौके पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, संजय वर्मा, शबाब अहमद, एसपी सिंह, डीपी सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

अवैध निर्माण को लेकर वक़्फ़ बोर्ड ने अफसरों को भेजा पत्र, कार्रवाई के निर्देश

बाराबंकी। यूपी शिया सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक़्फ़ ने बाराबंकी में वक़्फ़ की ज़मीन पर अवैध निर्माण को लेकर डीएम एसपी समेत प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी को पत्र लिखा है और कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। हेड पोस्ट आफिस के सामने की वक़्फ़ अमजद अली खान की भूमि गाटा संख्या 186 को अवैध रूप से खरीदने और निर्माण कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है इस संबंध में यूपी शिया सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक़्फ़ ने बाराबंकी ने अवैध निर्माण को लेकर डीएम एसपी समेत प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी को पत्र लिखकर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है। वर्ष 1912 से रजिस्टर्ड वक़्फ़ अमजद अली खान रजि नंबर 1480 द्व की वक़्फ़ संपत्ति गाटा संख्या 186 मि जो लोक सम्पत्ति है। के संबंध में सेक्रेट्री सरवर अली रिज़वी की शिकायत प्राप्त हुई जो पत्र संलग्न है,जिसमें कहा गया है, प्रश्नगत वक्फ एवं उसकी सम्पत्ति कार्यालय बोर्ड के अभिलेखों में पंजीकृत है. जिसकी सुरक्षा एवं प्रबन्ध हेतु बोर्ड द्वारा प्रश्नगत वक्फ में सरवर अली रिजवी, को सचिव नियुक्त किया गया है।

हादसे में तीन युवक घायल, एक रेफर

सूरतगंज, बाराबंकी। अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से तीन युवक गंभीर रुप से घायल हो गए हैं।वहीं एक युवक को जिलास्पताल रेफर कर दिया गया है।तो दो युवकों का उपचार सीएचसी पर चल रहा है। मोहम्मदपुर खाला थाना के भिखारीपुर गांव के पास में बुधवार को लगभग दो बजे रामनगर के ओर से आ रही तेज रफ्तार की एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। तो इस हादसे में तीन युवक गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। घायलों की पहचान थाना रामनगर रानी द्वितीय मोहल्ले निवासी 17वर्षीय आलम पुत्र नसीर आलम और 18 वर्षीय सैफ पुत्र मेराज के साथ बीस वर्षीय आशिफ पुत्र जाफर को चोटे आई है। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सूरतगंज कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया है।जहां से आशिफ को जिलास्पताल के लिए रेफर किया गया है।वहीं शेष दोनों युवकों का उपचार सीएचसी पर जारी है।

हुसैन सारे ज़माने में छाए जाते है पर शायरों ने पढ़े कलाम

अंजुमन फरोग मातम के ज़ेरे निगरानी में बड़े इमामबाड़े में आयोजित हुआ महफ़िल ए नूर

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। हजरत इमाम हुसैन अस के जन्मदिवस पर मंगलवार शाम क्षेत्र के कस्बा हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी (बड़े इमामबाड़े) में महफिल-ए-नूर का आयोजन किया गया, जिसमें मुकामी शायरों के अलावा मुल्क के मशहूर व मारूफ शायरों ने भी शिरकत की और हज़रत इमाम हुसैन अस की शान में तरही कलाम व कसीदे पढ़े। महफिल का सिलसिला पूरी रात चलता रहा।

अंजुमन फरोग मातम के तत्वावधान में रात्रि करीब नौ बजे महफिल की शुरूआत शकील अहमद द्वारा तिलावते कलाम पाक से की गई जिसके बाद शादाब हल्लौरी ने नात-ए-पाक से महफिल ए नूर का आगाज किया। निजामत (संचालन) कर रहे अफसर मेंहदी व किरतास करबलाई ने महफिल की शुरूआत में ही एक से बढ़कर एक कलाम पढ़कर पूरा समां बांध दिया। हुसैन सारे ज़माने में छाए जाते है, मिसरे तरह पर हुई इस महफिल में मुकामी शायर बेताब हल्लौरी, शमशाद हल्लौरी, आले रज़ा, खुर्शीद जफर, सावन हल्लौरी, हसन जमाल, शबीह, अजीम सज्जादी, लकी, कामयाब, मीसम, खुलूस, शादाब, हानी आदि के अलावा मेहमान शायर शबरोज़ कानपुरी, सुहेल बस्तवी, मौलाना उम्मीद आज़मी, तनवीर जौनपुरी, मुंतज़िर जौनपुरी, जुहैर सुल्तानपुरी, शुजा उतरौलवी, अफ़ज़ल हुसैन अफ़ज़ल,अनवार हुसैन पारसा ने हज़रत इमाम हुसैन अस की शान में अपने अपने कलाम पेशकर खूब वाहवाही बटोरी।

मौलाना मोहम्मद अब्बास शाकिर व ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने अपनी तकरीर के ज़रिए हज़रत इमाम हुसैन अस की जिंदगी पर भरपूर रोशनी डाली। अंत में अंजुमन के सेक्रेट्री तसकीन हैदर ने आये हुए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

19, 20 एवं 21 को जिले में होगा जनपद स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। संसद खेल महाकुंभ के जनपद स्तरीय आयोजन को लेकर बुधवार को सांसद जगदम्बिका पाल के आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

सांसद खेल महाकुंभ आयोजन समिति की उपस्थिति में आयोजन समिति के अध्यक्ष सांसद जगदम्बिका पाल ने प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कहा कि तीसरे वर्ष सांसद खेल महाकुंभ के प्रथम चरण में जनपद के सभी शासकीय और शासकीय विद्यालयों के लगभग 5 हजार छात्र-छात्राओं ने निबंध, कला, चित्रकला और रंगोली जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया और और दूसरे चरण में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में लगभग 7000 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर एक नया कीर्तिमान बनाने का काम किया है।

बैठक का संचालन आयोजन समिति के सचिव डॉ अरुण कुमार प्रजापति ने किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि इस बार जिला स्तरीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता 19,20 एवं 21 फरवरी को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया है। जिसमें जनपद के विकासखंड स्तर पर विजेता उप विजेता टीम के साथ-साथ जनपद के होनहार खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे।

पुरैना में सरस्वती पूजन एवं मातृ सम्मेलन का आयोजन

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरैना बांसी बसंत पंचमी के अवसर पर बुधवार को सरस्वती पूजन एवम मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन हुआ।इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंजू अवस्थी, किरन मोदनवाल, पूनम जायसवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और छोटे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम बसंती गीत, होली गीत, नाटक, देवी गीत प्रस्तुत किया। जिसमे श्वेता यादव, आराध्या दिवेदी, महिमा, तान्या, प्रियांशी, अरनव आदि का कार्यक्रम बड़ा सराहनीय रहा।इस अवसर पर लोगो ने बच्चों के विकास में आने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य संतोष श्रीवास्तव, वीरेन्द्र कुमार सिंह, शूभनाथ पांडे, लोकेश, दीनानाथ, उमेश का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अंगद प्रसाद पाठक ने बालक के विकास में आने वाली कठिनाई को दूर करने का निराकरण किया और आए हुए सभी लोगो के प्रति आभार प्रकट किया।

सीसीटीवी की निगरानी में मदरसा बोर्ड की परीक्षा

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। मदरसा बोर्ड की परीक्षा मंगलवार से जिले के विभिन्न केन्द्रो पर चल रही है यह परीक्षा 19 फरवरी तक चलेगी। क्षेत्र के आशा गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को दोनों पाली मिलकर 24 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया है। इस केंद्र पर चार मदरसों के छात्र-छात्राओं की परीक्षा संचालित हो रही है। कस्बे के आयशा गर्ल्स कॉलेज में उम्मे सलमा गर्ल्स कॉलेज, निसवा कालेज बनगवा, जामिया तुस्सालिहात बांसी तथा आयशा गर्ल्स कॉलेज नरकटहा के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। आज प्रथम पाली में 228 तथा द्वितीय पाली में 236 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, प्रथम पाली में 15 और द्वितीय पाली में 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आइसा गर्ल्स कॉलेज बांसी को जिले का संकलन केंद्र भी बनाया गया है। विद्यालय के प्रबंधक अब्दुर्रहीम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सीसीटीवी कैमरे की निगरानी मे परीक्षा कराया जा रहा है।

पुलिस ने संलिप्त अभियुक्तों को लिया गिरफ्त में

अंबेडकरनगर। टांडा थाना इलाके के सकरावल एकता मैदान में बुधवार की सुबह मिले अज्ञात शव की पुलिस ने मात्र चन्द घंटों में शिनाख्त ही नहीं की, बल्कि हत्या का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रुट मार्च किया। बता दें कि टांडा थाना इलाके के सकरावल एकता मैदान में बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ एक 20 वर्षीय युवक का शव देखा। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस कप्तान डॉ कौस्तुभ ने बताया कि मंगलवार की रात्रि गुफरान नामक लड़के ने टांडा कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि उसे सलाहुद्दीन ने चाकू मार कर घायल कर दिया। पुलिस ने गुफरान को मेडिकल के लिए भेज दिया।

छुट्टा जानवरों से किसान परेशान रात मे भी खेतो की करते हैं रखवाली

बस्ती अवधनामा संवाददाता। जनपद के विक्रमजोत ब्लॉक अंतर्गत जितियापुर गांव मे आवारा पशु किसानों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं. खड़ी फसलों को देखते ही देखते चट कर जाते हैं. आलम यह है की रात रात भर किसानों को खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है, इस समय गेंहू और सरसों की फसल किसानों ने खेतों में लगाई है. किसानों द्वारा लगाई गई गेंहू की फसल तैयार हो चूके है. वही सरसों की फ़सल भी फूल दे चुके हैं. लेकिन आवारा पशु बड़े पैमाने पर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. सर्दी कोहरे के मौसम में किसान अपने खेतों में अलाव जला कर रात में फसलों की रखवाली को मजबूर हैं। किसान नंदकिशोर तिवारी का कहना है की गेहूं की फसल को दर्जनों की संख्या में छुट्टा पशु खेतों में घुस कर फसलों को भारी नुकसान कर रहे हैं, किसानों का दर्द है की छुट्टा पशुओं की वजह से फसल बर्बाद हो रही है. जहां एक बीघा में 5 से 6 क्विंटल गेंहू होता था. उस खेत में 2 से 2.5 क्विंटलबीघा गेहूं की पैदावार होना मुश्किल है. किसानों की फसलों की लागत भी निकलनी मुश्किल हो जाएगी। शिकायत के बाद भी नहीं मिली राहत किसान राम भरोसे ने बताया कि प्रदेश सरकार ने छुट्टा पशुओं के लिए कई योजना बनाई है. जगह जगह गौशाला बनाया गया है. लेकिन छुट्टा पशुओं से किसानों को निजात नहीं मिल रही. और सफाई कर्मी को भी गांव मे आजतक हम लोग किसी सफाई कर्मी को भी नही देखे और इस मामले मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत किया हूं जीतियापुर गांव निवासी राजेश तिवारी , विकाश तिवारी और नितेश तिवारी, दिनेश, विजय शंकर आज ग्रामीणों ने बताया कि भले ही सरकार साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे रही है लेकिन हमारे गांव में कोई भी सफाई कर्मी भी नहीं तैनात है और हम लोगों को रात और दिन में खेतों के रखवाली करते परेशान पत्रकार ने जब खंड विकास अधिकारी विक्रमजोत ने बताया कि टीम बनाकर पकड़वाएगे लेकिन जमीनी स्तर पर छुट्टा जानवर किसान की फसल बर्बाद करने पर उतारू है।

बच्चों के चतुर्दिक विकास में माताओं की होती है अहम भूमिका : सुनील अग्रहरि

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। बच्चों के चतुर्दिक विकास के लिए तथा उन्हें नियमित करने के लिए समय की प्रतिबद्धता होनी चाहिए, बच्चे की अच्छी जानकारी, अच्छा संस्कार होने की अपेक्षा हम सभी रखते है। इस आधुनिकता के दौर में घर पर तथा बाहर बच्चे के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है तथा बच्चों के चतुर्दिक विकास में माताओं की भूमिका अहम मानी जाती है।

उक्त बातें दयानन्द एवम आर्यकन्या विद्यालय के प्रांगण में आयोजित मातृ सम्मेलन कार्यक्रम को बतौर अतिथि चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कही। उन्होने कहा कि किसी दूसरे को नसीहत देने से पहले स्वयं मे सुधार की आवश्यकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के व्यवस्था प्रभारी बीपी त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि किशोरावस्था में बच्चे अपरिपक्व होते है इसी समय बच्चो को विशेष देखरेख करने की आवश्यकता है। हमें बच्चों को मानसिक रूप से समझाने, प्रेरित करने व बच्चे के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। स्वाध्याय के लिए अभिभावकों को बच्चे के प्रति ध्यान देने की जरूरत है। बाल्यावस्था से ही बच्चों के हरेक क्रिया कलाप पर बारीक निगाह रखें। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सोशल मीडिया पर कटाक्ष, विद्यालय के छात्रों द्वारा सूर्ययान, चंद्रयान तथा अग्नि मिसाइल के प्रोजेक्ट की प्रस्तुति कौतूहल का विषय बना रहा। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नेपाली गीत ने जबरदस्त वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम को प्रधानाचार्या श्रीमती शीला पाण्डेय, सभासद निजाम अहमद, अरविंद झा आदि ने भी संबोधित करेंगे। संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जुग्गीराम राही ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य एसपी निगम, अतुल शुक्ला, मनोज त्रिपाठी, राम बरन यादव, लवहर राम, दीपक अग्रहरि, राजेश कुमार, जनार्दन प्रजापति, जैसराम प्रजापति, राम रूप पाण्डेय, वीरेन्द्र पाण्डेय, प्रभू दयाल, सुधीर पाठक, राजेश त्रिपाठी, रेणुका श्रीवास्तव, रीता शाही, कृष्णा सैनी, वर्षा वर्मा, नीलम गुप्ता, शिवानी मोदनवाल, प्रतिभा पटवा, सोनिया यादव आदि सैकड़ों मातृ शक्तियां मौजूद रहीं।

पूर्व मंत्री राम अचल राजभर का किया गया स्वागत

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। पूर्व मंत्री राम अचल राजभर के नगर आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अगुवाई मे बुधवार की शाम पेट्रोल पंप तिराहे पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व मंत्री राम अचल राजभर अपने निजी कार्यक्रम के तहत एक शादी मे शामिल होने आये थे यह जानकारी होने पर पूर्व नपा अध्यक्ष मोहम्मद ईदरीश पटवारी, एडवोकेट रामकृपाल मौर्य, सैयद मो कुतुब, नगर अध्यक्ष कपिलदेव, अरुण गुप्ता, बरकत अली राईनी सहित काफी संख्या मे कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप तिराहे पर पहुंचकर उनका स्वागत किया।

किसी प्रकार की अफवाह का तत्काल खण्डन करायें

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा शुचिता, पवित्रता, गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता के साथ नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने सभी मजिस्ट्रेट तथा केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया है। राजकीय बालिका इण्टर कालेज सभागार में आयोजित परीक्षा तैयारी बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी 122 परीक्षा केन्द्र पर अवस्थापना सम्बन्धी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाय, सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखे जायें तथा विधि व्यवस्था के अनुसार परीक्षा सम्पन्न करायी जाये।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर परीक्षाकक्ष एवं स्ट्रांग रूप में लगे वायस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर में रिकार्डिंग क्षमता कम से कम 30 दिनों तक अनिवार्य हैं। प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाओं के सुरक्षित रखरखाव के लिए लोहे की डबल लॉकयुक्त दो-दो आलमारियों की अलग-अलग व्यवस्था होगी। शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था रखें तथा शौचालय की नियमित सफाई करायें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सशस्त्र पुलिस बल की व्यवस्था रहेगी। प्रश्नपत्र स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं बाहरी केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में ही डबल लॉक आलमारी में सील कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की चाभी केन्द्र पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास सुरक्षित रहेगी। परीक्षा के दौरान जनपद में धारा 144 लागू कर दी गयी है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि कन्ट्रोलरूम सक्रिय रखें, सोशल मीडिया पर निगरानी रखें तथा किसी प्रकार की अफवाह का तत्काल खण्डन करायें।

सपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में जन पंचायत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु सेक्टर नंबर 1 गनवरिया में बुधवार को समाजवादी पीडीए जन पंचायत चौपाल कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव जी की अगुवाई में संपन्न हुई। पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने किया। जन पंचायत में सपा नेताओं ने कहा कि जन विरोधी भाजपा का सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास का नारा एकदम झूठा एव छलावा है भजपा सरकार ने साथ तो सबका लिया लेकिन विकास सिर्फ देश के पूंजी पतियों का ही किया इन्हे आम जनता के हितों से कुछ भी लेना-देना नहीं है पूरा देश और प्रदेश महंगाई की मार से कराह रहा है बेरोजगारी भ्रष्टाचार पुलिसिया अत्याचार के साथ-साथ सबसे ज्यादा दलित और पिछड़ों के उत्पीड़न के घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है आज ही के दिन 5 वर्ष पूर्व 14 फरवरी को पुलवामा हमला हुआ था और उसमें हमारे देश के 42 जवान शहीद हो गए थे पूरा 5 साल बीत जाने के बाद भी देश के सामने सच नहीं आ पाया देश की जनता जवाब चाहती है आज देश का संविधान खतरे में है अब देश का पिछड़ा और दलित जाग चुका है समाजवादी पार्टी पूरे जनपद ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर पीडीए चौपाल के माध्यम से भाजपा सरकार की जन विरोधी गरीब विरोधी पिछड़ा विरोधी दलित विरोधी और किसान विरोधी नीतियों को उजागर करने का काम कर रही है। 2024 का लोकसभा चुनाव सरकार बनाने का नहीं बल्कि देश और संविधान को बचाने का चुनाव है। जन पंचायत में पूर्व ब्लॉक प्रमुख समाजवादी पार्टी अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप पथरकट समाजवादी चिंतक विचारक वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष अनूप यादव रामसेवक लोधी चंद्रहास यादव अखिलेश मौर्या सेक्टर प्रभारी मोहम्मद मुस्तकीम अब्दुल कलाम खान अब्दुल सलाम खान मोहम्मद मुकीम शाहबाज आलम आदि सपा नेता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

महेन्द्र श्रीवास्तव ने मांगी डबल डेकर बसों की जानकारी

बस्ती। उ.प्र. कांग्रेस के सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश महासचिव महेन्द्र श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी से जनसूचना अधिकार के तहत 6 विन्दुओं पर जानकारी मांगी है। महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा सभी सूचनायें व्यापक जनहित में हैं और आरटीओ महकमे के भ्रष्टाचार से जुड़ी हैं। कूटरचित नाम व पते पर डबल डेकर बसें धड़ल्ले से सेचालित की जा रही हैं। महकमे के अधिकारी अवैध रूप से संचालित बस मालिकों के खिलाफ कार्यवाही की बजाय उन्हे प्रश्रय दे रहे हैं। उन्होने कहा बस मालिकों की मोटी कमाई में महकमे के अफसरों का भी हिस्सा है इसलिये आपसी मिलीभगत से अवैध संचालन को बढ़ावा मिल रहा है। महेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा मांगी गई सूचना में पंजीकृत डबल डेकर बसों की सूची, कहां से कहां तक संचालित की जा रही हैं, किस श्रेणी का परमिट जारी किया गया है, 2019 से 31 दिसम्बर 2023 तक कितनी डबल डेकर बसों का चालान किया गया है, विभाग द्वारा इन बसों का कितनी बार निरीक्षण किया गया है साथ ही कितनी बसों का फिटनेस वैध है से जुड़ी जानकारियों मांगी गई हैं।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा 22 से शुरू

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 22 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा से पहले बुधवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के प्रश्नपत्र भी कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंची। प्रश्नपत्रों को अलग-अलग कमरों में सुरक्षित रखवाते हुए पुलिस के देखरेख और सीसीटीवी कैमरे के जरिए पैनी नजर रखी जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने जीआईसी नौगढ़ पहुंचकर प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने के लिए निर्धारित कमरों का निरीक्षण किया। प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने के लिए कई निर्देश दिए। डीआईओएस ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पांच सीसी कैमरों की व्यवस्था की गई है। इसे अलग-अलग स्थानों पर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यालय पर जिला कट्रोल रूम बनाया गया है। जहां नौ लैपटाप के जरिए जनपद के 114 परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मानीटरिंग होगी। संचालन के लिए बेसिक शिक्षा के सहायक अध्यापक वीरेंद्र शर्मा, मनोज कुमार, महेंद्र कसौंधन, अजीत कुमार, सुनील कुमार, उत्कर्ष श्रीवास्तव, विष्णु प्रताप त्रिपाठी, खुर्शीद आलम, प्रवीण कुमार मिश्र, वेद प्रकाश, वैभव श्रीवास्तव, उपेंद्र सिंह, अमित जायसवाल, अरूण कुमार, अनुदेशक हरिशंकर गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई है।

बैंक में नगदी न मिलने से उपभोक्ताओं में नाराज़गी

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। बैंक ऑफ़ बड़ौदा सिकंदरपुर की शाखा में उपभोक्ताओं को नकदी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। यहां कतार में घंटों खड़े होने के बाद भी मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। अन्य कार्यों के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ता है जिससे खाताधारकों में नाराजगी है।शादी विवाह का सीजन चल रहा है। ऐसे में जरूरी सामान की खरीदारी के लिए लोगों को नकदी की सख्त जरूरत है। वही बैंक ऑफ़ बड़ौदा सिकंदरपुर की शाखा में पिछले करीब 10 दिनों से नकदी की किल्लत बनी हुई है। यहां घंटों कतार में खडे होने के बाद भी अक्सर लोगों को रुपए नहीं मिल पाते उपभोक्ताओं को बैंक में जमा व निकासी के लिए कर्मियों की लापरवाही के चलते पूरा दिन बर्बाद होता है। बैंक में अव्यवस्था से खेतिहर किसान, व्यापारी, बाजार वासी व स्कूल के लोग सभी परेशान हैं। पवन सोनी, संतोष सिंह, राजन उपाध्याय, विवेक उपाध्याय, प्रेमचंद सोनी, हैदर रजा, अली आदि आदि ने कहा कि बैंक में छोटे से छोटे काम के लिए भी पूरा दिन बर्बाद होता है। यहां कभी नेटवर्क की समस्या रहती है तो कभी बैंक में रुपए नहीं रहते। वही बैंकिंग कार्य के दौरान अक्सर बैंक कर्मी फोन पर ही बात करते नजर आते हैं। जिससे उपभोक्ताओं का बेहद कीमती समय बेवजह बर्बाद होता है। मुस्लिम भाइयों का शब-ए - बारात का त्योहार काफी नजदीक है। ऐसे में यदि यही हाल रहा तो उनके सामने समस्या खड़ी होगी वही वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अनिल सिंह का कहना है कि जल्द ही नकदी पैसा मंगाया जाएगा जिससे कि लोगों को दिक्कत ना हो।

मेधावी छात्र और छात्राओं को साइकिल देकर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र में न्यू पब्लिक स्कूल महमुदवा ग्रांट अतरी बाजार शोहरतगढ़ में बुधवार को बसंत पंचमी कार्यक्रम के अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल व एक जोड़ी डेस देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ने कहा कि बच्चों को अच्छे अंक प्राप्त में टाइम टेबल, एकाग्रता और अनुशासन का बहुत महत्व है।

जो बच्चे इन तीन बातों के साथ अपने बड़ों एवं गुरुजनों की आज्ञा का पालन करते हैं, वे अपने जीवन में कभी असफल नहीं होते। आये हुए मुख्य अतिथि राजेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक दिनेश कुमार व द्वारिका प्रसाद ने अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए छात्र छात्रों को बधाई दी।

विद्यालय की टापर प्रथम लाली निषाद पुत्री बुद्धनाथ निषाद, द्वितीय अविनाश यादव पुत्र राजेंद्र यादव, तृतीय संतोष कसौधन पुत्र पशुपति कसौधन, कादिर खान, रागिनी मौर्या पुत्री विरेन्द्र मौर्य को न्यू पब्लिक स्कूल महमुदवा ग्रांट अतरी बाजार शोहरतगढ़ में अच्छे अंक प्राप्त करने पर साइकिल व डेस देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र, राजेंद्र यादव, दिनेश कुमार, द्वारिका प्रसाद, राकेश राज,सुग्रीव यादव, हरिओम, बजरंगी लाल,चंद्रभान, अवधेश पाल, गणेश मिश्रा, ओमप्रकाश गुप्ता,रामनरेश मौर्य,व विद्यालय के शिक्षक राधेश्याम यादव, राजकुमार, विश्वनाथ गिरी, शिव बालक यादव, नंदकिशोर यादव, राम तीरथ, रोहित कुमार, सुनील कुमार,अशोक कुमार, सुशील कुमार, विजयलक्ष्मी मौर्या, सुबिन्द्रा वरुण, झब्बू राम यादव, रेशमा सुभावती, सोना देवी, कान्ती, अकालमती, कृष्ण चंद्र, विरेन्द्र यादव, अनिल, भोला आदि मौजूद रहे।

पीएम श्री विद्यालयों के बच्चों के लिए आयोजित होंगे विशेष कैंप

सिद्धार्थनगर। समग्र शिक्षा के तहत पीएम श्री स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए तीन स्थानों पर विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। पहला कैंप गुरुवार को ब्लाक संसाधन केंद्र बांसी में आयोजित होगा। दूसरा कैंप शुक्रवार को ब्लाक संसाधन केंद्र इटवा में आयोजित होगा जबकि 20 फ़रवरी को ब्लाक संसाधन केंद्र नौगढ़ में कैंप आयोजित किया जाएगा। इसमें कक्षा एक से 12 तक अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों का परीक्षण कर मानक के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाए जाएंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैम्प में चिकित्सकों और अन्य स्टाफ की ड्यूटी तय कर दी गई है। जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) करुणापति त्रिपाठी ने बताया कि इसी वर्ष सितंबर महीने में प्रत्येक बीआरसी पर शिविर लगा कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए गए थे।

डीपीआरओ की कार्यशैली पर उठे सवाल

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। विकास खण्ड टांण्डा में पूर्व में दो गमन के आरोपी ग्राम सचिव के ऊपर डी. पी .आर. ओ के द्वारा किए गए थे कार्यवाही ग्राम सचिव रविन्द्र देव यादव एवं ग्राम सचिव मांडवी उपाध्याय के ऊपर किया गया डी पी आर ओ के द्वारा किए गए कार्यवाही पर उठे सवाल ग्राम सचिव रविंद्र देव एवं मांडवी उपाध्याय ग्राम सचिव क्लस्टर ग्राम पंचायत जर्नादनपुर, अमिया वावनपुर, पिपरी सैदपुर, मोहिउद्दीनपुर, आलमपुर धनौरा जांच में रूपया 2220 517.96 दोषी पाई गई थी मांण्वी उपाध्याय। दोनों लोग सरकारी धन को गमन किए थे जांच में भी सिद्ध हो गया था और डी. पी. आर .ओ के द्वारा दोहरी नित अपनाई गई वहीं पर ग्राम सचिव रविंद्र देव यादव के ऊपर धन गमन की वसूली एवं 409 के धारा के तहत एफआईआर दर्ज करवाएंगे वहीं पर मांडवी उपाध्याय ग्राम सचिव के ऊपर सरकारी धन गमन किए हुए की वसूली ही किया गए। आखिर डी पी आर ओ। मांडवी उपाध्याय के ऊपर कृपा क्यों बसाई क्या लक्ष्मी का हुआ चढ़वा आखिर दोषी दोनों ग्राम सचिव बराबर के थे। आखिर डी. पी. आर. ओ को कितनी पावर दे दी गई । की जिसके ऊपर चाहे उसके ऊपर कारवाई कर सकते हैं और जिसको चाहे उसको क्लीन चिट दे दें। ऐसा लगता है अम्बेडकर नगर में जितने सरकारी धन गण किए गए आज वह प्रमोशन होकर अम्बेडकरनगर जिले में चयनित हैं क्या डी पी आर ओ को लक्ष्मी जी का चढ़या चढ़वा गया? जिनका प्रमोशन हो गया आखिर किस कानून में लिखा गया की सरकारी धन गमन करने वालों को प्रमोशन कर दिया जाए क्या डी. पी. आर.ओ संविधान ने नहीं पढ़ा है। आखिर डी.पी.आर.ओ किस स्कूल में लगाने फिलहाल देखना यह होगा की ग्राम सचिव मांडवी उपाध्याय के ऊपर एफआईआर दर्ज करवाने में डी.पी.आर.ओ सफल होंगे या फिर क्लीन चिट।

मनाया गया हज़रत इमाम हुसैन अस का जन्मदिन

जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का जन्मदिवस नगर एवं आस पास के क्षेत्रों में विभिन्न अंजुमनों एवं संगठनों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर नगर के जाफराबाद मोहल्ला स्थित बड़े इमामबाड़ा में अंजुमन अब्बासिया के बैनर तले जश्न शहंशाह-ए-कर्बला का आयोजन किया गया। देर रात्रि तक चले तरही महफिल-ए-मकासिदा में फिदवी लखनवी, वहदत जौनपुरी, नकी बनारसी, क़ायम आज़मी यावर उन्नावी, अबुल हसन नक़वी,आजाद परिंदा,मौलाना रमजान अली,रहबर सुल्तानी,अंसर जलालपुरी, अज़हर कायमी समेत अन्य शायरों ने अपने कलाम से हज़रत इमाम हुसैन के व्यक्तित्व पर कसीदा पढ़ा।

पांच भारत रत्न कुल 53

मोदी ने अब तक पांच लोगो को भारत रत्न से नवाजा है। सभी की जाति प्रदेश और पार्टी अलग अलग है। अब तक भारत रत्न इस पांच संहित 53 लोगो को मिल चुका है। एक साथ इतने भारत रत्न पहले कभी नहीं दिया गये। लोगो का कहना है कि आम चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिये इतने लोगो को सर्वोच्च सम्मान दे रहे है। पहली बात अच्छा कार्य किसी बहाने हो अच्छा ही कहा जायेगा। दूसरी बात यह है कि जिन लोगो को मोदी ने चुना है उनका देश और समाज के लिये बड़ा योगदान है। किसी को नहीं कहा जा सकता कि इस सम्मान लायक नही है।

पीवी नरसिंहा राव ने अपने वित्तमंत्री मनमोहन सिंह के साथ उदारीकरण करके पार्मिट कोटा राज से मुक्ती दिलाते हुये अन्तरराष्ट्रीय प्रतिबन्ध हटाकर भारत के व्यापार स्थिति को सुधारा और उस समय विदेशी मुद्रा का भारत में अकालन हो गया था एकाएक उसका भन्डार भर गया यथावत चल रहा है। चौधरी चरण सिंह सिद्धान्तवादी नेता थे किसानों के मसीहा माने जाते है। स्वामी नाथन ने भारत की अन्न समस्या हल करवा दी थी। उदारीकरण में मनमोहन सिंह का योगदान नहीं भुलाया जा सकता है उन्हें भी इस सम्मान से सम्मानीत कर उनके कार्य के प्रति अभार दर्शाना अच्छा होता। यह व्यक्तिगत विचार है।

यह जरूर है कि मोदी द्वारा घोषित रत्न का सन्देश बहुत स्पष्ट है। पर पुरानी मान्यता है राजनीति साम, दाम, दन्ड, भेद सब चलता है। अच्छे कामों के माध्यम से कोई लोकहित का मिशन पूरा करना निन्दनीय नहीं हो सकता है। मोदी ने जो पांच भारत रत्न अभी दिये है उनका विश्लेषण करे तो कोई अनुचित धारणना ही बनती है। सभी सुयोग्य लोग है उनके सम्मान से भारत रत्न का ही सम्मान बढ़ा है।

कपूरी ठाकुर पिछड़ी जाती के बिहार के मशहूर नेता था उनकी राजनीति सेवा भुलाई नहीं जा सकती। उनके सम्मान से प्रभावित हो नितीश ने लालू की पार्टी से किनारा कर मोदी पार्टी का हाथ पकड़ लिया। अडवानी जिन्होंने राम रथ निकालकर राम से इतना भावनात्मक लगाव पैदा कर दिया कि उसके फ्लस्परूप अयोध्या राम मन्दिर का सपना साकार हो गया। अडवानी जनसंघ के पुरोधा ज्यो संघ वालो को स्पष्ट सन्देश मोदी के पक्ष में गया है।

नरसिंहा राव जिन्हें उदारीकरण से भारत का नक्शा बदला उस समय की कांग्रेस ने उन्हें कभी मनसे नहीं अपनाया न तो उनका सम्मान दिया। यहां तक की मरने के बाद उनको दिल्ली में अन्तिम क्रिया के लिये अनुमति नहीं दी। ह्दयहीनता की हद है। नेहरू, इन्द्रा, राजीव को कांग्रेस ने भारत रत्न दिया, नरसिहा राव को इससे मरहूम रक्खा। चौधरी चरण सिंह को मिला सम्मान किसानों का सम्मान है। अल्पकालिक प्रधानमंत्री अगर कुछ अवधि तक बने रहते तो किसानों की हालत काफी सुधार दिये होते। चरन सिंह के पोते इतने प्रभावित हुये कि सपा का साथ छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। प्रतिद्वन्दी दोस्त बन जाये इससे अच्छे कार्य की कसौटी क्या हो सकती है। स्वामीनाथन हरित क्रान्ति के जन्मदाता जिन्होंने भारत के कृषि की दशा को सुधारते हुये किसानों में भी हरित क्रान्ति ला दी उन्हें तो बहुत पहले यह सम्मान मिल जाना चाहिये था। सम्मान के लिये चुने व्यक्तियों के सन्दर्भ में उत्तर दक्खिन, पूरब, पश्चिम का लोग उल्लेख कर रहे है पर यह सम्मान प्रान्तवाद से ऊपर उठ एक देश का सन्देश देता है।

कुछ लोग कह रहे है इतने लोगो के एक साथ सम्मान देकर सर्वोच्च सम्मान की कीमत कम की जा रही है। यह दलील गले के नीचे नहीं उतरती। अगर ज्यादा लोग फर्स्ट डिविजन पायेगे तो क्या इसलिये कुछ लोग को नकारा जायेगा कि ज्यादा लोगो को फर्स्ट डिवजन देने से डिविजन की कीमत कम हो जायेगी। उन्हें सोचना चाहिये सम्मान लोगो के लिये होते है लोग सम्मान के लिये नही होते है। यह सत्य है कि मोदी का स्वयम् मास्टर स्ट्रोक बन गया है। पर यह तो काम करने की अच्छाई है बुराई नही। सभी सम्मानितों को बधाई।

संसदीय और विधानसभा चुनाव देशभर में एक ही साथ होने चाहिए

हिन्दुस्थान एक ऐसा देश है जहाँ हर वर्ष कहीं न कहीं चुनाव होते ही रहते हैं। हमने विद्यार्थी जीवन में पढ़ा है कि हिन्दुस्थान उत्सव, त्यौहारों का देश है। यदि कहा जाये कि त्यौहारों के साथ-साथ यह चुनावी उत्सवों का भी देश है तो गलत नहीं होगा। जनसंख्या के आधार पर विश्व का दूसरा सबसे बड़ा 28 राज्यों वाला देश हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनावों की तैयारी में व्यस्त रहता है। जिस कारण देश का बहुत सा धन, समय, ऊर्जा चुनाव संपन्न कराने में व्यतीत हो जाता है। प्रतिवर्ष जो कर्मचारी चुनाव संपन्न कराने की व्यवस्था में ड्यूटी करते हैं उनके मूल विभाग के कार्य पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। देश की सज्जन व दुर्जन शक्तियां प्रतिवर्ष एड़ी-चोटी का जोर लगाकर मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं फलस्वरूप दुर्जन शक्तियों की सक्रियता के कारण समाज में भय का वातावरण दिखाई देता है। प्रतिवर्ष चुनाव होने के कारण भ्रष्टाचार भी चरम सीमा पर पहुंच जाता है। अभी हाल ही में उत्तर-प्रदेश में कहीं दीवारों के अंदर से अरबों रुपयों की बरसात हो रही है और कहीं फर्श तोड़कर तहखानों से करोड़ों रुपये निकाले जा रहे हैं। चुनावों में धनबल प्रयोग होने के कारण भ्रष्टाचार का यह सारा धन अगल-अलग हथकंडों से एकत्र किया जाता है। गुंडातत्व का महत्व बढ़ जाता है जिस कारण फसलों की पैदावार की तरह प्रतिवर्ष नये-नये गुंडे पैदा किये जाते हैं। नेताओं की भी जो ताकत जनहित के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन में लगनी चाहिए वह भी चुनावों की तैयारी में तथा चुनाव जीतने की कौशिश में लग जाती है। नेता लोग स्वयं को नये रूप में तराशने लगते हैं। वे मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए जबरदस्त होमवर्क करते हैं, इसके लिए जाति-धर्म के नाम पर वैमनस्य फैलाने की तथा भय का वातावरण तैयार करने की योजनाएं बनाई जाती हैं, किस स्थान पर किन लोगों के बीच कौन-सा ब्यान देना है, इसका निरंतर अभ्यास किया जाता है। वे जानते हैं कि यह सब गलत है किंतु एक वकील की भांति विजय ही इनका सबसे बड़ा धर्म है बेशक इसके लिए किसी भी हद तक जाना पड़े और किसी भी स्तर तक गिरना पड़े। औरंगजेब की तरह सत्ता प्राप्त करने के लिए चाहे पिता को जेल में डालना पड़े अथवा भाईयों का वध करना पड़े, इनकी नजर में सब जायज है। यह कुत्सित मानसिकता हर चुनाव में शक्तिशाली होकर अपने काम पर लग जाती है। यदि जनता सरकारी नीति, कार्य, योजनाओं से संतुष्ट हैं तो ये कुत्सित राजनीति के खिलाड़ी रातों-रात जाति या धर्म के नाम पर दंगे करवाकर सुबह तक सारा परिदृश्य बदलने में माहिर होते हैं।

इन सभी समस्याओं का एक ही समाधान है कि देश की संसद का तथा सभी राज्यों में विधानसभा का चुनाव एक साथ कराया जाये। इसके लिए देश में कई बार बहस छिड़ी भी है। सबने अपने-अपने मत प्रकट किये हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भी एक साथ चुनाव कराने की इच्छा जताई थी। वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी ने भी अगल-अलग मंचों से एक साथ चुनाव कराने की पैरवी की है किंतु एक व्यापक स्तर पर प्रयास नहीं हो पा रहा है। देश की अधिकतर राजनैतिक पार्टियां इस मामले पर उदासीन है। कहीं न कहीं एक साथ चुनाव कराने में यह समस्या भी है कि किसी राज्य में सरकार को एक वर्ष हुआ है तो किसी में ढाई या चार वर्ष हुये हैं तो पाँच वर्ष के लिए चुनी हुई सरकार को समय से पहले भंग कैसे करें अथवा जब तक सभी पार्टियों के पाँच वर्ष पूरे हो तब तक बाकि राज्यों में जहां सरकार का कार्यकाल पूरा हो चुका है वहां कैसे सरकार चलाएं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

कितनी व्यावहारिक है एमएसपी कानून की मांग?

आशीष वशिष्ठ

दो साल बाद किसान फिर से सड़कों पर हैं। किसानों की मुख्य मांग सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी वाला कानून। किसान सरकार से एमएसपी कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। अभी एमएसपी को कानूनी दर्जा हासिल नहीं है। इसका मतलब है कि यह सरकार पर निर्भर करता है कि वह किसानों को एमएसपी का फायदा देगी या नहीं। तीन केंद्रीय मंत्रियों के साथ हुई वार्ता में बिजली कानून, 2020 को रद्द करने, लखीमपुर के किसानों को मुआवजा, पिछले आंदोलन में मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा, किसानों पर दर्ज आपराधिक मामलों की वापसी आदि मुद्दों पर लगभग सहमति बन गई है, लेकिन बुनियादी गतिरोध न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी के गारंटी कानून पर है। सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी वाला कानून।

एमएसपी किसानों को दी जाने वाले एक गारंटी की तरह होती है, जिसमें तय किया जाता है कि बाजार में किसानों की फसल किस दाम पर बिकेगी। दरअसल, फसल की बुआई के दौरान ही फसलों की कीमत तय कर दी जाती है और यह तय कीमत से कम में बाजारों में नहीं बिकती है। एमएसपी तय होने के बाद बाजार में फसलों की कीमत गिरने के बाद भी सरकार किसानों को तय कीमत पर ही फसलें खरीदती है। सरल शब्दों में कहें, तो एमएसपी का उद्देश्य फसल की कीमत में उतार-चढ़ाव के बीच किसानों को नुकसान से बचाना है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि सरकार एमएसपी पर अपनी नीति को स्पष्ट क्यों नहीं करती? यदि एमएसपी गारंटी कानून व्यावहारिक, संभव नहीं है, तो सरकार किसानों को अपना फैसला क्यों नहीं बताती? क्या आम चुनाव के मद्देनजर यह जोखिम नहीं उठाया जा सकता?

कृषि मंत्रालय खरीफ, रबी सीजन समेत अन्य सीजन की फसलों के साथ ही कमर्शियल फसलों पर एमएसपी लागू करता है। वर्तमान में देश के किसानों से खरीदी जाने वाली 23 फसलों पर एमएसपी लागू की गई है। केंद्र सरकार फसलों पर एमएसपी दर लागू करती है और राज्य सरकारों के पास भी एमएसपी लागू करने का अधिकार है। केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से साल 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग यानी सीएसीपी का गठन किया था। यह हर साल रबी और खरीफ फसलों के लिए एमएसपी तय करती है। पहली बार 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। सीएसीपी के द्वारा की जाने वाली सिफारिशों के आधार पर ही सरकार हर साल 23 फसलों के लिए एमएसपी का ऐलान करती है।

पिछले दो-तीन वर्षों के दौरान लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि एमएसपी भारत के कृषि कार्यों का अभिन्न अंग है। हालांकि, यह सच्चाई से कोसों दूर है, वित्त वर्ष 2020 के लिए कुल एमएसपी खरीद रु. 2.5 लाख करोड़, यानी कुल कृषि उपज का 6.25 प्रतिशत थी और एमएसपी के तहत उपज का लगभग 25 प्रतिशत थी। असल में गेहूं और धान की फसलों की खरीद ही एमएसपी पर होती है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा और भंडारण के

लिए सरकार को इन फसलों की व्यापक खरीद करनी पड़ती है। सरकार जिन 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटती है, उसके लिए भी थोक में बंदोबस्त करना अनिवार्य है। इसके बावजूद करीब 12-14 फीसदी किसानों को ही खरीद का लाभ मिल पाता है। शेष 85 फीसदी से अधिक किसान छोटे और सीमांत हैं। वे सरकारी खरीद के दायरे में बहुत कम आ पाते हैं। इसके अलावा, सरकार के लगातार प्रचार के बाद मोटे अनाज में अब बाजरे की खेती का क्षेत्र बढ़ा है, लिहाजा उसकी खरीद भी बढ़ी है। बाजरे का एमएसपी अच्छा-खासा घोषित किया जाता है।

अब, यदि एमएसपी गारंटी कानून लाया जाता है, तो सरकार की नजर अतिरिक्त व्यय पर भी होगी जो सालाना यानी हर साल कम से कम 10 लाख करोड़ का होगा। इसे दूसरी तरह से देखा जाए तो यह लगभग उस व्यय जोकि 11.11 लाख करोड़ रुपये के बराबर है जो इस सरकार ने हाल के अंतरिम बजट में बुनियादी ढांचे के लिए अलग रखा है। 10 लाख करोड़ पिछले सात वित्तीय वर्षों में हमारे बुनियादी ढांचे पर किए गए वार्षिक औसत व्यय से भी अधिक है।

साफ है कि एमएसपी कानून की मांग का कोई आर्थिक या राजकोषीय मतलब नहीं है, और यह सरकार के खिलाफ एक राजनीति से प्रेरित तर्क है। हालांकि, भले ही, तर्क के लिए, कोई यह मान ले कि 10 लाख करोड़ की लागत सरकार द्वारा वहन की जा सकती है तो फिर पैसा कहां से आएगा? क्या हम एक नागरिक के रूप में, बुनियादी ढांचे और रक्षा में सरकारी खर्च होने वाले सरकारी खर्च की भारी कटौती को कम करने के लिए तैयार हैं? या प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के माध्यम से अधिक कराधान के विचार से सहमत हैं?

लोकसभा चुनाव अब बमुश्किल दो महीने दूर है। लिहाजा सियासी तड़का भी लग रहा है। देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस ने गारंटी कार्ड खेल दिया है- सत्ता में आए तो सबसे सबसे एमएसपी को कानूनी गारंटी देने का कानून लाएंगे। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को किसान आंदोलन में सियासी लाभ का मौका दिख रहा तो मोदी सरकार बातचीत के जरिए किसानों को मनाने और बात न बनने पर उन्हें दिल्ली पहुंचने से रोकने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। किसान संगठनों की अपनी मांगें हैं लेकिन आंदोलन की टाइमिंग सवाल खड़े कर रही। चुनाव से पहले ही आंदोलन क्यों? क्या टाइमिंग की वजह से आंदोलन से सियासत की बू नहीं आ रही? वैसे जब भीड़तंत्र के आगे सरकारें सरेंडर करने लगेंगी तो आंदोलन के नाम पर अराजकता से सत्ता को झुकाने की कोशिशें तो होंगी ही।

दो साल पहले का किसान आंदोलन देशवासी भूले नहीं हैं। देश की राजधानी को आंदोलन के नाम पर तकरीबन एक साल तक बंधक बनाकर रखा गया। हत्या, रेप, हिंसा...किसान आंदोलन के दौरान क्या-क्या नहीं हुआ। आंदोलन के नाम पर अराजकता का नंगा नाच दिखा। निस्संदेह, किसी भी संगठन को आंदोलन करने का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन प्रयास होना चाहिए कि आंदोलन हिंसक रूप न ले और आंदोलन योजनाबद्ध ढंग से तार्किक परिणति तक पहुंचे। किसानों के रवैये को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। परिवहन व्यवस्था सुधारने के बाबत सुप्रीम कोर्ट की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है। निस्संदेह, किसानों को अपनी जायज मांगें रखनी चाहिए, वहीं सरकार को भी किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार दिखाना चाहिए। वहीं किसानों को भी आने वाले समय में खेती में आने वाली चुनौतियों को भी नजर में रखना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग, भूजल संकट और अन्य खामियों को दूर करने समेत दीर्घकालीन लक्ष्यों के लिये प्रयास तेज करने चाहिए।

सरकार की दलील रही है कि इतने बड़े देश में हर फसल को एमएसपी के दायरे में लाना व्यावहारिक न होगा और उसका अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ेगा। लेकिन इसके बावजूद हम स्वीकारें कि आज खेती घाटे का सौदा बन गई है। खेती तो क्या, किसी भी उत्पाद का मूल्य सरकार तय नहीं कर सकती। स्पष्ट रूप से, समस्या कृषि या आर्थिक नहीं है बल्कि पूरी तरह से राजनीतिक है, जिसे 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले प्रयोजित किया गया है और व्यापक भ्रष्टाचार के रडार के तहत राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित किया गया था। 45 लाख करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 25) के बजट व्यय से, सालाना 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का विचार एक वित्तीय आपदा के बराबर है जो स्पष्ट रूप से हमारी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार देगा।

किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह

1950 के दशक में देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सोवियत संघ की कॉआपरेटिव फॉर्मिंग के मॉडल से प्रभावित होकर इसे भारत में बढ़ावा देना चाहते थे। उस समय चौधरी साहब उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री थे और उन्होंने नेहरू के निर्णय का पुरजोर विरोध किया परिणामस्वरूप 19 महीने प्रदेश सरकार से बाहर रहना पड़ा। उस दौरान उन्होंने ''ज्वाइन्ट फॉर्मिंग एक्सरेडः प्राब्लम एंड इट्स सॉल्यूशन'' किताब लिखकर सहकारी खेती के विरोध में वैचारिक और तार्किक आधार दिया। केन्द्र सरकार में ग्रहमंत्री बने तो उन्होने मंडल और अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वित्त मंत्री और उपप्रधानमंत्री के रूप में नाबार्ड की स्थापना की। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने अलग से ग्रामीण पुनरुत्थान मंत्रालय बनवाया। किसान हित में किये प्रगतिशील कार्यों का श्रेय चौधरी चरण सिंह को जाता है। यदि चौधरी साहब को किसानों को मसीहा कहें तो ऐसा कहना अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा।

हाल ही में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के सबसे बड़े नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। उत्तर प्रदेश से भारत रत्न से सम्मानित होने वाले चौधरी चरण सिंह बारहवें व्यक्ति हैं। किसानों के अनेक नेता हुये किन्तु, चौधरी साहब को किसानों का मसीहा कहा जाता है। चौधरी साहब को सिर्फ जाटों का नेता कहना उनके साथ अन्याय करना होगा क्योंकि चौधरी साहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों, गरीबों, वंचितों

ललित शर्मा

मजदूरों, भूमिहीनों, व छोटे उद्योगों के हित में अनेक कार्य किये। साधारण किसान परिवार में पैदा हुये चौधरी साहब उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री, केन्द्र में ग्रहमंत्री, वित्तमंत्री, उपप्रधानमंत्री तथा देश के पांचवे प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पदों पर पहुंचे। चौधरी साहब ने किसानों, गरीबों, मजदूरों, भूमिहीनों के हित में अनेक कार्य किये जोकि, मील के पत्थर साबित हुये। चौधरी साहब 1937 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार विधायक चुने गये। तब उन्होंने किसानों को व्यापारियों और आढ़तियों के शोषण से बचाने के लिये कृशि विपणन बिल प्रस्तुत किया। परन्तु, यह बिल पारित नहीं हो पाया लेकिन यहीं से कृशि उपज मंडियों को संचालित करने वाले एपीएमसी एक्ट की नींव पड़ी जो तीन दशक बाद 1964 में चौधरी चरण सिंह के यूपी में कृशि मंत्री रहने के दौरान पारित किया। 1939 में उन्होंने कांग्रेस विधानमंडल दल की कार्यसमिति के सामने किसान परिवारों की संतानों के लिये सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण की मांग रखी हालाकि, पार्टी द्वारा इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। 1946 में तत्कालिक मुख्यमंत्री गोविंदबल्लभ पंत ने चौधरी चरण सिंह को अपना संसदीय सचिव नियुक्ति किया। तब उन्होंने संयुक्त प्रांत जमींदारी उन्मूलन समिति की रिपोर्ट तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जमींदारी उन्मूलन पर उन्होंने पुस्तक ''एबोलिशन ऑफजमींदारीः टू अल्टरनेटिव्स'' लिखी। उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था विधेयक 1950 को तैयार करने और इसे पारित कराने में चौधरी साहब ने अहम भूमिका निभाई। इस कानून के माध्यम से लाखों काष्तकारों को जमीन का मालिकाना हक मिलने का रास्ता साफ हुआ। 1953 में उन्होंने राजस्व और कृशि मंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश चकबंदी अधिनियम को पारित कराया। 1960 में भू-जोतों पर हदबंदी अधिनियम 1960 बनवाया। सीलिंग से प्राप्त भूमि को अनुसूचित जाति के लोगों को आवंटित करने की नीति बनाई

गयी। उन्होंने साढ़े तीन एकड़ भूमि वाले किसानों लगान माफकर दिया। 1953 में वह उत्तर प्रदेश के राजस्व मंत्री थे उस समय प्रदेश में पटवारियों ने जमींदारों की शह पर हड़ताल कर दी। यह वही समय था जब जमींदारी उन्मूलन कानून लागू हो रहा था। सरकार पर दबाव बनाने के लिए 27 हजार पटवारियों ने इस्तीफे दे दिए। लेकिन चौधरी साहब ने सख्त रूख अपनाते हुए अनुचित मांगों को अस्वीकार कर दिया। सभी 27 हजार पटवारियों के इस्तीफे स्वीकार कर उनकी जगह लेखपाल का पद सृजन किया। 1950 के दशक में देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सोवियत संघ की कॉआपरेटिव फॉर्मिंग के मॉडल से प्रभावित होकर इसे भारत में बढ़ावा देना चाहते थे। उस समय चौधरी साहब उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री थे और उन्होंने नेहरू के निर्णय का पुरजोर विरोध किया परिणामस्वरूप 19 महीने प्रदेश सरकार से बाहर रहना पड़ा। उस दौरान उन्होंने ''ज्वाइन्ट फॉर्मिंग एक्सरेडः प्राब्लम एंड इट्स सॉल्यूशन'' किताब लिखकर सहकारी खेती के विरोध में वैचारिक और तार्किक आधार दिया। केन्द्र सरकार में ग्रहमंत्री बने तो उन्होने मंडल और अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वित्त मंत्री और उपप्रधानमंत्री के रूप में नाबार्ड की स्थापना की। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने अलग से ग्रामीण पुनरूत्थान मंत्रालय बनवाया। किसान हित में किये प्रगतिशील कार्यों का श्रेय चौधरी चरण सिंह को जाता है। यदि चौधरी साहब को किसानों को मसीहा कहें तो ऐसा कहना अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा। चौधरी साहब के विरोधी भी उनकी ईमानदारी की प्रशंसा करते थे। 'धरापुत्र चौधरी चरण सिंह और उनकी विरासत' पुस्तक के अनुसार चौधरी साहब ने सितम्बर 1970 में मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने की घोशणा की तब वह कानपुर में दौरे पर थे। वहीं से सरकारी गाड़ी वापस की तथा प्राइवेट वाहन से अपने गंतव्य स्थान पहुंचे। 1979 में चौधरी चरण सिंह देश के प्रधानमंत्री बने। उस समय उत्तर प्रदेश के कई जिलों से शिकायत मिल रही थी कि पुलिस किसानों से घूस लेकर कार्य कर रही है। एक दिन वह एटा जिले में मैला कुचैला धोती-कुर्ता पहनकर अपने बैल चोरी की शिकायत कराने उसराहार थाने पहुंचे। इस थाने में छोटे दरोगा ने कुछ वितथ्य सवाल पूंछे। बिना रिपोर्ट लिखे वहां से चलता कर दिया। जब चौधरी साहब थाने से निकलने लगे तो पीछे से एक सिपाई ने आवाज लगाई बाबा रिपोर्ट लिख देंगे थोड़ा खर्चा पानी लगेगा। सिपाई रिष्वत के लिए 35रूपये में राजी हो गया। जब रिपोर्ट पर चौधरी साहब ने हस्ताक्षर किये और अपने जेब से एक मुहर निकाली स्याही लगाते हुए कागज पर ठोक दी। इस पर लिखा था प्रधानमंत्री, भारत सरकार। मुहर देखते ही पूरे थाने में हड़कंप मच गया। चौधरी चरण सिंह ने कार्यवाई करते हुए पूरे थाने को सस्पेंड कर दिया। चौधरी साहब आजीवन किसानों, भूमिहीनों, अनुसूचितों, वंचितों वर्गो, मजदूरों की बेहतरी के लिये कार्य करते रहे। वह देश के पहले ऐसे नेता थे जिसने ग्रामीण भारत की समस्या को बेहतर रूप में समझा। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना सिर्फ चौधरी साहब का सम्मान नहीं बल्कि लाखों किसानों, भूमिहीनों, मजदूरों, वंचित वर्ग, का सम्मान है जिनकी दशा को सुधारने के लिए चौधरी साहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।

भारत की पीएलआई योजना की उपलब्धि और भविष्य की संभावनाओं का मूल्यांकन

भारत की उल्लेखनीय विकास गाथा में यदि कोई चुनौती अभी तक बनी हुई है, तो यह निस्संदेह विनिर्माण क्षेत्र से जुड़ी है, जिसकी भारत के जीवीए में हिस्सेदारी मात्र 17.4 प्रतिशत पर बनी हुई है। यह हिस्सेदारी, कृषि की हिस्सेदारी से भी कम है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को सशक्त बनाने के सरकार के लगातार प्रयासों के अंतर्गत विभिन्न पहलों की शुरुआत की गयी है। इन पहलों में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुरू की गयी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सबसे प्रमुख है।

राजेश कुमार सिंह

घरेलू विनिर्माण में आमूल-चूल बदलाव के लक्ष्य के साथ शुरू की गई पीएलआई योजना का उद्देश्य क्षमता व दक्षता को बढ़ाना और वैश्विक चैंपियन का निर्माण करना है। इसके व्यापक लक्ष्यों में शामिल हैं- रोजगार सृजन करना, पर्याप्त निवेश आकर्षित करना, निर्यात बढ़ाना और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना। इसके गुणक प्रभाव से सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान में संभावित वृद्धि हो सकती है तथा घरेलू कंपनियों का क्षेत्रीय और वैश्विक उत्पादन नेटवर्क के साथ निर्बाध एकीकरण हो सकता है।

अपने शुभारंभ के बाद से, पीएलआई योजना ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 746 आवेदनों को मंजूरी मिलने के साथ, इस योजना ने कुल 1.07 लाख करोड़ रुपये का निवेश अर्जित किया है। रोजगार सृजन पर भी काफी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों में, रोजगार के लगभग 7 लाख नए अवसरों का सृजन हुआ है। इसके अलावा, उत्पादन और बिक्री बढ़कर 8.70 लाख करोड़ रुपये हो गई है तथा प्रोत्साहन के रूप में 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। प्रत्यक्ष लाभार्थियों में 8 पीएलआई क्षेत्रों की 176 एमएसएमई शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2028-29 तक सात साल की अवधि में, पीएलआई योजना के तहत, 14 प्रमुख क्षेत्रों में 3 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गयीं हैं, जिसमें फॉक्सकॉन, सैमसंग, विप्रो, टाटा, रिलायंस, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू, डाबर जैसी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय अग्रणी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली है।

पीएलआई योजना स्मार्टफोन निर्माण में विशेष रूप से प्रभावी साबित हुई है, जिसने मोबाइल निर्यात में लगभग नगण्य से 2022-23 के 11 बिलियन डॉलर की उल्लेखनीय वृद्धि में योगदान दिया है। अगले 2-3 वर्षों में शेष 14 क्षेत्रों पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ने का अनुमान है। मोबाइल विनिर्माण (वर्तमान में 20 प्रतिशत) जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त स्थानीय मूल्यवर्धन की कमी के बारे में कुछ लोगों द्वारा व्यक्त की गई आशंकाएं एक हद तक गलत प्रतीत होती हैं, जब हम इस क्षेत्र के साथ-साथ ई-वाहन जैसे क्षेत्रों में स्थानीयकरण के लगातार बढ़ते रुझान को देखते हैं, जहां घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) न्यूनतम 50 प्रतिशत है। घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के क्षेत्र में भी

डीवीए पहले से ही 45 प्रतिशत है और इसे 2028-29 तक 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है।

इसके अलावा, पीएलआई योजना का डिज़ाइन यह सुनिश्चित करता है कि यह प्रोत्साहन राशि जारी होने से पहले बिक्री (निर्यात सहित) के साथ-साथ अतिरिक्त निवेश को भी गति प्रदान करे। इसका मतलब यह है कि शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) के संदर्भ में यह योजना अपने आप में आत्मनिर्भर है, क्योंकि वितरित किए जाने वाले प्रोत्साहनों की तुलना में राजस्व प्रवाहों (जीएसटी और प्रत्यक्ष कर संग्रह के रूप में) को हिसाब में शामिल किया जाए, तो यह अपने लिए अधिक भुगतान प्राप्त करती है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि इकाइयों द्वारा दुकान स्थापित करने और सब्सिडी प्राप्त करने के बाद इन्हें बंद करने की बहुत कम संभावना है या कोई संभावना नहीं है, जैसा सब्सिडी से जुड़ी अन्य सरकारी योजनाओं के मामले में अक्सर होता है।

सरकार ने स्थानीय विनिर्माण को मजबूत करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण सहित अतिरिक्त उपायों को पीएलआई योजना के लिए पूरक बनाया है। उदाहरण के लिए, इस रणनीतिक दृष्टिकोण ने खिलौना क्षेत्र को आगे बढ़ाया है, जिसका निर्यात 96 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 326 मिलियन डॉलर हो गया है। इसी तरह, स्थानीय खरीद और रक्षा गलियारों को खोलने जैसी नीतियों से उत्साहित रक्षा क्षेत्र के निर्यात में भारी वृद्धि दर्ज की गयी है। रक्षा निर्यात 2014-15 के 700 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

ये सफलताएं एक मजबूत और आत्मनिर्भर इकोसिस्टम के क्रमिक विकास का संकेत देती हैं। उन्नत प्रौद्योगिकियों पर पीएलआई योजना का ध्यान, मौजूदा श्रम बल के कौशल को बेहतर करने, तकनीकी रूप से पुरानी मशीनरी को बदलने और विनिर्माण क्षेत्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सक्षम बनाएगा। विशेष रूप से दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के क्षेत्र में, बढ़ी हुई उत्पादन मात्रा बढ़ती उपभोक्ता मांग को पूरा कर रही है, जहां योजना के समय पर लागू होने से पूरे भारत में 4जी और 5जी उत्पादों को तेजी से अपनाने की सुविधा मिली है।

इसके अतिरिक्त, ई-वाहन, सौर पैनल जैसी हरित प्रौद्योगिकियों में पीएलआई ने, फेम योजना और नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग को बढ़ाने जैसे मांग पक्ष के उपायों के साथ मिलकर, भारत को नवीकरणीय ऊर्जा पर अपने एनडीसी लक्ष्यों से भी पार जाने में मदद की है। पीएलआई के तहत बढ़ी हुई बिक्री के लिए बेहतर लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की आवश्यकता होगी, जिसका समाधान पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान का उपयोग करके हमारी अवसंरचना में भारी निवेश द्वारा किया गया है। अवसंरचना में भारी निवेश से पूरे भारत में विनिर्माण क्षेत्रों को मल्टीमॉडल परिवहन-संपर्क प्रदान करना संभव होगा। प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना के साथ क्लस्टर पार्क विभिन्न क्षेत्रों में विनिर्माण को अतिरिक्त समर्थन प्रदान करते हैं।

राज्यों के साथ घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से प्राप्त एक समावेशी दृष्टिकोण, भारत के आंतरिक क्षेत्रों में उद्योगों और कारीगरों को देश की विकास गाथा का अभिन्न अंग बनने के लिए सशक्त बना रहा है। एक-जिला-एक-उत्पाद और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ाने के लिए क्लस्टर-आधारित योजना- स्फूर्ति, जैसी पहलें भारत और उसके उद्योगों के लिए कथित प्रतिस्पर्धी नुकसान को अल्पकालिक और दीर्घकालिक फायदे में बदल रही हैं।

महामारी और परिणामी वैश्विक सामाजिक-आर्थिक उथल-पुथल से उत्पन्न चुनौतियों ने पीएलआई योजना के सुविचारित उद्देश्यों की पुष्टि की है। इसका संबद्ध इकोसिस्टम यह सुनिश्चित करता है कि भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी), जो आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण में योगदान देतीं हैं और अशांत वैश्विक परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाती हैं, के साथ एकीकृत होने की रणनीतिक स्थिति में है। एक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर वैश्विक चैंपियन के रूप में उभरने के देश के दृष्टिकोण के साथ जुड़कर, भारतीय निर्माता अपने सुविधा-क्षेत्र से आगे बढ़ने के प्रति उत्साहित हैं।

निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि पीएलआई योजना भारत के विनिर्माण परिदृश्य को नया आकार देने वाली एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरी है।

सोनिया गांधी का सियासी सफर

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी राज्यसभा जाएंगी। पार्टी ने उन्हें राजस्थान से अपना उम्मीदवार बनाया है। लंबे अरसे बाद ऐसा हो रहा है जब नेहरू-गांधी परिवार का कोई सदस्य राज्यसभा जाएगा। सोनिया से पहले नेहरू-गांधी परिवार के सिर्फ दो सदस्य ही राज्यसभा सदस्य रहे हैं। दोनों ही महिलाएं थीं। इनमें से एक पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थी। दूसरी महिला नेता के बारे में बहुत कम लोग जानते होंगे।

अब तक सिर्फ दो मौके ऐसे आए हैं जब नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य राज्यसभा पहुंचे। पहला मौका 1962 में आया था। जबकि दूसरा मौका 1964 में आया था। 1962 में नेहरू-गांधी परिवार से संबंध रखने वाली उमा नेहरू राज्यसभा सदस्य बनी थीं। उमा का कार्यकाल 1962-1963 में रहा था। वहीं, 1964 में इंदिरा गांधी राज्यसभा पहुंची। इंदिरा गांधी 1964 से 1967 तक राज्यसभा सदस्य रहीं। दोनों नेताओं ने राज्यसभा में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था। इंदिरा जब पहली बार प्रधानमंत्री बनीं, उस वक्त वह राज्यसभा की ही सदस्य थीं। 1967 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने रायबरेली सीट से चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। इसके बाद उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता छोड़ दी।

1967 के बाद इंदिरा लगातार लोकसभा का चुनाव जीतती रहीं और निचले सदन में पहुंचती रहीं। 1977 की जनता लहर में जब इंदिरा को रायबरेली से हार मिली तो उन्होंने कर्नाटक की चिकमंगलूर सीट से उप-चुनाव जीता और एक बार फिर लोकसभा पहुंच गईं। 1980 में जब इंदिरा फिर से प्रधानमंत्री बनीं तो वह आंध्र प्रदेश की मेंडक सीट से सांसद थीं। 1980 में इंदिरा को मेंडक के साथ रायबरेली सीट पर भी जीत मिली थी।

उमा नेहरू कौन थीं

राज्यसभा पहुंचने वाली नेहरू-गांधी परिवार की दूसरी सदस्य उमा नेहरू को भी जान लेते हैं। उमा नेहरू पंडित जवाहर लाल नेहरू के चचेरे भाई शामलाल की पत्नी थीं। उमा का जन्म मार्च 1884 में आगरा में हुआ था। उमा के पोते अरुण नेहरू राजीव गांधी सरकार में मंत्री रहे थे। उमा और शामलाल के दो बच्चे हुए श्याम कुमारी और आनंद। अरुण नेहरू आनंद के बेटे थे। उमा पहली और दूसरी लोकसभा में सीतापुर सीट से सांसद रही हैं। 1962 में वह राज्यसभा की सदस्य बनी थीं। राज्यसभा सचिवालय की ओर से 2003 में जारी किताब वुमन मेंबर्स ऑफ राज्यसभा में बताया गया है कि उस वक्त के जितनी भी महिलाएं राज्यसभा पहुंची उनमें उमा सबसे उम्रदराज महिला थीं। 1962 में जब वह राज्यसभा की सदस्य बनीं उस वक्त उनकी उम्र 78 साल थी। उमा स्वतंत्रता संग्राम के वक्त भी काफी सक्रिय रही थीं। उन्होंने महिला क्रांतिकारियों के साथ मिलकर 1926 में ऑल इंडिया वुमन्स कांफ्रेंस (एआईडब्ल्यूसी) बनाई थी। इस संगठन से जुड़ी और भी महिलाएं बाद में राज्यसभा सदस्य बनी थीं। इनमें राजुकमारी अमृत कौर, लक्ष्मी एन. मेनन, नंदिनी सत्पथी और अमु स्वामीनाथन जैसे नाम शामिल थे। हालांकि, एक साल बाद ही अगस्त 1963 में उमा नेहरू का निधन हो गया। सोनिया 1999 से लगातार लोकसभा चुनाव जीतती रही हैं और इसकी सदस्य बनी हुई हैं। 1999 में सोनिया उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट से जीतकर लोकसभा पहुंचीं। इसके बाद 2004 में उनके बेटे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी राजनीति में कदम रखा। राहुल अमेठी सीट से चुनाव मैदान में उतरे और सोनिया रायबरेली सीट से चुनाव मैदान में उतरीं। रायबरेली वही सीट थी जहां से कभी सोनिया की सास इंदिरा गांधी चुनाव लड़ा करती थीं। 2004, 2009, 2014 और 2019 में लगातार चार बार रायबरेली सीट से सोनिया लड़ीं और जीतीं। इस चुनाव से पहले सोनिया राज्यसभा जा रही हैं। इससे यह तय हो गया है कि 57 साल बाद नेहरू-गांधी परिवार को कोई सदस्य राज्यसभा जाएगा।

राज्यसभा जाने वाली खानदान की तीसरी सदस्य होंगी सोनिया

सोनिया के लिए राज्यसभा चुनाव की राह कैसी है?

राज्यसभा के लिए राजस्थान से कुल तीन सदस्य चुनकर जाने हैं। 200 सदस्यों वाली राजस्थान विधानसभा के विधायक इसके लिए वोट करेंगे। कांग्रेस ने यहां से सिर्फ सोनिया को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा अगर तीन उम्मीदवार उतारती है तो चुनाव की नौबत आएगी। वहीं, भाजपा की ओर से दो उम्मीदवार उतराने पर सोनिया का निर्विरोध राज्यसभा पहुंचना तय हो जाएगा। इस चुनाव में लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तरह वोट नहीं पड़ते। यहां विधायकों को वरीयता के आधार पर वोट डालना होता है। विधायकों को चुनाव आयोग की ओर से एक विशेष पेन दी जाती है। उसी पेन से उम्मीदवारों के आगे वोटर को नंबर लिखने होते हैं। एक नंबर उसे सबसे पसंदीदा उम्मीदवार के नाम के आगे डालना होता है। ऐसे दूसरी पसंद वाले उम्मीदवार के आगे दो लिखना होता है। इसी तरह विधायक चाहे तो सभी उम्मीदावारों को वरीयता क्रम दे सकता है। अगर आयोग द्वारा दी गई विशेष पेन का इस्तेमाल नहीं होता तो वह वोट अमान्य हो जाता है। इसके बाद विधानसभा के विधायकों की संख्या और राज्यसभा के लिए खाली सीटों के आधार पर जीत के लिए आवश्यक वोट तय होते हैं। जो उम्मीदवार उस आवश्यक संख्या से अधिक वोट पाता है वह विजयी घोषित होता है।

ये आवश्यक संख्या कैसे तय होती है

इसे समझने के लिए राजस्थान का उदाहरण लिया जा सकता है। यहां विधायकों की कुल संख्या 200 है। वहीं, कुल तीन राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। हर एक सदस्य को राज्यसभा पहुंचने के लिए कितने विधायकों का समर्थन प्राप्त होना चाहिए इसके लिए एक तय फॉर्मूला है। यह फॉर्मूला यह है कि कुल विधायकों की संख्या को जितने राज्यसभा सदस्य चुने जाने हैं, उसमें एक जोड़कर विभाजित किया जाता है। इस बार यहां से तीन राज्यसभा सदस्यों का चुनाव होना है। इसमें एक जोड़ने से यह संख्या चार होती है। अब कुल सदस्य 200 हैं तो उसे चार से विभाजित करने पर 50 आता है। यानी राजस्थान से राज्यसभा सांसद बनने के लिए उम्मीदवार को 51 प्राथमिक वोटों की जरूरत होगी। अगर विजेता का फैसला प्रथम वरीयता के वोटों से नहीं होता तो उसके बाद दूसरी वरीयता के वोट गिने जाते हैं। कांग्रेस के राजस्थान में कुल 73 विधायक हैं। अगर सभी अपना प्राथमिक वोट सोनिया गांधी को देते हैं तो सोनिया आसानी से राज्यसभा पहुंच जाएंगी।



राजीव से मुलाकात से लेकर कांग्रेस का सबसे ताकतवर नेता बनने तक

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन कर दिया है। इससे पहले कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करने के लिए जयपुर पहुंची। उनके साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा भी जयपुर पहुंचे। सोनिया गांधी मौजूदा समय में लोकसभा से सांसद हैं। वह रायबरेली सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं। यह कई वर्षों बाद है जब गांधी-नेहरू खानदान से कोई सदस्य राज्यसभा जा रहा है। सोनिया गांधी 1998 से निर्वाचित होकर पार्टी की सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहीं। वह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की समन्वय समिति की अध्यक्ष भी हैं। उनका जन्म 9 दिसंबर 1946 को हुआ था। अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने एक विदेशी भाषा स्कूल में दाखिला लिया। यहां उन्होंने अंग्रेजी, फ्रेंच और रूसी भाषा की पढ़ाई की। कैंब्रिज में पढ़ाई के दौरान उनकी मुलाकात राजीव गांधी से हुई। उनकी शादी 1968 में नई दिल्ली में हुई।

वर्ष 1984 से 1991 के दौरान जब उनके पति राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और फिर कुछ समय के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता थे। इस दौरान सोनिया गांधी ज्यादातर देश और विदेश में राजीव गांधी के दौरों पर उनके साथ रहीं। मई 1991 में अपने पति की हत्या के बाद उन्होंने एक गैर-सरकारी संगठन राजीव गांधी फाउंडेशन और उससे जुड़े थिंक-टैंक, राजीव गांधी इंस्टीट्यूट फॉर कंटेम्परेरी स्टडीज की स्थापना की। इनकी अध्यक्ष के रूप में उन्होंने खुद को उनकी गतिविधियों में व्यस्त रखा।

1997 में कांग्रेस की सदस्य बनीं

कांग्रेस की आधिकारिक वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, सोनिया गांधी ने 1997 में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। 1998 में लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले उन्होंने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया। उन्होंने पार्टी की ओर से जोरदार प्रचार किया और अप्रैल 1998 में कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं। दिसंबर 2017 तक वह इस पद पर बनी रहीं। सोनिया ने सबसे लंबे समय तक कांग्रेस अध्यक्ष रहने का रिकॉर्ड बनाया।

1999 में पहली बार सांसद बनीं

सोनिया गांधी पहली बार 1999 में अमेठी संसदीय क्षेत्र से सांसद चुनी गईं। इसके बाद उन्होंने 2004 तक लोकसभा में विपक्ष की नेता के तौर पर काम किया। 2004 के लोकसभा चुनावों में उन्होंने अपनी पार्टी के चुनाव प्रचार का नेतृत्व किया। इस चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस ने गठबंधन सरकार (यूपीए) बनाई।

इस चुनाव में वह उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से सांसद चुनी गईं। कांग्रेस पार्टी ने सर्वसम्मति से उन्हें संसद में अपना नेता चुना और इसलिए उनके प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने की उम्मीद थी। हालांकि, उन्होंने यह पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया और गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए डॉ. मनमोहन सिंह को नामित किया।

लाभ के पद पर विवाद के बाद इस्तीफा

वह मई 2006 तक राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) की अध्यक्ष भी रहीं। लाभ के पद पर विवाद के बाद उन्होंने एनएसी के अध्यक्ष पद और अपनी लोकसभा सीट से भी इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उपचुनाव के जरिए वह दोबारा सांसद चुनी गईं। उन्होंने मई 2010 में पुनर्गठित राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) की अध्यक्षता फिर से संभाली और 2014 तक इस पद पर बनी रहीं। इसके बाद 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में सोनिया गांधी ने रायबरेली सीट से जीत हासिल की। इसके साथ ही अगस्त 2019 से अक्तूबर 2022 तक उन्होंने कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाली।

दो किताबें लिख चुकी हैं

सोनिया गांधी ने अपने पति राजीव गांधी और राजीव की दुनिया पर दो किताबें लिखी हैं। इसके अलावा उन्होंने 1922 और 1964 के बीच पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बीच आदान-प्रदान किए गए पत्रों के दो संस्करणों (फ्रीडम्स डॉटर और टू अलोन, टू टुगेदर) का संपादन किया है।

इन चीजों में रुचि रखती हैं सोनिया गांधी

उनकी अन्य रुचियों में पढ़ना, भारतीय कला-समसामयिक, शास्त्रीय और आदिवासी, भारतीय हथकरघा और हस्तशिल्प और लोक और शास्त्रीय संगीत दोनों शामिल हैं। उनके पास नई दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय से तैलचित्रण में डिप्लोमा है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करने के लिए जयपुर पहुंची। उनके साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा भी जयपुर पहुंचे। सोनिया गांधी मौजूदा समय में लोकसभा से सांसद हैं। वह रायबरेली सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं।

यह कई वर्षों बाद है जब गांधी-नेहरू खानदान से कोई सदस्य राज्यसभा जा रहा है। सोनिया गांधी 1998 से निर्वाचित होकर पार्टी की सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहीं। वह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की समन्वय समिति की अध्यक्ष भी हैं। उनका जन्म 9 दिसंबर 1946 को हुआ था। अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने एक विदेशी भाषा स्कूल में दाखिला लिया। यहां उन्होंने अंग्रेजी, फ्रेंच और रूसी भाषा की पढ़ाई की। कैंब्रिज में पढ़ाई के दौरान उनकी मुलाकात राजीव गांधी से हुई। उनकी शादी 1968 में नई दिल्ली में हुई। वर्ष 1984 से 1991 के दौरान जब उनके पति राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और फिर कुछ समय के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता थे।

वांछित अभियुक्त को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- मौके से एक अदद अवैध असलहा मय कारतूस बरामद

फिरोजाबाद/सिरसागंज। एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा चैकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि दिनांक 13-02-2024 ग्राम जायमई में हुयी हत्या की घटना का मुख्य आरोपी कहीं भागने की फिराक में है। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अभियुक्त का पीछा किया गया जिस पर सूरजपुर दुगमई नहर पुल के पास अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। खुद को बचाते हुए जबाबी फायरिंग में अभियुक्त के बाँये पैर में गोली लग गयी।

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस नाल में फँसा हुआ एवं 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया गया है। **घटना का विवरण:** दिनांक 13.02.2024 को वादी अमित प्रताप निवासी जायमई ने थाना सिरसागंज पर तहरीर दी कि गांव के ही कुछ लोगों ने मेरे ताऊ जी की हत्या कर दी है जिसके सम्बंध में मु0अ0सं0 73/24 धारा 147, 148, 149, 302/34 भादवि पंजीकृत किया गया है।

धूमधाम से मना शिवपाल का जन्मदिन

वहाज अली निहाल

इटावा। बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर धूमधाम से मना समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का 69 वां जन्मदिन। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महामंत्री वीरू भदौरिया एवं जिले के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतागण और कार्यकर्ताओं नें केक काटकर अपने नेता की लम्बी उम्र की कामना की। कचहरी में वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र यादव के बस्ते पर वरिष्ठ अधिवक्ता अवनीश यादव, डीबीए महामंत्री राजेश यादव, राजेश कुमार, अभिनय यादव ज़िलाध्यक्ष समाजवादी अधिवक्ता सभा, वरिष्ठ सदस्य डीबीए मेराज अली ख़ान, रामनाथ यादव, एस एम मुस्तकीम आदि ने भी केक काटकर शिवपाल सिंह यादव का जन्म दिन मनाया। इस मौके पर पार्टी कार्यालय पर पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी राजीव यादव, सुनील यादव, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, रवींद्र शुक्ला चच्चू, उत्तम सिंह प्रजापति, सिगरेश यादव, आलोक दीक्षित, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता विक्की गुप्ता, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, अविनाश कुशवाह, महिला सभा जिला अध्यक्ष सीमा यादव, एडवोकेट राजू यादव, सदस्य जिला पंचायत सचिन यादव, सत्यभान यादव, उदयभान सिंह यादव, रामवीर सिंह, जितेंद्र दोहरे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेवा, कुलदीप गुप्ता संटू, महावीर सिंह, नफ़ीसुल हसन अंसारी, अभिषेक यादव, लीलावती राजपूत, मंजू यादव, डीपी सिंह, सीमा पाल, मालती यादव, रामबेटी गोयल, पुष्पा गोयल, नरेंद्र पाल, किशन यादव, सीताराम कश्यप, फरहान शकील, रवि शंकर यादव, सुखबीर सिंह यादव, अशोक कुमार जाटव, रविंद्र सिंह यादव, नोमान आलम, आयुष चौधरी, प्रवीण कुशवाहा, संतोष राठौर, शिवम पाल, संजय यादव, दिनेश शाक्य, रामनाथ सिंह यादव, आलोक पटेल, आनंद यादव, आदित्य गोविंद यादव, सत्येंद्र यादव, रामबाबू यादव प्रधान, अविनाश कुशवाहा, राम प्रकाश वर्मा, उपेंद्र यादव, चेतन जैन, अंकुर यादव समाजवादी, एस एम मुस्तकीम, रोहित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

कृष्णनेश्वर काली भक्त मंडल मना रहा दसवां पाटोत्सव महोत्सव

मथुरा। मथुरा के हृदय स्थल होलीगेट के निकट अंतापाढ़ा स्थित कृष्णेश्वर काली मंदिर में प्रतिवर्ष की भाती इस साल भी मां कृष्णेश्वर काली का दसवां पाटोत्सव मनाया जा रहा है। मंदिर के महंत सेवायत पंडित मनीष शर्मा द्वारा अवगत कराया कि मां कृष्णेश्वर काली भक्त मैं 12 फरवरी से प्रारंभ होने वाले पाटोत्सव कार्यक्रम में मां का घट स्थापन कार्यक्रम का शुभारंभ कर शतचंडी महायज्ञ, मां का विशाल छप्पन भोग, फूल बंगला जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शतचंडी पाठ का समापन दिनांक 19 फरवरी को होगा, तदुप्रांत 21 फरवरी को विशाल मां भगवती जागरण और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मथुरा शहर की धर्म प्रेमी जनता का आवाहन करते हुए मंदिर सेवायत पंडित मनीष शर्मा द्वारा कहा कि अधिक से अधिक संख्या में धर्म प्रेमी जनता मां भगवती के इस महायज्ञ में पधारकर मां कृष्णेश्वरी काली का आशीर्वाद प्राप्त करें।

दो दिवसीय सीबीएसई शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

- शिक्षकों को संवाद करने और अपने शिक्षण कौशल को बढ़ाने में मदद भी मिली

इटावा। पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल इटावा जिले के लिए दो दिवसीय सीबीएसई शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला अंग्रेजी भाषा और साहित्य (पीआरपी) की मेजबानी करना (तीसरी बार) गर्व का क्षण था। इसमें इटावा और डी ए वी पब्लिक स्कूल, दिबियापुर, औरैया(यूपी) के 15 विभिन्न स्कूलों के 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिक्षकों को अंग्रेजी विषय और उसमें सीबीएसई द्वारा किए गए नवीनतम संशोधनों के बारे में पूरी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यशाला के संचालन के लिए दोनों वक्ता हेमा कालाकोटी लखनऊ से एवं पूजा सहगल कानपुर से सीबीएसई बैनर के तहत सर्वश्रेष्ठ अग्रणी व्यक्तित्वों में से एक हैं। दोनों दिन सभी शिक्षकों ने खुद को कई मायनों में उन्नत किया और 21 वीं सदी की आवश्यकता को समझने में सक्षम हुए और प्रायोगिक शिक्षण के रूप में कार्यशाला के दौरान कई गतिविधियाँ में हिस्सा लिया। इससे शिक्षकों को संवाद करने और अपने शिक्षण कौशल को बढ़ाने में मदद भी मिली। मेजबान पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य जो कि जिला प्रशिक्षण समन्वयक (डी टी सी) भी हैं डॉ.कैलाश चंद्र यादव अपने उप प्रधानाचार्य अमित चौधरी और पूरी टीम के साथ इटावा जिले के शिक्षा के स्तर को आकार देने के साथ-साथ शिक्षकों के कौशल और ज्ञान के उन्नयन के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसका साक्ष्य लगातार तीन बार हो चुकी सीबीएसई शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशालाये।

कुसुम सरोवर पर श्रद्धालुओं का नहीं प्रवेश, प्री वेडिंग हो रही शूट

अवधनामा संवाददाता

राधाकुंड (मथुरा)। कुसुम सरोवर पर पर्यटकों के प्रवेश पर लगभग 6 माह से प्रतिबंध लगा हुआ है। ग्रिल का काम पूरा होने के बाद भी पर्यटकों व स्थानीय लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रखा है। लोग काफी दूरदराज से आकर वापस निराश हो कर चले जाते हैं। इससे श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। जबकि चोरी छुपे यहां तैनात कर्मचारी धड़ल्ले से प्री वेडिंग फोटो शूट करा रहे हैं। बुधवार को सुबह भी फोटो शूट हुए हैं। पूर्व में ड्रोन भी उढाए गए हैं। केसरिया हिंदू वाहिनी ब्रज क्षेत्र पूर्व मीडिया प्रभारी पंडित उत्तम शर्मा ने कहा जब श्रद्धालुओं का प्रवेश वर्जित है तो सरोवर के अंदर फोटो सूट किसके आदेश पर हो रहे हैं। मुरारी लाल शर्मा ने कहा यहां शुरक्षा में तैनात कर्मचारी सुविधा शुल्क लेकर फोटो शूट कराते हैं। कोई कुछ कहता है तो झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। स्थानीय लोग आनंद शर्मा, किशन दास, श्याम, दीपक शर्मा आदि ने सरोवर को खुलवाने की मांग की है।

श्रद्धालुओं के प्रवेश पर विभाग द्वारा कोई रोक नहीं लगाई है। कुछ माह पूर्व कुंड में एक व्यक्ति डूब गया था। डीएम ने प्रतिबंध कर दिया था। गेट को खुलवाने के लिए डीएम को पत्राचार किया जा रहा है। फोटो शूट के मामले की जानकारी स्थानीय संबंधित अधिकारियों से ली जाएगी। डायरेक्टर ने लोगों से अपील करते हुए कहा सरोवर में पानी गहरा है।

जिला कारागार में विधि के छात्रों ने किया पूजा पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रम

मथुरा। जिला कारागार मथुरा में गिर्राज महाराज कॉलेज, ऑफ लॉ प्रोफेशनल स्ट्डीज के विधि विभाग के छात्र व छात्राओं द्वारा महिला बैरक में सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नीरु शर्मा, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण मथुरा एवं बृजेश अधीक्षक जिला कारागार, मथुरा द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया तथा लॉ छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती वन्दना कर कार्यकम का शुभारम्भ किया गया। महिला बैरक के अहाते में हवन, पूजन कर कारागार के सभी बंदियों के मानसिक शारीरिक रुप से स्वस्थ रहने की कामना की गई। सचिव नीरु शर्मा, डा. प्रिया गोस्वामी विभागाध्यक्ष विधि विभाग, डा. प्रतिभा शर्मा न्यायिक सदस्य द्वारा कारागार के बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की गयी तथा बंदियों को कारागार से रिहा होने के पश्चात समाज की मुख्य धारा में जुड़ने तथा भविष्य में पुनः अपराध न करने का संकल्प दिलवाया गया। इसके अतिरिक्त जादूगर डा. सी.पी यादव, प्रेम हरि हिमदेव तथा सुस्मिता डे द्वारा हैरतगेज कार्यकम प्रस्तुत कर बंदियों की खूब तालिया बटोरी गयी। जादूगर डा. सी.पी यादव ने अपने हाथ की सफाई दिखाकर कागज से नोट बनाकर बारिस करने, गुलदस्ता बनाना, एक रंग के कपड़े से कई रंगों के रुमाल बनाना, पुस्तक से गिटार निकलना आदि करतब दिखाये। सभी बंदियों ने जादूगरी का जमकर आनन्द उठाया। कार्यकम के समापन के दौरान बृजेश कुमार अधीक्षक द्वारा जादूगर डा. सी.पी. यादव, डा. प्रिया गोस्वामी व अन्य को स्मृति चिन्ह, प्रशंसा पत्र तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रकाश सिंह जेलर, चिकित्साधिकारी डा. उपेन्द्र सोलंकी एवं डा. उत्पल, उप जेलर करुणेश, अनूप, फार्मासिस्ट सुभाष चन्द्र द्विवेदी उपस्थित रहे।

मातृ पितृ दिवस का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। बसंत पंचमी के मध्य मातृ पितृ दिवस का आयोजन ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय करवा खेड़ा में बुधवार को बसंत पंचमी महोत्सव के बीच मातृ पितृ दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें विद्यालय के छात्राओं ने आध्यात्मिक कार्य में प्रतिभा करके अपनी-अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बसंत पंचमी के आयोजन का शुभारंभ परंपरा अनुसार परंपरा अनुसार परंपरा अनुसार ज्ञानस्थली ग्रुप के अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया साथ ही सभी बच्चों व विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती की वंदना की और ज्ञानस्थली ग्रुप के अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने बसंत पंचमी के विषय में बताया कि मां सरस्वती ज्ञान वृद्धि का भंडार है इसलिए हम सभी को मां सरस्वती की वंदना अधिक से अधिक अध्ययन करके करनी चाहिए और विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ.मुकुल कुमार सिंह ने मां सरस्वती की वंदना में श्लोक का उच्चारण किया और आए हुए बच्चों के माता-पिता का उन्हीं के बच्चों के द्वारा गुलदस्ता व माला पहनकर सम्मानित करवाया तत्पश्चात मंच से समूह नन्हे मुन्ने बच्चों का नृत्य वह मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया विद्यालय में सभी बच्चों शिक्षक शिक्षिकाओं व आमंत्रित अभिभावक गड़ ने इनका भरपूर आनंद लिया बाल कलाकारों ने ललित परिधानों में नए-नए रूप प्रस्तुत किया वही विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मुकुल कुमार सिना जी ने वह सभी शिक्षक गढ़ ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा की शिक्षा को सर्वाग्रही बनाने के लिए व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता है और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री मंगल कर अंशुल कर मयंक सर आकांक्षा मैडम लकी मैडम किरण मैडम आरती वर्मा पटेल ममता मैम जयमाला ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय के मीडिया प्रभारी वासिफ खान आदि प्रमुख रूप से रहे।

सर्वाधिक ईकेवाईसी करने वाला जनपद बना हरदोई

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के किसानों से अनवरत संवाद का परिणाम धरातल पर दिखाई देने लगा है। जनपद हरदोई प्रदेश के सभी 75 जनपदों में पीएम किसान के अंतर्गत सर्वाधिक ईकेवाईसी करने वाला जनपद बन गया है। 13 फरवरी तक जनपद जनपद ने 93.15 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। जनपद में भूमि रिकॉर्ड फीडिंग वाले 630658 पात्र किसानों में से 587472 किसानों का ईकेवाईसी कराया जा चुका है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने ईकेवाईसी का लक्ष्य हासिल करने के लिए एक ओर जहाँ प्रशासनिक मशीनरी को पूरी तरह से सक्रिय रखा वहीं दूसरी ओर उन्होंने विभिन्न मंचों से किसानों से शत-प्रतिशत ईकेवाईसी कराने की अपील की। किसान संगठनों के साथ बैठक कर किसान संगठनों का भी सहयोग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि ईकेवाईसी में शीर्ष स्थान प्राप्त करना प्रशासनिक मशीनरी के प्रयास व किसानों की जागरूकता का समन्वित परिणाम है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारी टीम में काफी उत्साह है। जनपद में जल्द ही अवशेष पात्र किसानों की ईकेवाईसी कराने के लिए टीम प्रतिबद्ध है। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग के प्रयासों की सराहना की। उपनिदेशक कृषि बताते हैं कि जिलाधिकारी ने ईकेवाईसी का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए गंभीर प्रयास किये। उनके मार्गदर्शन में ही जनपद को यह अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल हुई है। अब किसानों को निर्बाध रूप से किसान सम्मान निधि प्राप्त हो सकेगी।

संक्षिप्त समाचार

बसपा जिलाध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली

फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के समक्ष आज बहुजन समाज पार्टी फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार उर्फ टीटू प्रधान समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। मुकेश कुमार ने समाजवादी पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने रामजीलाल सुमन को राज्यसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य प्रो0 रामगोपाल यादव मौजूद रहे।

न्यायाधीश ने की प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक

हरदोई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह द्वारा दिनाँक 09 मार्च 2024 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराए जाने हेतु जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किये जाने पर बल दिया गया तथा यातायात निरीक्षक को ट्रैफिक चालान से संबंधित वादों के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। उक्त बैठक में अपर जिला जज/नोडल अधिकारी हेमेंद्र कुमार सिंह, अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे,नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय से प्रशासनिक अधिकारी दामोदर प्रकाश, नैमिष गुप्ता, यातायात निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, दूर संचार कार्यालय से संजय कुमार गुप्ता व मो0 साजिद अंसारी उपस्थित रहे।

विधायक ने किया कृषक जागरूकता का उद्घाटन

मथुरा। उप कृषि निदेशक राम कुमार माथुर ने अवगत कराया है उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार योजना के अन्तर्गत मिलेट्स रेसीपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कृषि भवन परिसर, मथुरा में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूरन प्रकाश विधायक बल्देव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 कृषक उपस्थित रहे।

राहगीरों को गुलाब देकर हेलमेट पहनने के लिए किया जागरूक

- वेलेंटाइन डे पर डीन संग छात्रों ने की जागरूकता की अनूठी पहल

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। कृषि इंजीनियरिंग कालेज इटावा के अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा ने बुधवार को अपने विभिन्न कालेज स्टाफ एवं छात्रों के साथ स्वयं सड़क पर उपस्थित होकर सड़क सुरक्षा जागरूकता की पहल करते हुए मत्स्य महाविद्यालय के सामने से गुजरने वाले कई दोपहिया वाहन चालकों को बाइक स्कूटर चलाते समय हेलमेट पहनने का विनम्र निवेदन करते हुए गुलाब का फूल भेंट किया। इसी के साथ उन्होंने सभी को यह भी समझाया कि, हेलमेट लगाकर चलने से आप सड़क पर हमेशा सुरक्षित भी रहते है और साथ ही घर पर आपका परिवार भी निश्चिंत रहता है क्यों कि, जिसके परिवार का कोई व्यक्ति किसी सड़क हादसे का शिकार हो जाता है तब उसके खोने का दर्द सिर्फ वह परिवार और उसके पारिवारिक सदस्य ही समझते है। डॉ शर्मा ने सभी से सड़क पर धीमी और सुरक्षित गति से गाड़ी चलाते हुए बाइक/स्कूटर पर हमेशा ही हेलमेट पहनकर चलने की विनम्र अपील की। डीन डॉ एन के शर्मा के द्वारा जागरूकता की इस अनूठी पहल की सभी राहगीरों ने सराहना की। इस अवसर पर मत्स्य महाविद्यालय स्टाफ से डॉ कैलाश यादव, डॉ अरुण कुमार, ब्रजेश पाल, आयुष त्रिपाठी, अनिल कुमार सहित महाविद्यालय के कई छात्र भी उपस्थित रहे।

एससी- एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक शिक्षक महासभा का वार्षिक निर्वाचन

अवधनामा संवाददाता

- दिनेश चंद्र संयोजक और श्याम बाबू अध्यक्ष बने महामंत्री दयाशंकर

मथुरा। अनुसूचित जाति/ जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक शिक्षक महासभा जनपद मथुरा का वार्षिक निर्वाचन 2024 का आयोजन आचार्य चरण महाप्रभु श्रीमद् वल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तथागत गौतम बुद्ध व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात प्रांतीय संयोजिका रूमा देवी (प्रधानाचार्य सर्वोदय इंटर कॉलेज चौमुहॉ मथुरा) के निर्देशन पर प्रांतीय संरक्षक रामवीर (महाराजा सूरजमल इंटर कॉलेज आगरा) की अध्यक्षता में चुनाव अधिकारी/मंडल संयोजक डॉ नीरज सागर (आरवीएस इंटर कॉलेज आगरा) द्वारा सभी प्रत्याशियों को नामांकन पत्र वितरित कि सभी प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र पूर्ण रूप से भरकर चुनाव अधिकारी को समय से सौंप दिए। सभी पदों के लिए एक ही नामांकन पत्र प्राप्त हुए।सभी पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में संयोजक -दिनेश चन्द, अध्यक्ष- श्याम बाबू, उपाध्यक्ष -अशोक कुमार, विनीत किशोर, ज्ञानेंद्र पाल सिंह, महिला उपाध्यक्ष अंशु प्रभाकर, महामंत्री -दया शंकर, संयुक्त मंत्री-राजेश कुमार सरोज, संयुक्त मंत्री महिला-प्रभावती, कोषाध्यक्ष- पियूष आनंद, संगठन मंत्री -राजेश कुमार सोनकर, रविन्द्र कुमार, विजेन्द्र सिंह, सुभाष चन्द् मौर्य, महिला संगठन मंत्री , मंजू लता। मीडिया प्रभारी-कपूरचंद मांट तहसील अध्यक्ष-सुरेश चंद गोवर्धन तहसील अध्यक्ष- घनश्याम महावन तहसीलअध्यक्ष -रूपेंद्र सिंह पदाधिकारी का निर्वाचन/मनोनीत किया गया। इस चुनाव कार्यक्रम में मंडलीय कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष सुनीता, मंडल उपाध्यक्ष यजवीर सिंह विद्रोही, बलदेव कुमार धनीराम वर्मा, अरूण कुमार, प्रवीण कुमार ,माला ,आनंद किशोर, गुरु प्यारी, नंदकिशोर, सतीश कुमार, सच्चिदानंद आदि सैकड़ों शिक्षक /शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

संस्कृति विवि में बसंत पंचमी पर हुई पूजा

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के मैदान में वसंत पंचमी का त्योहार परंपरागत रूप से पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर मां सरस्वती की पूजा कर देश के कल्याण और उत्थान की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच 'पतंगबाज' प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगबिरंगी पतंगों के साथ जोरदार पेच लड़ाए। संस्कृति विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर बने मंच पर विराजमान सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और आरती उतारी गई। विश्वविद्यालय की सीईओ मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठता है। मानव तो क्या पशु-पक्षी तक उल्लास से भर जाते हैं। हर दिन नयी उमंग से सूर्योदय होता है और नयी चेतना प्रदान कर अगले दिन फिर आने का आश्वासन देकर चला जाता है। यों तो माघ का यह पूरा मास ही उत्साह देने वाला है, पर वसंत पंचमी (माघ शुक्ल) का पर्व भारतीय जनजीवन को अनेक तरह से प्रभावित करता है। प्राचीनकाल से इसे ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती का जन्मदिवस माना जाता है। जो शिक्षाविद, विद्यार्थी भारत और भारतीयता से प्रेम करते हैं, वे इस दिन मां शारदे की पूजा कर उनसे और अधिक ज्ञानवान होने की प्रार्थना करते हैं।

मानक के विपरीत बरसाना में बना रहे हैं रेस्टोरेंट गेस्ट हाउस

अवधनामा संवाददाता

- एमवीडीए की अंधेरी पड़ सकती है भारी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना
- कभी अंडरग्राउंड तो कभी चार मंजिला बन रही है इमारतें

मथुरा। लगभग समूचे ब्रज के विकास हेतु प्रदेश सरकार द्वारा अब से कई वर्ष पूर्व मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण का गठन किया था जिसमें छोटे बड़े एक दर्जन से अधिक तीर्थ स्थलों को शामिल किया गया था जिसमें शहरी ग्रामीण क्षेत्र भी आते हैं विकास प्राधिकरण के गठन को कई वर्ष गुजर चुके हैं लेकिन धरातल पर उक्त विकास प्राधिकरण कोई विकास जनता के सामने ऐसा नहीं आया जिससे इसका बखान किया जा सके।

उक्त मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण से पूर्व छोटे-मोटे महानगरों में यहां तक की ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े ग्राम पंचायत में पहले तो मकानों,वाणिज्य दुकानों का निर्माण करने के लिए कोई विशेष मानक नहीं थे बहुत कम औपचारिकताओं में मकान दुकान का निर्माण हो जाता था लेकिन पिछले कई वर्षों से जब से मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण गठन हुआ है तब से मानचित्र स्वीकृत कराने हेतु सरकारी फीस में काफी बढ़ोतरी हुई है लेकिन इसके अलावा भ्रष्टाचार में भी बेतहाशा वृद्धि देखी की जा रही है। अपुष्ट सूत्र बताते हैं कि विकास प्राधिकरण के कर्मचारी भवन निर्माताओं को भय दिखाकर अवैध वसूली करते हैं तथा मानकों के विपरीत भवन कंपलेक्स निर्माण में परोक्ष रूप से सहायता भी करते हैं नगरों में भवनों के निर्माण से सुंदरीकरण में अहम भूमिका है वहीं गैर मानकों के निर्माण से नगर काने खुतरे नजर आते हैं वहीं सुन्दरता भी कोसों दूर रहती है, समीपवर्ती राजस्थान राज्य को ही ले लीजिए वहां भवनों के निर्माण कानून में कोई शिथिलता नहीं है भवनों का निर्माण एक जैसा है सुन्दरता भी अलग दिखाई देती है राजस्थान राज्य में भवनों का निर्माण एक जैसा ही पाया जाता है।

लेकिन हमारे मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की सीमा में यहां कई प्रशासनिक अधिकारी जिनमें आई ए एस, पी सी एस जिम्मेदारी को संभालते हैं उनके द्वारा भी भवन दुकानों के निर्माण में नगर को सुंदर बनाने हेतु कोई कारगर योजना तैयार नहीं की गई है भलेही विकास प्राधिकरण राजस्व प्राप्ति के मामले में अब्बल नंबर पर हो लेकिन मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की सीमा में चार चांद लगाने में पूरी तरह विफल रहा।

ब्रज में आज से होली का आगाज

अवधनामा संवाददाता

- ठाकुर बांकेबिहारी ने धारण की वसंती पोशाक
- भक्तों संग खेली होली जमकर मंदिर में बरसा गुलाल

मथुरा। ब्रज में 40 दिवसीय होली उत्सव का आगाज बुधवार को वसंत पंचमी से हो गया है। बांके बिहारी मंदिर में सेवायतों ने अपने आराध्य बांके बिहारी के मुख पर लाल गुलाल लगाकर श्रृंगार किया। चांदी के थालों में भर भर कर गुलाल उड़ाया। यही गुलाल श्रद्धालुओं पर बरसाया गया। मंदिरों में भगवान दर्शन और भक्तिभाव के बीच देशभर से आए श्रद्धालु भी गुलाल और चंदन से सराबोर हो गए।वसंत पंचमी से ब्रज की होली का भक्तिमय रंग वृंदावन के मंदिरों में छाने लगा है। बुधवार सुबह बांके बिहारी मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। मंदिर के सेवायतों ने आराध्य बांके बिहारी ने कपोलों, मस्तक पर लाल और पीले रंग के गुलाल के गुलचप्पे बनाकर श्रृंगार किया। अद्भुद श्रृंगार में ठाकुरजी के नयनाभिराम दर्शन कर श्रद्धालु मदमस्त हो गए। श्रृंगार आरती के ठीक बाद सेवायत गोस्वामियों ने श्रद्धालुओं पर ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल बरसाया। प्रभु भक्ति के रंग में रंगे भक्त प्रसादी गुलाल पाने को आतुर दिखे। वह इसमें सराबोर होकर झूमने लगे। बांके बिहारी के जयकारों से मंदिर गुंजायमान हो गया। मंदिर सेवायत गोस्वामियों ने वसंत के पद का गायन कर अपने आराध्य को रिझाया। भक्तों का अपार जोश ब्रज की होली की परंपरा को देख अपने आप को नृत्य करने से नही रोक सका। ब्रज होली का यह आनंद रंग लगातार बरसता रहा। वहीं नगर के ठा. राधावल्लभ मंदिर को वसंती कपड़ों से सजाया गया। वसंती पोशाक ठाकुरजी को धारण कराई गई। गुलाल सेवित करने के साथ ही ठाकुरजी का केसर खीर, हलुआ का भोग लगाया गया।इसी प्रकार ठा.राधासनेह बिहारी मंदिर एवं प्राचीन सप्तदेवालयों में भी ठाकुरजी को गुलाल का श्रृंगार एवं उन्हें सेवित किया गया। भक्तों ने विभिन्न मंदिरों में जाकर अपने आराध्य के अनेक रूपों में दर्शन किए। साथ ही ब्रज की होली का भरपूर आनंद लिया।मंदिर के सेवायत गोपी गोस्वामी ने बताया कि वसंत पंचमी आज से ब्रज मंडल में 40 दिवसीय होली की शुरुआत हो गई है। ठाकुरजी को वसंती पोशाक धारण कराई गई। ठाकुरजी के कमर में फेंटा में गुलाल बांधा गया। कपोलों पर गुलाल के गुल्चा लगे हैं।

श्रृंगार आरती राजभोग आरती और शयन के बाद गुलाल बरसाया जा रहा है। सेवायतों द्वारा ठाकुरजी के प्राकट्यकर्ता स्वामी हरिदास द्वारा रचित केलिमाल के पदों का गायन किया जा रहा है। गोस्वामी ने केलिमाल का पद प्यारो ही न्यारो वसंत खेलें... सुनाते हुए बताया कि वसंत ऋतु स्वामी हरिदास को सबसे ज्यादा प्रिय है। उन्होंने केलिमाल में 110 पदों को लिखा। इसमें सबसे ज्यादा पद वसंत ऋतु पर लिखे हैं। इनका 40 दिनों तक गायन किया जाएगा। पांच दिन ठाकुरजी गर्भगृह से बाहर आकर भक्तों के साथ होली खेलते हैं। होली और ठिठोली का कार्यक्रम शुरु हो गया। होली का डांढा गढ़ जाता है। और ब्रज में होली महोत्सव का आज से आगाज हो जाता है।

रेहान अहमद का वीजा मामला सुलझा, बेन स्टोक्स ने की बीसीसीआई की तारीफ

बीसीसीआई के हस्तक्षेप के कारण युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद का वीजा मुद्दा कम समय में सुलझ गया जिस पर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बुधवार को राहत की सांस ली। पाकिस्तानी मूल के स्पिनर अहमद के पास राजकोट आगमन पर एकल-प्रवेश वीजा था।

भारत सरकार और बीसीसीआई के हस्तक्षेप के कारण युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद का वीजा मुद्दा कम समय में सुलझ गया जिस पर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बुधवार को राहत की सांस ली। पाकिस्तानी मूल के स्पिनर अहमद के पास राजकोट आगमन पर एकल-प्रवेश वीजा था। वह हालांकि भारत के खिलाफ तीसरा टेस्ट शुरू होने से एक दिन पहले अपनी कागजी कार्रवाई पूरी करने में सक्षम रहे।

कप्तान बेन स्टोक्स ने तीसरे टेस्ट मैच से पहले कहा कि, किसी भी व्यक्ति के लिए वीजा का इंतजार करना हमेशा तनाव वाला समय होता है लेकिन शुक्र है कि हमने इसे आज सुबह पूरा कर लिया। एयरपोर्ट पर उसे शुरुआत में वीजा (दो दिनों का) देकर वहां के लोगों ने बहुत अच्छा काम किया। अब बीसीसीआई और सरकार के सहयोग से उसे वीजा मिल गया।

इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि, हमें अब उन मुद्दों के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है, हमें पूरा विश्वास था कि मैच शुरू होने से पहले हमें रेहान के लिए वीजा मिल जाएगा। इस सीरीज की शुरुआत से पहले टीम के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को भी वीजा समस्या का सामना करना पड़ा था और वह पहले टेस्ट के तीसरे दिन हैदराबाद पहुंचे थे। स्टोक्स ने स्थिति को अच्छी तरह से संभालने के लिए रेहान की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा हमने इस बारे में कभी नहीं सोचा कि वह इस सप्ताह नहीं खेलेंगे। युवा खिलाड़ियों में सबसे अच्छी बात यह होती है वह चीजों से सहजता से निपटते हैं।'' स्टोक्स ने कहा इस तरह की परिस्थिति में ज्यादातर लोग घबरा जाते लेकिन कम उम्र का होने के बाद भी वह इससे बेहतर तरीके से निपटा। उसने अब तक जो टेस्ट मैच खेले हैं उसमें वह अपनी तय भूमिका को निभाने में सफल रहा।

एक बार फिर मिली बेथ मूनी को गुजरात जायंट्स की कमान, स्नेह राणा उपकप्तान

दरअसल, बेथ मूनी को पहले सत्र के लिए भी कप्तान बनाया गया था लेकिन पहले मैच के बाद वह चोटिल हो गईं और टूर्नामेंट के बाकी मुकाबलों में नहीं खेल सकीं। जिसके बाद उनकी अनुपस्थिति में भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा ने टीम का नेतृत्व किया था। महज कुछ ही दिनों में महिला प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का आगाज होने वाला है। जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। डब्ल्यूपीएल 2024 से पहले ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी की गुजरात जाइंट्स में वापसी हुई है। जिसके बाद उन्हें कप्तानी सौंपी गई है जबकि स्नेह राणा को उपकप्तानी की कमान मिली है। बता दें कि, मूनी को पहले सत्र के लिए भी कप्तान बनाया गया था लेकिन पहले मैच के बाद वह चोटिल हो गईं और टूर्नामेंट के बाकी मुकाबलों में नहीं खेल सकीं। जिसके बाद उनकी अनुपस्थिति में भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा ने टीम का नेतृत्व किया था।

ध्रुव जुरेल ने दिए अपने टेस्ट डेब्यू के संकेत, अपने पिता को बताया हीरो

जुरेल ने राजकोट टेस्ट से पहले नेट पर काफी देर तक विकेटकीपिंग की थी। कप्तान रोहित शर्मा उन पर कड़ी नजर रखे हुए थे। विकेटकीपिंग के अलावा जुरेल ने बल्लेबाजी का भी अभ्यास किया था। उन्होंने बीसीसीआई से कहा कि अगर उन्हें इंडिया कैप मिलती है तो वो उसे अपने पिता को समर्पित करेंगे क्योंकि उनके पिता उनके हीरो हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच 15 फरवरी यानी गुरुवार से राजकोट में तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस मैच में भारतीय टीम के लिए दो खिलाड़ी डेब्यू कर सकते हैं। दरअसल, खराब फॉर्म के कारण विकेटकीपर केएस भरत की जगह ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है। जबकि श्रेयस अय्यर की जगह सरफराज खान को पर्दापण करने का मौका मिल सकता है।

वहीं बीसीसीआई ने पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में ध्रुव जुरेल अपने डेब्यू के संकेत देते

नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह पहली टेस्ट कैप अपने पिता को समर्पित करेंगे। क्योंकि उनके पिता ही उनके हीरो हैं। आईपीएल में 2023 में राजस्थान रॉयल्स के लिए कई बेहतरीन पारियां खेलने वाले ध्रुव को ईशान किशन की गैरमौजूदगी में टेस्ट में चुना गया था। हालांकि, वह पहले दो टेस्ट में बाहर बैठे थे। भरत को दो मैचों में मौके मिले, लेकिन वो खुद को विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी में साबित नहीं कर पाए। तीसरे टेस्ट से पहले ऐसी अटकलें हैं कि भरत को बाहर बिठाया जा सकता है जबकि ध्रुव को मौका दिया जा सकता है। जुरेल ने राजकोट टेस्ट से पहले नेट पर काफी देर तक विकेटकीपिंग की थी। कप्तान रोहित शर्मा उन पर कड़ी नजर रखे हुए थे। विकेटकीपिंग के अलावा जुरेल ने बल्लेबाजी का भी अभ्यास किया था। उन्होंने बीसीसीआई से कहा कि अगर उन्हें इंडिया कैप मिलती है तो वो उसे अपने पिता को समर्पित करेंगे क्योंकि उनके पिता उनके हीरो हैं। ध्रुव ने कहा, जब भी मैं भ्रमित महसूस करता हूं तो मैं उनसे बात करता हूं। वह मेरा मार्गदर्शन करते हैं, वह मेरे हीरो हैं। बता दें कि, जुरेल ने यशस्वी जायसवाल के साथ बातचीत में पहली बार टीम बस में बैठने की यादों को शेयर किया। उन्होंने कहा कि, ईमानदारी से कहूं तो जैसे ही मुझे पता चला कि मेरा नाम भारतीय क्रिकेट टीम में है तो मैं सचमुच घबरा गया था।

पीवी सिंधु का बेहतरीन कमबैक, बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में चीन को दी 3-2 से मात

पीवी सिंधू ने चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को जीत दर्ज की जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने के कारण पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जीत सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को जीत दर्ज की जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने के कारण पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जीत सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर सिंधू ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता 28 साल की सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी वेंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई जिससे तीन मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया।

त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इसके बाद ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को एक घंटे और नौ मिनट में 10-21 21-18 21-17 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई। निर्णायक मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने दुनिया की 149वें नंबर की वू लियो यू को एक घंटे और 17 मिनट में 22-20 14-21 21-18 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। भारतीय पुरुष टीम बुधवार को ग्रुप ए लीग मैच में हांगकांग से भिड़ेगी।

तीसरे टेस्ट मुकाबले के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग 11 का ऐलान

15 फरवरी से राजकोट में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला खेला जाएगा। जिसके लिए इंग्लिश टीम ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। वहीं मार्क वुड की वापसी हुई है जबकि शोएब बशीर को बाहर बिठाया गया है। भारत और इंग्लैंड के बीच राजकोट में 15 फरवरी से तीसरा टेस्ट मुकाबला खेला जाएगा। ये मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 9 बजे से खेला जाएगा। वहीं इंग्लैंड ने तीसरे मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। इस टीम में मार्क वुड की वापसी हुई है जबकि शोएब बशीर को बाहर बिठाया गया है। बता दें कि, पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। जहां पहला मुकाबला यानी हैदराबाद टेस्ट मेहमान टीम ने जीता तो विशाखापट्टनम टेस्ट में मेजबान टीम ने जीत हासिल की। जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फॉक्स, रेहान अहमद, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन।

विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हुए सुमित नागल, कहा अब मेरी नजर ओलंपिक पर

विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना साकार होने के बावजूद सुमित नागल संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि यह भारतीय टेनिस खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक में सीधे प्रवेश के लिए अपनी रैंकिंग में सुधार या फिर इस रैंकिंग पर बने रहने की चुनौती के लिए तैयार है। हाल ही में चेन्नई ओपन में नागल की जीत ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ 98वीं विश्व रैंकिंग पर पहुंचा दिया। वह 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं।

नागल ने मंगलवार रात बेंगलुरू ओपन के पहले दौर में जीत के बाद कहा, हर टेनिस खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखता है। मैंने काफी कम उम्र से शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखा था और जब ऐसा हुआ तो बहुत अच्छा लगा। वर्षों तक काम करने के बाद यह निश्चित रूप से एक भावनात्मक दिन था। दूसरी वरीयता प्राप्त 26 साल के नागल ने पहले दौर में फ्रांस के गेफ ब्लैंकेनॉक्स पर 6-2, 6-2 से आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल की नजरें हालांकि बड़ी उपलब्धियों पर टिकी हैं।

उन्होंने कहा, हां, यह एक बड़ा लम्हा था (शीर्ष 100 में प्रवेश) लेकिन अब मैं एक नए टूर्नामेंट में खेल रहा हूं। आप जानते हैं कि टेनिस को सप्ताह दर सप्ताह लेने की जरूरत है। अब मैं बेंगलुरू में

इस टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। नागल ने कहा, लेकिन असली लक्ष्य ओलंपिक में जाना और अपने देश का प्रतिनिधित्व करना है। यह मेरे लक्ष्यों में से एक है और यह वास्तव में मुझे प्रेरित करता है। मैं ओलंपिक में खेलना चाहता हूं और देश के लिए पदक जीतना चाहता हूं। इस साल 10 जून तक एटीपी (पुरुष) और डब्ल्यूटीए (महिला) रैंकिंग में शीर्ष 56 एकल खिलाड़ियों को जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे प्रवेश मिलेगा बशर्ते प्रति देश संख्या चार खिलाड़ियों से अधिक नहीं हो।

जिन देशों के पास चार से कम स्वतः क्वालीफायर हैं उन्हें शीर्ष 56 के बाहर से प्रविष्टियों की अनुमति दी जाएगी। ओलंपिक में 64 खिलाड़ियों के मजबूत ड्रॉ के शेष आठ स्थान महाद्वीपीय चैंपियन (चार), पिछले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता या ग्रैंड स्लैम चैंपियन (दो), मेजबान देश (एक) और यूनिवर्सेलिटी (एक) के लिए आरक्षित होंगे। शीर्ष 100 में बने रहने से हरियाणा में जन्मे नागल को ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश के लिए क्वालीफायर में खेलने या वाइल्डकार्ड की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा, हां, यह एक बड़ी सकारात्मक बात है (शीर्ष 100 में होना)इसलिए हर खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल होना चाहता है क्योंकि आप ग्रैंड स्लैम में खेलना चाहते हैं। नागल ने कहा, अगर मैं ऐसा कर सका और शीर्ष 100 में शामिल रह सका तो यह मेरे लिए बहुत अच्छा होगा क्योंकि हम फ्रेंच ओपन सत्र के करीब हैं।

शाहरुख खान ने अपने पतन के पीछे के कारण के बारे में बात की, किस चीज़ ने उन्हें वापसी करने के लिए प्रेरित किया

शाहरुख खान 5 साल तक अपने गायब रहने के बारे में बात करते हैं और यही बात उन्हें पठान और जवान के साथ शानदार वापसी करने के लिए प्रेरित करती है।

2018 में जीरो के साथ अपनी असफलता के बाद शाहरुख खान फिल्मों से गायब हो गए। सुपरस्टार के प्रशंसकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बौना बनने का समय दिया और 4 साल बाद उन्होंने पठान, जवान और डंकी के साथ शानदार वापसी की। उनके प्रशंसकों के मन में अक्सर यह सवाल उठता है कि सुपरस्टार अपने विश्राम के दौरान क्या कर रहे थे क्योंकि वे सोच रहे थे और केवल हूटिंग कर रहे थे कि वह वापस आएंगे या नहीं। रिचर्ड क्वेस्ट के साथ अपने नवीनतम साक्षात्कार में शाहरुख खान ने लगभग 5 वर्षों तक सिनेमा में अपनी अनुपस्थिति और वह क्या कर रहे थे, इस पर चर्चा की।

इंटरव्यू में शाहरुख खान से पूछा गया कि क्या उन्हें अपने जख्मों पर मरहम लगता है और क्या उन्हें अपनी असफलता पर दुख होता है। सुपरस्टार ने कहा, बड़े पैमाने पर फ्लॉप फिल्में हुईं, और उन्होंने बहुत ही खराब प्रदर्शन किया। मैं अपने घाव मिटा रहा था। लेकिन आप जानते हैं कि मैंने क्या किया? मैंने दुनिया में सबसे अच्छा पिज्जा बनाना सीखा। मैंने कहानियां सुनना बंद कर दिया, मैंने सुनना बंद कर दिया। कहानियाँ सुनाने के लिए, मैंने अपने लिए एक छोटी सी रसोई बनाई, और पिज़्ज़ा बनाना सीखना शुरू किया। मैंने दृढ़ता सीखी। क्योंकि सही गोल पिज़्ज़ा बनाने के लिए, आपको पहले एक लाख वर्ग पिज़्ज़ा बनाना होगा।

50 साल की उम्र में अपने करियर की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर देने वाले शाहरुख ने स्वीकार किया कि उन्होंने गलतियां की हैं और यही वजह है कि उन्होंने वापसी की। खुशी है कि मेरे परिवार ने मुझसे यह नहीं कहा, सुनो, तुम्हारे पिज्जा तुमसे बेहतर हैं फिल्में, फिल्में बनाना बंद करो। मुझे खुशी है कि उन्होंने पलटकर कहा, जितना अच्छा आपका पिज्जा है, आपकी फिल्में उतनी ही बेहतर हैं। मैं बहुत अधिक नवोन्वेषी बनने लगा था। मैं पूर्णता की तलाश में था, और मैं असफल होने लगा। मुझे उत्कृष्ट होने की जरूरत थी, मुझे अद्वितीय होने की जरूरत थी, लेकिन मुझे यह देखने की जरूरत थी कि दर्शक क्या चाहते हैं। शाहरुख खान समझ गए कि दर्शक उनसे क्या चाहते हैं और अब वह उसी पर अमल करेंगे। उसी साक्षात्कार में, जवान अभिनेता ने कहा, मैं वहां जाता था जहां हजारों और लाखों लोग मेरी ओर हाथ हिलाते थे, लेकिन मैं वह नहीं सुनता या महसूस नहीं करता था जो वे मुझसे देखना चाहते थे। इसलिए मैं गया और किया। यह फिल्म एक मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति के बारे में है, मैंने एक उन्मत्त, मनोरोगी प्रशंसक के बारे में एक फिल्म बनाई है, लेकिन नहीं, लोग मुझे सिर्फ आशा, खुशी और प्यार देते हुए देखना पसंद करते हैं, तो चलिए उस पर वापस आते हैं। शाहरुख खान 30 साल से ज्यादा समय से इंडस्ट्री पर राज कर रहे हैं और लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

अरबाज खान की पत्नी शूरा खान ने इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होने के दर्दनाक अनुभव को याद किया

अरबाज खान की पत्नी शूरा खान का इंस्टाग्राम अकाउंट पिछले हफ्ते हैक हो गया था। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को इसके बारे में अपडेट किया। उन्होंने समय पर समस्या का समाधान करने के लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम टीमों को उनकी सहायता के लिए धन्यवाद दिया। शशूरा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर घटना के बारे में बताया। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया सभी को नमस्कार। पिछले हफ्ते मेरे इंस्टाग्राम अकाउंट से छेड़छाड़ हो गई थी और यह बेहद निराशाजनक था कि यह हैक हो गया था, लेकिन इंस्टाग्राम और फेसबुक और मेरी प्रिय मित्र शेली भूत्रा की मदद से मैंने इसे पुनः प्राप्त कर लिया। मैं उन सभी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। वापस आकर अच्छा लग रहा है।

व्यक्तिगत मोर्चे पर, अरबाज ने शूरा खान से दूसरी बार शादी की और अपनी शादी की तस्वीरों से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। उन्होंने 24 दिसंबर, 2023 को अपने दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में एक अंतरंग शादी की। अरबाज ने उन ट्रोल्स को भी संबोधित किया जिन्होंने उनकी उम्र के अंतर पर सवाल उठाया था और उन्होंने कहा कि दोनों जानते थे कि वे एक-दूसरे से क्या चाहते हैं।

अरबाज ने यहां तक कहा कि उनकी पत्नी उनसे काफी छोटी हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि वह 16 साल की हैं। अपनी शादी के बाद से दोनों सोशल मीडिया पर अपने रोमांटिक पलों की तस्वीरें पोस्ट करते रहे हैं। 5 फरवरी को शूरा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तीन तस्वीरों का एक कोलाज साझा किया, जिसमें उनके पति, अभिनेता अरबाज थे। उन्होंने सोमवार की बितायी अपनी रोमांटिक सुबह की एक झलक पेश की। तस्वीर में दोनों एक-दूसरे की आंखों में रोमांटिक अंदाज में देखते नजर आ रहे हैं। काम के मोर्चे पर, शूरा बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन की मेकअप आर्टिस्ट हैं। अरबाज आखिरी बार बिग बॉस 17 में नजर आए थे।

या शोएब इब्राहिम और दीपिका ककड़ अपने दूसरे बच्चे की उमीद कर रहे हैं? फैंस ने एट्रेस के बेबी बंप को नोटिस किया

हाल ही में इस परिवार को एक बार फिर डांस रियलिटी शो के सेट पर देखा गया। यह एक पारिवारिक सप्ताह माना जाता है और दीपिका, रुहान, शोएब के लिए वहां आए थे। ऐसा लगता है कि प्रदर्शन में परिवार भी शामिल होंगे।

झलक दिखला जा 11 ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। शो फिनाले की ओर बढ़ रहा है और प्रशंसक यह जानने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि विजेता कौन होगा। इस सीजन में सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले कंटेस्टेंट शोएब इब्राहिम रहे हैं। उन्होंने कम स्कोर के साथ थोड़ी धीमी शुरुआत की लेकिन अब वह सबसे मजबूत प्रतियोगियों में से एक हैं। उनके व्लॉग्स के कारण उनकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग भी है। लोग उन्हें उनकी पत्नी दीपिका कक्कड़ और बेटे रूहान के साथ देखना पसंद करते हैं। वे एक प्यारा परिवार बनाते हैं। इस क्यूट फैमिली को अक्सर झलक दिखला जा 11 के सेट पर देखा जाता है। दीपिका और रुहान कई बार शोएब को सपोर्ट करने आए हैं।

हाल ही में इस परिवार को एक बार फिर डांस रियलिटी शो के सेट पर देखा गया। यह एक पारिवारिक सप्ताह माना जाता है और दीपिका, रुहान, शोएब के लिए वहां आए थे। ऐसा लगता है कि प्रदर्शन में परिवार भी शामिल होंगे। दीपिका कक्कड़ लाल अनारकली ड्रेस में नजर आई। शोएब ने नीली टी-शर्ट और काली पैंट पहनी थी, जबकि रुहान एक सफेद पोशाक में थे।

जैसे ही दीपिका ने कैमरे के सामने पोज दिया, प्रशंसकों की नजर तुरंत उनके बेबी बंप पर पड़ी और उन्हें लगा कि वह गर्भवती हैं। उनके चेहरे पर अलग ही चमक थी। एक यूजर ने लिखा, क्या वह अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रही है? एक अन्य यूजर ने लिखा, क्या वह दोबारा प्रेग्नेंट हैं...अगर हां तो बधाई हो।

झलक दिखला जा 11 की बात करें तो इस साल शिव ठाकरे, शोएब इब्राहिम, श्रीराम चंद्रा, संगीता फोगाट, तनीषा मुखर्जी, करुणा पांडे, अंजलि आनंद, अद्रिजा सिन्हा, आमिर अली, उर्वशी ढोलकिया, विवेक दहिया, राजीव ठाकुर ने प्रतियोगी के रूप में प्रवेश किया। बाद में, हमने वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी मनीषा रानी, सागर पारेख, धनश्री वर्मा और निखिता गांधी को वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में प्रवेश करते देखा।

फराह खान, मलायका अरोड़ा और अरशद वारसी शो के जज हैं। गौहर खान और ऋत्विक धनजानी झलक दिखला जा के इस सीजन के होस्ट हैं।

रकुल प्रीत सिंह-जैकी भगनानी करेंगे इकोफ्रेंडली शादी, न होगी कार्ड की छपाई, न फूटेंगे पटाखे

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और फिल्म निर्माता जैकी भगनानी की भव्य शादी 22 फरवरी को गोवा में होने वाली है। शादी के जश्न से एक हफ्ते पहले, कपल के एक किसी करीबी ने बताया है कि यह शादी एकदम इकोफ्रेंडली होगी। इस शादी में न तो कार्ड बांटे जाएंगे और न ही आतिशबाजी होगी। यह शादी बाकी सेलेब्स की वेडिंग से हटके होगी।

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और फिल्म निर्माता जैकी भगनानी जल्द ही 22 फरवरी को गोवा में शादी के बंधन में बधने जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह शादी एकदम हटके होने वाली है। कपल ने डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए विदेश नहीं भारत ही चुना, रकुल प्रीत सिंह और निर्माता जैकी भगनानी की शादी 22 फरवरी को गोवा में भव्य होने वाली है। शादी के जश्न से एक हफ्ते पहले, कपल के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की है कि शादी पर्यावरण के अनुकूल होगी।

सूत्र ने कहा, कपल और उनके परिवार की ओर से कोई फिजिकल इनविटेशन नहीं भेजा गया है। साथ ही, इस शादी में कोई पटाखे नहीं फोड़े जाएंगे। कपल ने इकोफ्रेंडली विवाह के इरादे पर जोर दिया है, सूत्र ने विस्तार से बताया, ये लोग रकुल-जैकी के विवाह समारोहों के दौरान उत्पन्न कार्बन पदचिह्न को मापेंगे। फिर वे उन्हें बताएंगे कि पदचिह्न के अनुसार कितने पेड़ लगाने की जरूरत है। यह निश्चित तौर पर उठाया गया एक अनोखा कदम है। शादी समारोह के तुरंत बाद या अगले दिन, यह जोड़ा स्वयं इसे लगाएंगे। इससे पहले एक सूत्र ने को बताया था कि रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी मेहमानों के लिए नो फोन पॉलिसी नीति का विकल्प चुनेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शादी एक निजी मामला है। सूत्र ने कहा, वे बहुत निजी लोग हैं, यही कारण है कि वे अपनी गोपनीयता की रक्षा के लिए तरीकों के बारे में सोच रहे हैं। रकुल-जैकी मेहमानों के लिए नो फोन पॉलिसी लेने की योजना बना रहे हैं। शादी की थीम के बारे में उन्होंने कहा, वे सजावट और थीम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। एक बात निश्चित है कि यह वही होगा जो वे व्यक्ति के रूप में हैं, हर चीज़ उनके व्यक्तित्व को दर्शाती है, सूत्र ने कहा। इससे पहले, 2021 में जैकी के साथ अपने रिश्ते को सार्वजनिक करने के बारे में, रकुल ने फिल्म कंपेनियन से कहा था, हम दोनों की राय है कि किसी रिश्ते में छिपाने या मूर्खता दिखाने की कोई बात नहीं है। यदि आप प्यार में हैं, तो सबसे अच्छी बात यह है कि देना एक-दूसरे का सम्मान करें और इसे स्वीकार करें। हम सभी जानते हैं कि कपल कौन हैं, छिप रहे हैं और भाग रहे हैं। हम दोनों उस विचारधारा से नहीं आते हैं। रकुल प्रीत सिंह ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत कन्नड़ फिल्म गिल्ली से की थी। उन्होंने 2013 में दिव्या खोसला कुमार की फिल्म यारियां से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उन्हें दे दे प्यार दे, छत्रीवाली, कटपुतली, थैंक गॉड, डॉक्टर जी और रनवे 34 जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

कांग्रेस को एक और झटका, लाल बहादुर शास्त्री के पोते ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे पास आ रहे हैं, वैसे-वैसे कांग्रेस को झटका लगता जा रहा है। एक के बाद एक नेता पार्टी का साथ छोड़ रहे हैं। अब पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वहीं, भाजपा का हाथ थाम लिया।

विभाकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट के जरिए अपने इस्तीफे का एलान किया है। विभाकर ने अपने ट्वीट में बताया कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

विभाकर शास्त्री की बात करें तो उन्होंने उत्तर प्रदेश की फतेहपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर साल 1998 में चुनाव लड़ा था. जबकि इसके बाद साल 1999 और साल 2009 में भी वो चुनावी मैदान में उतरे। लेकिन तीनों बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

अगर अतीत में जाकर देखे तो साल 2009 में संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने बाहरी नेताओं को तो गले लगाया था, लेकिन विरासत लेने के प्रयास को ठुकरा दिया था। पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र व पूर्व पीएम वीपी सिंह के पुत्र सियासी मैदान जीतने चुनाव मैदान में उतरे थे, लेकिन मतदाताओं ने विरासत को पूरी तरह से नकारकर बाहरी को ही पसंद किया था।

वर्ष 1980 के लोकसभा चुनाव में जब कांग्रेस की बयार चल रही थी, तब देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बड़े पुत्र हरीकृष्ण शास्त्री संसदीय क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरे थे। लोकदल के लियाकत हुसैन को पराजित कर वह चुनाव जीते और केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल में भी शामिल हुए।

जिले में औद्योगिक क्रांति की नींव रखकर श्री शास्त्री ने क्षेत्र को अपना गढ़ बनाने का प्रयास किया। इससे वर्ष 1984 के चुनाव में जनता ने फिर उन्हें चुनकर संसद भेजा। वर्ष 1989 व 91 के चुनाव में बोफोर्स का मुद्दा लेकर आए वीपी सिंह के सामने वह नहीं टिक पाए।

पुलवामा के शहीदों को पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

राज्यसभा उम्मीदवार बनने पर बीजेडी नेताओं ने जताई खुशी

नई दिल्ली। ओडिशा में राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर बीजू जनता दल (बीजेडी) नेता देबाशीष सामंत्री और शुभाशीष खुंटिया मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को पुलवामा में शहीद हुए जवानों को सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, मैं पुलवामा में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनकी सेवा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। ओडिशा में राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर बीजू जनता दल (बीजेडी) नेता देबाशीष सामंत्री ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं अपने नेता और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। हम एक मजबूत क्षेत्रीय पार्टी हैं मेरी प्राथमिकताएं मेरे नेता की प्राथमिकताएं होंगी जो कि ओडिशा के लिए काम करना है।

श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को पुलवामा में शहीद हुए जवानों को सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर शुभाशीष खुंटिया ने कहा, भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के समर्थन से आज मैंने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर दिया। मैं ओडिशा को प्रभावित करने वाले मुद्दों को केंद्र सरकार के सामने उठाऊंगा। यह निर्णय अन्य युवाओं को राजनीति में आने के लिए प्रेरित करेगा। हम नवीन पटनायक को फिर एक बार सीएम बनाएंगे।

उल्हासनगर फायरिंग मामले में भाजपा विधायक गनपत गायकवाड़ समेत पांच रोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें आज अदालत के समक्ष पेश किया गया। पांचों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

भारतीय नौसेना ने विशाखापत्तनम में आईएनएस डेगा में अटलांटिक-2, फ्रांसीसी समुद्री गश्ती विमान और एयरबस ए400, फ्रांसीसी परिवहन विमान का स्वागत किया। यह भारतीय नौसेना संपत्तियों के साथ द्विपक्षीय अभ्यास में शामिल होगा।

विशाखापत्तनम में एमआईएलएएन 24 (बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास 2024) पर नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने बताया कि इस आयोजन में कुल 51 देश भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी 51 देशों के चीन के साथ अपने-अपने संबंध हैं। हमारा संदेश चीन के खिलाफ नहीं है. हमारा संदेश है कि अगर हम एकजुट होकर काम करेंगे तो हम समुद्र की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, एमआईएलएएन 24 के माध्यम से दुनियाभर के देशों को एक साथ लाने का एक प्रयास है। विशाखापत्तनम में मिलन और हमारे 51 देश इस आयोजन में भाग ले रहे हैं, इनमें से 15 देश जहाज भेज रहे हैं और एक विमान भी अभ्यास में शामिल हो रहा है।

राजीव से मुलाकात से लेकर कांग्रेस का सबसे ताकतवर नेता बनने तक

नई दिल्ली। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन कर दिया है। इससे पहले कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करने के लिए जयपुर पहुंची। उनके साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा भी जयपुर पहुंचे। सोनिया गांधी 1998 से निर्वाचित होकर पार्टी की सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहीं। वह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की समन्वय समिति की अध्यक्ष भी हैं। उनका जन्म 9 दिसंबर 1946 को हुआ था। अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने एक विदेशी भाषा स्कूल में दाखिला लिया। यहां उन्होंने अंग्रेजी, फ्रेंच और रूसी भाषा की पढ़ाई की। कैंब्रिज में पढ़ाई के दौरान उनकी मुलाकात राजीव गांधी से हुई। उनकी शादी 1968 में नई दिल्ली में हुई। वर्ष 1984 से 1991 के दौरान जब उनके पति राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और फिर कुछ समय के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता थे। इस दौरान सोनिया गांधी ज्यादातर देश और विदेश में राजीव गांधी के दौरों पर उनके साथ रहीं। मई 1991 में अपने पति की हत्या के बाद उन्होंने एक गैर-सरकारी संगठन राजीव गांधी फाउंडेशन और उससे जुड़े थिंक-टैंक, राजीव गांधी इंस्टीट्यूट फॉर कंटेम्परेरी स्टडीज की स्थापना की। इनकी अध्यक्ष के रूप में उन्होंने खुद को उनकी गतिविधियों में व्यस्त रखा। कांग्रेस की आधिकारिक वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, सोनिया गांधी ने 1997 में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। 1998 में लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले उन्होंने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया। उन्होंने पार्टी की ओर से जोरदार प्रचार किया और अप्रैल 1998 में कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं। दिसंबर 2017 तक वह इस पद पर बनी रहीं।

संदेशखाली जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प, धक्का-मुक्की में घायल हुए सुकांत मजूमदार

कोलकाता। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार पुलिस के साथ धक्का-मुक्की में घायल हो गए। दरअसल, वह संदेशखाली जाने की कोशिश रहे थे और इस दौरान पुलिस और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। झड़प के बाद सुकांत मजूमदार को बशीरहाट मल्टी-फैसिलिटी अस्पताल ले जाया गया।

सुकांत मजूमदार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि राज्य पुलिस ने उन्हें संदेशखाली जाने से रोकने के लिए उनके लॉज की घेराबंदी की थी। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रदर्शनकारियों से मिलने के लिए बुधवार को संदेशखाली जाना था।

उन्होंने आगे कहा, कल के प्रदर्शन के बाद संदेशखाली जल्दी पहुंचने के लिए मैंने टाकि में एक लॉज में रहने का निर्णय लिया। सुबह पुलिस ने मेरे लॉज के प्रवेश द्वार को बाधित कर दिया है और किसी को बाहर जाने नहीं दे रही थी। इससे पहले सुकांत मजूमदार ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा था, पश्चिम बंगाल के बशीरहाट और अन्य इलाकों में हिंदुओं को गुप्त रूप से प्रार्थना करनी पड़ती है। दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति विसर्जन को ममता बनर्जी पहले ही रोक चुकी हैं और एक बार तारीख भी बदल चुकी हैं। ये है ममता बनर्जी की गंदी राजनीति। वह केवल तुष्टीकरण की राजनीति के बारे में सोचती है, लोगों के विकास के बारे में नहीं। मैं संदेशखाली जाने की कोशिश करूंगा, देखूंगा कि पुलिस मुझे रोकने की कोशिश करती है या नहीं।

संदेशखाली में स्थानीय महिलाएं लगातार प्रदर्शन कर रहीं है। उन्होंने टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों पर जबरन उनके जमीनों पर कब्जा करने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। महिलाओं ने शेख शाहजहां की गिरफ्तारी की भी मांग की है।

हम रक्षा बल के अनुभव की वजह से जिंदा बच पाए

कतर से रिहा नौसेना के पूर्व अधिकारी ने साझा किया दर्द

तिरुवनंतपुरम। केरल के रागेश गोपाकुमार भारतीय नौसेना के उन आठ पूर्व कर्मियों में से एक हैं, जिन्हें हाल ही में कतर की जेल से रिहा किया गया। इन सभी को अदालत ने पहले मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, बाद में इस सजा को कारावस में बदल दिया गया था। खाड़ी देश में महीनों कैद में रहने के बाद गोपाकुमार ने अपने परिवार से मिलने पर खुशी जाहिर की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। राहत महसूस कर रहे गोपाकुमार ने कहा, हम बहुत खुश हैं कि जिंदा लौट आए। उन्होंने बताया कि वह और उनके सहयोगी रक्षा प्रशिक्षण (डिफेंस ट्रेनिंग) के कारण ही बच पाए। कतर ने दो दिन पहले उन्हें अन्य सात पूर्व नौसेन कर्मियों के साथ रिहा किया था। सभी की मौत की सजा को अलग-अलग अवधि की जेल सजा में बदल दिया गया था। गोपाकुमार सोमवार को तिरुवनंतपुरम के उपनगरीय इलाके बलरामपुरम पहुंचे। उन्हें अपने परिजनों को रोते हुए गले लगाया। पूर्व नौसेना कर्मी ने कहा कि जेल और सजा डरावनी थी। नौसेना के पूर्व अधिकारी ने अपनी रिहाई का श्रेय परिवार की दुआओं और केंद्र सरकार के प्रयासों को दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निजी दखल के कारण ही उनकी रिहाई संभव हो सकी।

रिहाई

परिवार और केंद्र के प्रयासों को दिया रिहाई का श्रेय

गोपाकुमार ने कहा कि सभी को उम्मीद थी कि अगर प्रधानमंत्री मोदी दखल देते हैं तो वे जेल से बाहर निकल आएंगे। लेकिन यह नहीं पता था कि इसमें कितना समय लगेगा।उन्होंने जेल में बंद भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारियों के परिवारों को कतर लाने की व्यवस्था करने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया। गोपाकुमार ने कहा, अगर कोई भारतीय विदेश में मुसीबत में फंसा है और निर्दोश है और हमारे प्रधानमंत्री इसके बारे में आश्वस्त हैं, तो वह उनके बचाव में आएंगे, चाहे वह कोई एक व्यक्ति ही क्यों न हो। हर भारतीय को यह पता होना चाहिए। जेल में बिताए दिनों को याद करते हुए गोपाकुमार ने बताया कि वह और उनके सहयोगी रक्षा बल के रूप में प्रशिक्षण लेने के कारण बच पाए। उन्होंने बताया कि वह 2017 में भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त हुए थे और बाद में ओमान डिफेंस ट्रेनिंग कंपनी के संचार प्रशिक्षक (ट्रेनिंग कम्युनिकेटर) के रूप में शामिल हुए थे। भारतीय नौसेना के आठ कर्मियों पर जासूसी के आरोप थे। लेकिन, न तो कतर के अधिकारियों और न ही दिल्ली ने उनके खिलाफ लगे आरोपों को सार्वजनिक किया है। 26 अक्तूबर को उन्हें कतर की अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। इसके बाद खाड़ी देश की अपीलीय अदालत ने 28 दिसंबर को मौत की सजा को कारावास में बदल दिया। फिर उन्हें तीन साल से पच्चीस साल तक की अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई गई थी।

पति का अपनी मां को समय-पैसे देना पत्नी के खिलाफ घरेलू हिंसा नहीं

मुंबई। मुंबई की एक सत्र अदालत ने कहा कि एक पति को अपनी मां को समय और पैसा देना घरेलू हिंसा नहीं है। कोर्ट ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की याचिका खारिज कर दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आशीष अयाचित ने मंगलवार को आदेश में कहा कि उत्तरदाताओं के खिलाफ आरोप अस्पष्ट और संदिग्ध हैं और यह साबित करने के लिए कुछ भी नहीं है कि उन्होंने आवेदक (महिला) के खिलाफ घरेलू हिंसा की।

'मंत्रालय' (राज्य सचिवालय) में सहायक के रूप में काम करने वाली एक महिला ने सुरक्षा और गुजारा भत्ते की मांग के लिए घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के तहत एक मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष शिकायत दर्ज की थी।

इंडोनेशिया में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शुरू, 20 करोड़ मतदाता करेंगे अपने मत का इस्तेमाल

जकार्ता। दुनिया में आज जहां एक तरफ युवक-युवतियां वैलेंटाइन डे मना रहे हैं। वहीं मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया में आधे से अधिक मतदाता, जो कि युवा हैं, नई सरकार बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था, मानवाधिकारों पर चिंताओं के बीच यहां 20 करोड़ से अधिक मतदाता नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इंडोनेशिया में फिलहाल जोको विडोडो राष्ट्रपति हैं। बता दें, आज दुनिया के सबसे बड़े एक दिवसीय चुनाव में न केवल नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को बल्कि संसदीय और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी चुना जाएगा। जोकोवी के नाम से लोकप्रिय विडोडो अपने दो कार्यकाल की अधिकतम सीमा पूरी कर चुके हैं। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद इंडोनेशिया अपनी राजनीति में एक नए चरण की शुरुआत करना चाहता है। इंडोनेशिया की कुल 27 करोड़ आबादी में से 20.4 करोड़ लोग मतदान करेंगे। मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि अधिक लोग मतदान करेंगे। पिछले साल 2019 में 81 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया था।

इंडोनेशिया में 18 राजनीतिक दल हैं, जो 575 संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। वर्तमान में जोको विडोडो (जोकोवी) इंडोनेशिया के राष्ट्रपति हैं, जो पिछले 10 वर्षों से इंडोनेशिया के शीर्ष पद पर बैठे हैं। वहीं, इस चुनाव में तीन उम्मीदवार राष्ट्रपति बनने की रेस में हैं। लेकिन सबकी नजरें राष्ट्रपति पद के दावेदार प्रोबोवो सुबिआंतो पर टिकी हुई हैं। वे पूर्व सैन्य जनरल रह चुके हैं और इस सरकार में रक्षा मंत्री रह चुके हैं। इंडोनेशिया में राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति पद के लिए तीन जोड़िया मुख्य रूप से आगे चल रही हैं। राष्ट्रपति पद के लिए पहला नाम-वर्तमान रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो (72) का है, जो 2014 और 2019 में जोकोवी से हार गए थे। उन पर 1990 के दशक के अंत में 20 से अधिक लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं के अपहरण का आरोप है। साथ ही उन पर पूर्वी तिमोर और पापुआ में मानवाधिकारों के हनन का भी आरोप है। वहीं, सुबियांतो के साथी और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जिब्रान राकाबुमिंग (36) भी विवादास्पद रहे हैं। हालाँकि प्रबोवो और जिब्रान को जोकोवी का स्पष्ट समर्थन नहीं है। इसके अलावा, दूसरी शीर्ष जोड़ी गंजर प्रणोवो (राष्ट्रपति पद के लिए) मध्य जावा के पूर्व गवर्नर हैं और उनके साथी महफुद एमडी (उप राष्ट्रपति पद के लिए) इंडोनेशियाई डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ स्ट्रगल (पीडीआई-पी) के सदस्य हैं। पीडीआईपी को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवादी राजनीतिक दल माना जाता है। पीडीआईपी ने राष्ट्रपति पद के लिए जोकोवी का समर्थन किया था। गंजर और महफुद ने खुद को विनम्र व्यक्ति के रूप में पेश किया है, जो इंडोनेशिया के लोगों को समझते हैं।

पीएम मोदी ने शेख मोहम्मद बिन राशिद से की मुलाकात

अबू धाबी। राजस्थान के गुलाबी बलुआ पत्थरों से निर्मित अबूधाबी के पहले हिंदू मंदिर का भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उद्घाटन करेंगे। यह मंदिर अपनी भव्यता से दुनियाभर के लोगों को आकर्षित कर रहा है। 27 एकड़ में बना 108 फुट ऊंचा यह मंदिर वास्तुशिल्प का चमत्कार माना जा रहा है। पीएम मोदी ने दुबई में यूएई के उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं से व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, शिक्षा और लोगों के बीच संबंध समेत द्विपक्षीय सहयो के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा की। इस दौरान नेताओं ने भारत और यूएई के बीच तेजी से बढ़ते आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के लिए उठाए गए कदमों पर खुशी जताई।

यूक्रेन युद्ध से पीछे हटे पुतिन तो हो जाएगी उनकी हत्या, एलन मस्क का दावा

मॉस्को। रूस और यूक्रेन युद्ध को अब करीब दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक हालिया इंटरव्यू काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे यह साफ कह रहे हैं कि रूस अब यूक्रेन में युद्ध से कदम पीछे नहीं खींच सकता। हाल ही में अमेरिकी सांसदों के सामने टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मालिक एलन मस्क ने भी यही बात कही। मस्क ने कहा कि इसकी कोई संभावना ही नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध हार जाएं।

दावा

दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया।

दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया। उनके साथ इसमें कुछ सीनेटर्स भी शामिल थे, जो इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का फैसला सही है या गलत। जिन सांसदों ने इस चर्चा में हिस्सा लिया, उनमें विस्कॉन्सिन के रॉन जॉनसन, ओहायो के जेडी वान्स, यूटाह के माइक ली के अलावा विवेक रामास्वामी और क्राफ्ट वेंचर्स के सह-संस्थापक डेविड सैक्स शामिल रहे।

इस चर्चा के दौरान ही रॉन जॉनसन ने कहा कि जो भी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जीत की उम्मीद कर रहे हैं, वे असल में एक सपने की दुनिया में जी रहे हैं। इस पर मस्क ने सहमति जताते हुए कहा कि पुतिन यूक्रेन में हार ही नहीं सकते। उन्होंने कहा कि वे उम्मीद करते हैं कि अमेरिकी नागरिक यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिकी संसद में लाए गए विधेयक को लेकर अपने प्रतिनिधियों से संपर्क करेंगे। इस खर्च से यूक्रेन को कोई मदद नही मिलेगी। युद्ध बढ़ाने से यूक्रेन का कोई भला नहीं होगा।

मस्क ने कहा कि पुतिन पर पहले ही यूक्रेन में युद्ध को जारी रखने का भारी दबाव है। अगर वे पीछे हटते हैं तो उनकी हत्या भी हो सकती है। उन्होंने साफ किया कि कई लोग उन्हें पुतिन के समर्थन में बयान देने वाला मानते है, लेकिन ऐसा नहीं है। मस्क ने कहा कि उनकी कंपनियों ने रूस को पीछे धकेलने के लिए जितना किया है, उतना शायद ही किसी और कंपनी ने किया हो। इस दौरान उन्होंने यूक्रेनवासियों को दी जाने वाली स्टारलिंक इंटरनेट सेवा का भी जिक्र किया, जिसके जरिए यूक्रेनी सेना रूस के खिलाफ आसानी से संचार व्यवस्था बनाए रख पा रही है।

टेस्ला संस्थापक के ये विचार अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और सीनेट में रिपब्लिकन नेता मिच मैक्कोनेल से बिल्कुल अलग हैं। दरअसल, अमेरिकी संसद के उच्च सदन में यूक्रेन को आर्थिक मदद पहुंचाने पर सहमति बनी है। इन दोनों पक्षों का मानना है कि अमेरिका और उसके साथियों के हितों के लिए यूक्रेन को रूस के खिलाफ मजबूत रखना जरूरी है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री के स्वास्थ्य में सुधार, अस्पताल से छुट्टी

वॉशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की तबियत में सुधार है। उन्हें मंगलवार को वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर से छुट्टी दे दी गई है। दरअसल, ऑस्टिन को प्रोस्टेट कैंसर है, जिसके इलाज के लिए एक सर्जरी की गई थी। अब वह जल्द ही अपने काम पर वापस लौटेंगे।

70 साल के ऑस्टिन दिसंबर में सर्जरी के बाद से ही स्वास्थ्य मुद्दों से जूझ रहे हैं। रविवार को हालत खराब होने पर उन्हें वाल्टर रीड वापस ले जाया गया। सोमवार को जनरल एनेस्थीसिया के तहत उनकी नॉन सर्जिकल सर्जरी की गई।

अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा, उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है और आज शाम पांच बजे वह अपने कामकाज को फिर से शुरू कर रहे हैं। उप रक्षा सचिव, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ, व्हाइट हाउस को इसकी सूचना दे दी गई है।

पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी, चुनावी नतीजे पर अमेरिका की प्रतिक्रिया

कराची। अमेरिकी सांसद क्रिस मर्फी ने बताया कि पकिस्तान की जनता ने पिछले हफ्ते ही अपनी इच्छा बता दी है। उन्होंने बताया कि वे स्वतंत्र प्रेस पर हमले और इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध समेत अनियमितताओं और कथित हस्तक्षेप की खबरों से चिंतित हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने पाकिस्तान में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का आह्वान किया हैष उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी लोगों की इच्छा का सम्मान किए जाने की आवश्यकता है।

'व्हाइट हाउस' की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने मंगलवार को अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन पाकिस्तान में चुनाव संबंधी घटनाक्रम से अवगत हैं। उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रपति को इसकी जानकारी है। पिछले सप्ताह लाखों पाकिस्तानियों ने मतदान किया

जिनमें रिकॉर्ड संख्या में महिलाएं, धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यक समूहों के सदस्य और युवा मतदाता थे। पियरे ने आगे कहा, हमेंसमान विचारधारा वाले लोकतंत्रों के साथ खड़े होने पर गर्व है। हम पाकिस्तानी सरकार और पाकिस्तानी राजनीतिक हस्तियों से सार्वजनिक और निजी तौर पर स्पष्ट रूप से लगातार कहते रहे हैं कि पाकिस्तानी लोगों की इच्छा का सम्मान करना और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करना जरूरी है।

अमेरिकी सांसद क्रिस मर्फी ने बताया कि पकिस्तान की जनता ने पिछले हफ्ते ही अपनी इच्छा बता दी है। उन्होंने कहा, मैं स्वतंत्र प्रेस पर हमले और इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध समेत अनियमितताओं और कथित हस्तक्षेप की खबरों से चिंतित हूं और मैं इन आरोपों की गहन जांच करने के बाइडन प्रशासन के आह्वान का समर्थन करता हूं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय पाकिस्तान की स्थिति पर नजर रखे हुए है।

पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने रविवार को अंतिम परिणाम की घोषणा की। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेतृत्व वाली निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर संसद में तकनीकी रूप से सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर संसद में तकनीकी रूप से सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

पुतिन के युद्धविराम के सुझाव को अमेरिका ने किया खारिज, रूस ने जताई नाराजगी

मॉस्को। रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध को रोकने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सुझाव को अमेरिका ने खारिज कर दिया। पुतिन ने पिछले साल मध्यस्थों के जरिए सार्वजनिक और निजी तौर पर अमेरिका को संकेत भेजा था। उन्होंने बताया था कि रूस यूक्रेन में युद्धविराम के लिए तैयार है।

पुतिन यूक्रेन-रूस के संघर्ष को रोकने का प्रयास तो कर रहे थे, लेकिन वह रूस द्वारा नियंत्रित यूक्रेनी जमीन को छोड़ने के लिए भी तैयार नहीं थे। वहीं अमेरिका ने मध्यस्थों के माध्यम से रूस को बताया कि वह यूक्रेन की उपस्थिति के बिना युद्धविराम पर चर्चा नहीं करेंगे। नाम न छापने की शर्त पर एक सूत्र ने बताया कि अमेरिका यूक्रेन पर दवाब नहीं बनाना चाहता है, जिस वजह से बातचीत की कोशिशें नाकाम हो गई।

रूसी सूत्रों के अनुसार, बातचीत की कोशिशें नाकाम होने के बाद रूस ने अमेरिका पर नाराजगी जताई है। सूत्र ने बताया कि अमेरिका कभी यूक्रेन को बातचीत के लिए प्रेरित



नहीं करेगा, क्योंकि वह (अमेरिका) युद्ध के वित्तपोषण में मदद कर रहा है।

पुतिन ने इसपर कहा, मुझे मालूम है कि वे कुछ नहीं करेंगे। उन्होंने संपर्क के सभी तारों को काट दिया, जिन्हें बनाने में दो महीने लगे थे। वहीं एक अन्य सूत्र ने बताया कि अमेरिका को पुतिन की ईमानदारी पर यकीन नहीं हुआ। उन्होंने कहा, पुतिन युद्ध विराम के लिए तैयार थे, लेकिन अब पुतिन भी तब तक लड़ने के लिए तैयार हैं जब तक आवश्यक हो।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन महीनों से यूक्रेन के लिए अधिक सहायता मंजूरी देने के लिए संसद पर दबाव बना रहे हैं, लेकिन उन्हें रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प के सहयोगियों के विरोध का सामना करना पड़ा।

बता दें कि रूस साल 2022 में हजारों की संख्या में सैनिकों को यूक्रेन भेजा था, जिससे पूर्वी यूक्रेन में यूक्रेनी बलों के साथ आठ वर्षों का संघर्ष फिर से शुरू हो गया। यूक्रेन का कहना है कि वह अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वह यूक्रेन की जमीन पर रूस का नियंत्रण कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा के सम्बन्ध में तैयारियों की समीक्षा बैठक जिला मजिस्ट्रेट रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा प्रदेश के समस्त जनपदों में चयनित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी है। जनपद में 17 व 18 फरवरी को दोनो पालियों (प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक, द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से 05 बजे तक) परीक्षा सम्पन्न होगी, परीक्षा ड्यूटी में नामित कर्मियों द्वारा परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 7 बजे से लेकर सायंकाल की परीक्षा समाप्त होने तक उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी बताया कि अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर प्रथम पाली की परीक्षा के लिए सुबह 08 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए अपरान्ह 01 बजे परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्ट करेंगे। जिलाधिकारी ने सेक्टर,जोनल मजिस्ट्रेट, सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण कर ली जाये।

परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी परीक्षा केन्द्रों के कक्षों में साफ-सफाई, विद्युत व प्रकाश, शौचालय, पेयजल आदि व्यवस्थाएं दुरस्त रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रारंम्भ होने से लेकर ओएमआर जमा होने तक सभी व्यवस्थाओं के लिए केन्द्र व्यवस्थापक मुख्य रूप से जिम्मेदार होंगे। केन्द्र व्यवस्थापकों को सहयोग देने के लिए सुरक्षा व अन्य एजेन्सियां कार्य करेंगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा से सम्बन्धित जारी विभिन्न निर्देशों से भी अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा द्वारा भी आवश्यक जानकारी दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चैहान, अपर पुलिस अधीक्षक द्वय, उपजिलाधिकारी सदर ऋषभ पुंडरीक, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित केन्द्रों के व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

14 अप्रैल तक धारा 144

जौनपुर। जिला मजिस्ट्रेट रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अवगत कराया है कि जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती 2023 एवं शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित परीक्षायें तथा सम्मिलित राज्य,प्रवर अधीनस्थ सेवा के दृष्टिगत तथा आगामी त्यौहारों यथा, बसंत पंचमी, संत रविदास जयन्ती, शबे बारात, होली, गुडफ्राइडे, ईद-उल-फितर, ईस्टर सैटरडे, ईस्टर मन्डे, जमात-उल-विदा रमजान का अन्तिम शुक्रवार, महर्षि कश्यप् एवं महाराजा निषादराज गुहा जयन्ती, चेटी चन्द त्यौहारों पर शान्ति एवं सुरक्षा कायम रखना आवश्यक है। उक्त के दृष्टिगत धारा-144 द0प्र0सं0 एक पक्षीय रुप से पारित किया जाना अनिवार्य है।

व्यापार मंडल ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार के आह्वान पर जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारी समस्याओं को क्रमबद्ध करते हुए एक ज्ञापन जौनपुर लोकसभा सांसद श्याम सिंह यादव के द्वारा प्रधानमंत्री को दिया जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री को लिखित ज्ञापन जिसमें केंद्र सरकार द्वारा डैडम् लघु एवं शुक्ष्म इकाइयों पर आयकर अधिनियम में किए गए संशोधन को अभिलंब वापस कराए जाने के संदर्भ में जारी किए जा रहे नोटिसों और उनमें व्याप्त विसंगतियों का समाधान कराए जाने के संदर्भ में ज्ञापन दिया, जिला अध्यक्ष ने सांसद श्याम सिंह यादव को ज्ञापन देते हुए कहा कि उम्मीद करता हूं आपके माध्यम से व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित यह ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री जी तक पहुंच जाएगा और जल्द ही व्यापारियों की समस्याओं का निवारण होगा, नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने बताया कि उपयुक्त इस अधिनियम के द्वारा व्यापारियों के साथ अन्याय होगा और यह कानून किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं है 45 दिन में अगर कोई व्यापारी जिससे उधारी लिया है उसको चूकता नही करेगा तो वह रुपए उसके आय में जोड़ दी जाएगी, प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी, सुभाष अग्रहरि , राजदेव यादव, अरशद कुरैशी, मुन्ना लाल अग्रहरि,रामकुमार साहू,रमेश बरनवाल,रविंद्र अग्रहरि, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने किया उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार जिला महामंत्री रामकुमार साहू ने व्यक्त किया।

विधि विधान से स्थापित की गयी होलिका

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिले के गांव-गांव में शहर के चैराहों पर होलिका दहन करने से पूर्व उस जगह पर रेड़ का पेड़ व डाली जमीन में गाड़ने की परंपरा विधि विधान से पूरी की गयी। सदियों से इस परंपरा का पालन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ बसंत पंचमी के दिन किया जाता है। जिन जगहों पर किसी कारणवश बसंत पंचमी के दिन यह परंपरा पूरी नहीं हो पाती वहां पर होलिका दहन से एक दिन पहले अवश्य अरंड पेड़ गाड़कर वहीं पर लकड़ियां एकत्रित की जाती है। बताया गया कि अरंड पेड़ को गाड़कर पेड़ की भी पूजा करने की परंपरा निभाई गयी। 40 दिनों तक इसी जगह पर मोहल्ले के बच्चे, युवा लकड़ियां एकत्रित करके रखते हैं और होली के एक दिन पूर्व होलिका दहन किया जाता है। कहा जाता है कि अरंड नाम के पेड़ की ऊंचाई ज्यादा नहीं होती। यह हर गांव, शहर में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। आयुर्वेद में इस पौधे को शेर की उपाधि दी गई है क्योंकि अरंड के पौधे का हर एक हिस्सा रोगनाशक होता है। जड़ से लेकर पत्ता, तना, फल सभी का इस्तेमाल विभिन्न रोगों के उपचार में किया जाता है। शिशिर ऋतु के बाद वसंत ऋतु का आगमन होने के समय संधिकाल में कई प्रकार के जीवाणु, कीटाणु एवं रोगाणु पनपने लगते हैं इसीलिये अरंडी के पेड़ की पूजा करके वहीं पर होलिका के लिये लकड़ी, कंडे आदि एकत्रित करने की शुरुआत की जाती है।

विपक्षी दलों के 200 लोग भाजपा में शामिल

जौनपुर। लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा जिले में अपना किला और मजबूत करने के दृष्टिगत बुधवार को विधानसभा मल्हनी में सदस्यता ग्रहण समारोह आयोजित हुआ जिसमें विपक्षी दलों के लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की संस्तुति के बाद जिला भाजपा कार्यालय पर सपा बसपा और कांग्रेस के लगभग 200 लोग भाजपा में शामिल हुये। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने बताया कि सदस्ता ग्रहण करने वालों मे जिला पंचायत सदस्य, पूर्व नगर पंचायत सदस्य, प्रधान, पूर्व प्रधान, बीडीएस सदस्य शामिल हुये। सुधाकर उपाध्याय संतोष सिंह जिला मंत्री प्रमोद यादव राजू दादा विधानसभा संयोजक प्रबुद्ध दुबे विस्तारक कृष्णा माधव् मंडल अध्यक्ष गण नरेंद्र विश्वकर्मा शैलेश सिंह भूपेश सिंह अजय मिश्रा दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

उम्मीद न हारने की सीख दे गया नाटक मंजूर

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। बुनियाद फाउंडेशन की ओर से बुधवार को सआदत हसन मंटो की कहानी पर आधारित नाटक मंजूर का मंचन प्रयागराज के सोहबतियाबाग़ स्थित शर्मन एरा इंस्टीट्यूट के सभागार में हुआ। नाटक का निर्देशन एनएसडी से प्रशिक्षित व शहर के युवा रंग निर्देशक असगर अली ने किया। वहीं इसका सहायक निर्देशन किया महिला रंगकर्मी रुचि गुप्ता ने मंटो द्वारा लिखित यह कहानी उम्मीद और मायूसी के विषय पर दो मरीजों को केंद्रित करके लिखी गई है। जिसकी शुरुआत होती है अस्पताल से जहां दो मरीज मंजूर और अख्तर भरती रहते हैं।मंजूर एक 14 साल का लड़का है जिसका निचला धड़ फ़ालिज के कारण अपंग है। फिर भी वह हसता और खिलखिलाता रहता है जैसे उसे कुछ हुआ ही नहीं। वहीं दूसरी ओर अख्तर जिसे कई बार दिल के दौरे पड़ चुके हैं और उसके जिंदा रहने की उम्मीद लगभग कम है। पर मंजूर की खुशी और मुस्कुराहट को देखते हुए उसे जीने की उम्मीद हो जाती है और वह सही हो जाता है। परंतु अंत में कुछ ऐसा होता है कि मंजूर मायूस हो जाता है और अचानक उसकी मृत्यु हो जाती है। इस बात से अख्तर को गहरा सदमा लगता है। इस कहानी से यह साबित होता है कि अगर उम्मीद पैदा हो जाए तो मरता हुआ व्यक्ति भी बच सकता है वही एक मायूसी जिंदा व्यक्ति को भी मौत की ओर ले जा सकती है।

नाटक के निर्देशक श्री अली ने बताया कि पिछले कई दिनों से एक नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसके बाद प्रतिभागियों को चयनित करके उन्हें रंगमंच की बारीकियां से परिचित कराते हुए मंजूर कहानी को कहानी के रंगमंच को आधारित बनाकर प्रस्तुति तैयार की गई है। नाटक में अभिनय प्रियांशु अमन, वैभव त्रिपाठी, अमरनाथ, अनिल कुमार, ममता, शिवम दीक्षित आदि ने किया। वहीं संगीत संचालन रुचि गुप्ता, वस्त्र खुशबू गुप्ता, मंच व्यवस्था आसिफ अली और प्रस्तुति नियंत्रक अमरनाथ श्रीवास्तव रहे। सहयोग शर्मन एरा म्यूज़िक इंस्टिट्यूट का रहा।

ठगी का एक लाख 82 हजार खाते में वापस कराया

जौनपुर। थाना साइबर क्राइम की टीम द्वारा आनलाइन ठगी की गयी रकम 182334 रुपया को आवेदक के खाते में वापस कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेष कुमार ने बताया कि थाना साइबर क्राइम पुलिस की टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुये आनलाइन ठगी का शिकार हुए पीडित की सम्पूर्ण धनराशि को अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक के पास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने व बोनस प्राप्त करने के लिये आवेदक को झाँसे में लेकर दो बार में कुल 182334 रुपये की साइबर ठगी की गयी थी। जिस पर साइबर क्राइम थाना द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये आनलाइन ठगी की सम्पूर्ण धनराशि (1,82,234 रु) कोआवेदक के खाते में वापस कराया गया।

सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा संचालित विशेष अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र केराकत के चंदवक बाजार में विधानसभा क्षेत्र केराकत के विभिन्न इलाकों से विभिन्न समाज तथा विभिन्न पार्टियों के लोगों ने भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। सदस्यता का कार्यक्रम पूर्व विधायक दिनेश चैधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सैकड़ो लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। डेहरी ग्रामसभा के युवा प्रधान फरहान खान के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज के 50 से अधिक युवा,पूर्व ग्राम प्रधान छोटे लाल यादव के नेतृत्व में 50 लोग तथा डोभी ब्लाक के ब्लॉक प्रमुख संरक्षक अजय प्रकाश सिंह उर्फ केडी सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता को ग्रहण किया। सदस्यता के क्रम में करीब 500 से अधिक युवा, वरिष्ठ और समाजसेवी लोगों ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार और केंद्र में नरेंद्र मोदी व प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को स्वीकार किया। संचालन डोभी मंडल के अध्यक्ष संजय पांडेय तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मछलीशहर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बृजेश सिंह ने किया।

आला अफसर लेते रहे सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

अवधनामा संवाददाता

पुलिस की मुस्तैदी के बीच बसंत पंचमी स्नान पर्व सकुशल संपन्न

प्रयागराज। माघमेला में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी पर आज गंगा,यमुना व अदृश्य सरस्वती के पवित्र पावन संगम में हल्की ठंड हवाओं के मध्य लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। माघ मेला के चतुर्थ स्नान बंसत पंचमी पर श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों का संगम की रेती पर जमावड़ा एक दिन पूर्व से ही प्रारम्भ हो गया, संगम स्नान का सिलसिला प्रातः काल शुभ मुहूर्त के साथ प्रारम्भ हुआ जो दिनभर अनवरत जारी रहा। संगम स्नान के उपरान्त श्रद्धालुओं व स्नानार्थियों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन भी किया तथा अक्षय फल की कामना हेतु अन्न, वस्त्र, फल का दान भी किया। स्नानार्थियों में संगम स्नान को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

इस दौरान श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किये गये। श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, घुड़सवार पुलिस, महिला पुलिस, अग्निशमन दल, पीएसी के जवान, एटीएस के कमाण्डों व्यवस्थापित कर सतर्क दृष्टि रखी गई। पवित्र संगम में जल पुलिस के साथ मोटर बोट व गोताखोर, डीप डाइवर की नियुक्ति कर स्नानार्थियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये। इस दौरान स्टीमर के माध्यम से संगम क्षेत्र का लगातार निरीक्षण किया गया एवं एसडीआरएफ व फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा घाटों, जल पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी गयी। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन के माध्यम से चप्पे चप्पे पर नजर रखी गयी। 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं से लगातार अनुरोध किया गया कि सावधानी पूर्वक स्नान करें किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाये सकुशल स्नान कर अपने गंतव्य को वापस जाएं एवं मेले की सुरक्षा व स्वच्छता में हमारा सहयोग करे, मेले में आने वाले स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके दृष्टिगत मेला क्षेत्र में ही 06 स्थानों पर 'पार्किंग' की समुचित व्यवस्था की गयी। जिसके माध्यम से यह प्रयास किया गया कि संगम में आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान घाट तक पहुचने में न्यूनतम पैदल चलना पड़े। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा, मंडलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत, पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र, लगातार मेला क्षेत्र में ही रहकर सभी व्यवस्थाये सुनिश्चित कराते रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा घुड़सवारी के माध्यम से भी संगम क्षेत्र का भ्रमण, निरीक्षण किया गया। प्रभारी माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र द्वारा ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस कर्मियों की कुशलता ली गयी तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया व कमाण्ड सेन्टर के माध्यम से लगातार मेला क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखी गयी। पुलिस कर्मियों में मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ व्यवहार में भी सेवा का भाव दिखाई पड़ा 7 सकुशल व सुरक्षित स्नान सम्पन्न कराने हेतु पुलिस के आला अफसर लगातार मेला क्षेत्र में डटे रहें, तथा उच्चाधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र में आये हुये स्नानार्थियों/ श्रद्धालुओं से लगातार उनका कुशलक्षेम पुछा गया। स्नान के बाद लोगो ने प्रसिद्ध मंदिरों का दर्शन कर मेले में लगी प्रदर्शनी का भी लुत्फ उठाया। मेला क्षेत्र में नव निर्मित खोया पाया केन्द्रों के माध्यम से भूले भटकों को उनके परिजनों से मिलाया गया स्नानार्थियों में धर्म आस्था के प्रति काफी उत्साह देखने को पाया गया तथा मेले की व्यवस्था देखकर देश के कोने-कोने से आये श्रद्धालुओं ने अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त की। पुलिस बल के अथक प्रयासों के फल स्वरूप बसंत पंचमी का यह स्नान पर्व भी शान्ति और सुगमता के साथ सकुशल सम्पन्न हुआ, जिसकी उच्चा धिकारीगणों द्वारा प्रशंसा की गई।

सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं ने भाजपा का दामन थामा

सपा, बसपा ,कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा प्रयागराज महानगर के द्वारा शहर उत्तरी विधानसभा कि भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में शहर दक्षिणी विधानसभा की परिणय गेस्ट हाउस बैहराना एवं शहर पश्चिमी विधानसभा की हनुमान गेस्ट हाउस जयंतीपुर में भाजपा मिलन अभियान का आयोजन किया गया।

इस अवसर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा ने सैकड़ों लोगों को भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया और बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जन्म मां भारती की सेवा के लिए हुआ और इसका इतिहास त्याग तपस्या संघर्ष और बलिदान से भरा पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सत्ता सुख के लिए नहीं आए हैं, हम राष्ट्र की संस्कृति के संरक्षण के लिए आए हुए हैं। उन्होंने कहा भाजपा का कार्यकर्ता मां भारती के यश, कीर्ति और उसका वैभव बढ़ाने के लिए काम करता है।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौड़, सांसद केसरी देवी पटेल, महापौर गणेश केसरवानी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को हम आकर दे और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें और आने वाले लोकसभा के चुनाव में विकसित भारत के निर्माण के लिए मोदी जी को तीसरी बार सरकार बनाने के लिए जुट जाएं। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि सपा बसपा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ शहर पश्चिम विधानसभा से 182 दक्षिणी विधानसभा से 146 और सबसे ज्यादा शहर उत्तरी विधानसभा से 412 लोगों ने भाजपा का दामन थामा जिसमें से 152 मुस्लिम महिलाओं की संख्या रही। कार्यक्रम का संचालन शहर पश्चिमी में महामंत्री वरुण केसरवानी, शहर उत्तरी में विधानसभा संयोजक संजय गुप्ता और शहर दक्षिणी पार्षद ओपी गुप्ता, ने किया। इस अवसर पर कुंज बिहारी मिश्रा, रमेश पासी, देवेश सिंह, प्रेम नारायण केसरवानी, राजेश केसरवानी ज्ञानेश्वर शुक्ला, राजू पाठक ,गिरजेश मिश्रा ,राघवेंद्र सिंह, संजीव जायसवाल, देवेंद्र मिश्रा, नरसिंह, राघवेंद्र मिश्रा, उदय प्रताप सिंह, विजय श्रीवास्तव, प्रशांत शुक्ला,भोला सिंह ,अवनीश तिवारी, सुमित वैश्य, रणविजय सिंह, दीनानाथ कुशवाहा, ज्ञान बाबू केसरवानी, कौशिकी सिंह, गौरव गुप्ता, संजय कुशवाहा, भरत निषाद, दिलीप केसरवानी, अखिलेश सिंह, राजेश गौड़, किशोरी लाल, सरोज गुप्ता, विश्वास श्रीवास्तव, हरीश त्रिपाठी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा में शामिल हुए सभी लोगों को बधाई दी।

श्रद्धा के साथ पूजी गईं मां सरस्वती

प्रयागराज। करैली जी टी बी नगर दुर्गापूजा पार्क में धूमधाम से सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। इस दिन विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा की जाती है। बसंत पंचमी के माघ महीने के शुक्लपक्ष की पंचमी इस तिथि को मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता है कि माँ सरस्वती इस दिन हाथों में पुस्तक वीणा और माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान होकर प्रकट हुई। इस दिन से बसंत ऋतु का आगमन होता है जो सभी ऋतुओं का राजा है। बसंत पंचमी के 40 दिन बाद ही होली पर मनाया जाता है। इस अवसर पर भोग प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप दत्ता, ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मनोज सिंह, अखिलेश सिंह, राजीव चतुर्वेदी, आलोक आंसु श्रीवास्तव, साधना, मिताली दत्ता, दीपा घोष, मिथुन चक्रवर्ती और ओ पी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना वसंत ऋतुवोत्सव

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। वेदान्ता इंटरनेशनल में बसंत पंचमी के अवसर पर सुबह की प्रार्थना सभा मे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही माँ वीणावादिनी का विधिवत पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सभी बच्चे पीले पीले रंग में बहुत ही आकर्षक और मनमोहक लग रहे थे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुवे प्रकाण्ड विद्वान पुष्पेन्द्र मिश्रा ने माँ सरस्वती का मंत्रोच्चार कर हवन पूजन किया उसके बाद बच्चों ने माँ सरस्वती से बुद्धि और ज्ञान स्वरूप आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। बसंत पंचमी के महत्व को बताते हुवे प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने कहा कि ऋतुवे छः प्रकार के होते हैं। जिसमें मुख्य रूप से वर्षा, शरद, ग्रीष्म, हेमंत, शिशिर और वसंत ऋतु होता है। वसंत ऋतु आते ही सभी पुष्प और पौधे खिल उठते हैं, पशु और पक्षी चहचहाने लगते हैं इसके साथ ही सभी नर और नारी प्रसन्नचित और खुशहाल हो जाते हैं। माँ सरस्वती को पीले रंग बहुत ही पसन्द हैं जो कि खुशहाली व समृद्धि का प्रतीक होता है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से आरती सिंह, कुमकुम दुबे, नीलम चौहान, दामिनी सिंह और सोनम सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अन्त में प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद व आभार ब्यक्त किया।

नवागत तहसीलदार ने कहा शासन की मंशा, सकुशल चुनाव कराना उद्देश्यः शैलेश

लालगंज,आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देश पर तहसील लालगंज में नवागत तहसीलदार शैलेश कुमार ने एक प्रेस वार्ता मे बताया कि शासन की मंशा, कोर्ट की प्राथमिकता, आदि इसके आलवा जनसुनवाई के माध्यम से लोगो की शिकायत का गुणवत्ता के आधार पर पूर्ण निस्तारण ही मेरी प्राथमिकता है। तहसीलदार ने बताया कि शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जायेगा। तहसील के अधीनस्थ लापरवाह, गड़बड़ी करने को चिन्हित किया जायेगा, और कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने तहसील मे मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से लगायी गयी ईवीएम और वीपीपैट मशीन के बताया कि लोक सभा 2024 का चुनाव होने वाला है। निर्वाचन आयोग की मंशा है कि निर्वाचन निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जाय। जिसमे सबकी भागीदारी होना चाहिए। चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी लगती है।

संगम क्षेत्र में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

चालीस लाख से अधिक लोगों ने किया स्नान

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। पतित पावनी मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में बसंत पंचमी पर्व पर स्नानार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। मौसम खुशगवार था इसलिए रात एक बजे से ही लोगों ने स्नान शुरू कर दिया। सुबह होने तक भीड़ अचानक बढ़ी और शाम सात बजे तक चालीस लाख से अधिक लोगों के स्नान कर लेने का अनुमान प्रशासनिक आधार पर लगाया गया। मेलाधिकारी, मेला पुलिस के अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए रहे और चारों तरफ सीटियों की आवाजें आती रहीं।

बसंत पंचमी माघ मेले का चौथा स्नान पर्व है। इसमें माना जाता है कि स्थानीय लोगों की संख्या अधिक होती है। प्रयागराज के अलावा आसपास के जिलों के साथ ही मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों के श्रद्धालु भी स्नान करने पहुंचे। ब्रह्म मुहूर्त में हर हर गंगे के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। घाट पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसलिये संगम वाच टावर से लगातार एनाउंस किया जाता रहा। सुबह पांच बजे संगम नोज पर भीड़ बढ़ी । सात बजे तक घाट स्नानार्थियों से भर गया। पुलिस कर्मियों को सख्ती करके वहां से भिक्षुओं, घाटिया पंडों को हटाना पड़ा। स्नान निर्विघ्न रूप से होता रहा। कुंभ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद संगम नोज पर रहे। उन्होंने बताया कि स्नान पर्व सकुशल चल रहा है।

चोरी किये गये मोबाइल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। थाना कोतवाली पूर्व की घटना इतिहास वादिनी रानी राव पुत्री ओमप्रकाश राव ग्राम संजरपुर थाना सरायमीर ने थाना स्थानीय पर लिखित तहरीर दी कि 13 फरवरी को कुछ काम से रोडवेज बस स्टैण्ड पर आई थी लखनऊ गेट के पास से समय करीब 2 बजे दिन में मेरी जेब में से मेरी टपअव 1915 मोबाइल चोरी हो गया। मैं अपने मोबाईल के बारे में पूछताछ कर रही रही थी कि वहीं पर मौजूद अजय प्रजापति पुत्र भृगुनाथ प्रजापति ग्राम भवतर थाना गम्भीरपुर जिला आजमगढ़ द्वारा बताया गया कि मेरा भी मोबाईल 52020 किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा लिया है ।

धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। सिधारी स्थित महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सरस्वती पूजा की शुरुआत मां सरस्वती जी के प्रतिमा पर मालयर्पण कर विद्यालय के प्रबंधक डीपी मौर्य एवं प्रधानाचार्य राम नयन मौर्य उप प्रधानाचार्य एस.एन. यादव जी ने संयुक्त रूप से किया। तत्पक्षात कक्षा 9 की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रबंधक डीपी मौर्य ने कहा कि आज के दिन मां सरस्वती की विशेष पूजा किया जाता है । इससे हमारी बुद्धि निर्मल रहती है और सकारात्मक सोच का विकास होता है। सरस्वती पूजन के अवसर पर राहुल तिवारी एवं पद्मजा पाल जी के द्वारा हवन-पूजन एवं यज्ञ का आयोजन कर सरस्वती जी को नमन किया गया तथा विश्व शांति, कल्याण एवं समृद्धि हेतु कामना की गई जिसमें विद्यालय के समस्त अध्यापक व अध्यापिकाएं शामिल रहे। सरस्वती पूजन के अवसर पर विद्यालय को ऑर्डिनेटर- आनंद मौर्य, एक्टिविटी इंचार्ज- धीरेंद्र मोहन ,अजय यादव, किशन यादव, रामचरण मौर्य, बृजराज यादव, कमलेश यादव , नीतू भारती, दिनेश यादव, नीरज यादव,अजय यादव, जितेंद्र यादव, आरके यादव, अनिल ,प्रीति यादव ,दीपिका सिंह, अनामिका पाण्डे, प्रिया श्रीवास्तव, आदित्य मिश्रा, रोहित विश्वकर्मा,महेंद्र यादव, विनोद राव, तेज प्रकाश, अरविंद यादव, बृजलाल मौर्य आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश के. खन्ना ने किया एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की अलीगंज शाखा का उद्घाटन

मोबाइल बैंकिंग ने बदला देश का परिवेशः प्रदेश वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना

लखनऊ। भारत के अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी), एयू

एसएफबी ने लखनऊ में आज अपनी तीसरी शाखा का अलीगंज में परिचालन शुरू कर दिया है। इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना के कर कमलों द्वारा हुआ।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का यह लॉन्च बैंकिंग क्षेत्र में उभरती व्यावसायिक संभावनाओं को बढ़ावा देना और शहर भर में तकनीक-संचालित वित्तीय सेवाओं को लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस शाखा के शुभारंभ के साथ, एयू एसएफबी के पास अब पूरे उत्तर प्रदेश में कुल 20 बैंकिंग शाखाएं हैं।

इस खास अवसर पर बोलते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री, सुरेश कुमार खन्ना ने कहा, एयू एसएफबी की मजबूत वित्तीय स्थिति हमें इनकी मजबूत बुनियाद पर काफी भरोसा दिलाती है। इन्होंने एक बैंक के रूप में सात साल से भी कम समय में 80,000 करोड़ रुपये का जमा आधार बनाया है जबकि क्रेडिट डिपॉजिट रेश्यो 83त्न कायम रखा गया जो की सराहनीय है। इतने कम समय में एक लाख करोड़ की बैलेंस शीट बनाना भी बड़ी बात है। अलीगंज शाखा के साथ, बैंक 1050 बैंकिंग टचप्वाइंट के बेंचमार्क तक पहुंच गया है जो देश भर में और हमारे राज्य में उनकी विकास कहानी का प्रमाण है। मुझे यकीन है कि इस शाखा के लॉन्च से लखनऊ को काफी फायदा होगा क्योंकि लखनऊवासियों को बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला मिलेगी। टीम एयू को शुभकामनाएं!

उत्तर प्रदेश में बैंकिंग सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के कार्यकारी निदेशक, उत्तम टिबरेवाल ने कहा की, उत्तर प्रदेश विशाल संभावनाओं वाला एक उभरता हुआ बाजार है। हम पिछले चार वर्षों से इस विकास यात्रा का हिस्सा हैं जब हमने राज्य को अपनी बदलाव उन्मुख बैंकिंग की पेशकश शुरू की थी। जब से हमने लखनऊ में प्रवेश किया है,इस शाही शहर ने बहुत गर्मजोशी से हमारा स्वागत किया जो हमें शहर के साथ-साथ पूरे राज्य में अपनी ताकत को मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है। राज्य में हमारा विस्तार इस सोच से प्रेरित है की अधिक से अधिक व्यक्तियों और व्यवसायों को हमारे उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला का लाभ पहुच सके। हम सिर्फ शाखाएं नहीं खोल रहे हैं; हम निर्बाध, तकनीक-संचालित बैंकिंग अनुभवों के द्वार खोल रहे हैं।

यह ध्यान देने योग्य है कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ग्राहकों को मासिक ब्याज भुगतान शुरू करने वाला पहला बैंक था। यह ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने के लिए प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें और विस्तारित बैंकिंग घंटे भी प्रदान करता है। तकनीक-आधारित बैंकिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए, एयू ने अपना डिजिटल बैंकिंग ऐप् 0101 लॉन्च किया और एक अभूतपूर्व 24×7 वीडियो बैंकिंग सेवा शुरू की। यह अपनी तरह की अनूठी सुविधा है जो वीडियो कॉल पर 400 से अधिक सेवा अनुरोधों को संबोधित करती है, जिससे ग्राहकों को घर बैठे अपनी बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने की बेहतरीन सुविधा मिलती है।

रिपोर्ट्स में दावा- पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ ईडी की जांच शुरू, कंपनी बोली- यह सही नहीं

नई दिल्ली। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सरकारी सूत्रों ने बताया है कि फिनटेक की जांच विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के विशिष्ट प्रावधानों के तहत की जा रही है, इसके अंतर्गत विदेशों में व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट लेनदेन की जांच की जाती है। पेटीएम की मुसीबतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब खबर है कि पेटीएम के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत पेटीएम के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले भी, रिपोर्ट्स में यह बताया गया था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस बात की जांच कर रहा है कि क्या वन 97 कम्युनिकेशंस द्वारा संचालित प्लेटफॉर्म विदेशी मुद्रा नियमों के उल्लंघन में शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सरकारी सूत्रों ने बताया है कि फिनटेक की जांच विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के विशिष्ट प्रावधानों के तहत की जा रही है, इसके अंतर्गत विदेशों में व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट लेनदेन को कवर किया जाता है। ईडी ने इस संबंध में फिलहाल रिपोर्ट दायर नही की है। फिलहाल ईडी और रिजर्व बैंक इस मामले को प्राथिमक तौर पर देख रहे हैं। इससे पहले पेटीएम ने इन आरोपों से इनकार किया था कि ईडी विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन के लिए कंपनी और उसकी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीबीबीएल) की जांच कर रहा है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने उसकी या उसकी सहयोगी कंपनी पीबीबीएल की ओर से नियमों के उल्लंघन मामले में किसी जांच से इनकार किया है।

पिछले महीने, भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम की बैंकिंग शाखा पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 29 फरवरी तक जमा, क्रेडिट उत्पादों और इसके लोकप्रिय डिजिटल वॉलेट सहित अपने अधिकांश व्यवसायों को बंद करने का आदेश दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि उसने पेटीएम पेमेंट बैंक को नियमों का पालन करने के लिए पर्याप्त समय दिया था और व्यापार प्रतिबंध केवल तभी लगाए गए जब विनियमित इकाई ने दिए गए निर्देशों का अनुपालन नहीं किया।

मीशो अपने यूजर्स की सुरक्षा के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू की

अपने यूजर्स को धोखाधड़ी से बचाने के लिए भारत के एकमात्र ट्रू ई-कमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने हाल ही में धोखाधड़ी की गतिविधियों का खुलासा किया, जिनकी मदद से कुछ लोग मीशो ब्रांड के नाम का गलत उपयोग करके लोगों से ठगी कर रहे थे। ये जालसाज लोगों से ठगी करने के लिए किसी भी हद तक जा रहे थे, और मुफ्त कार जैसे लुभावने अफरों के साथ नकली लटरी पत्र भी जारी कर रहे थे। अपने ब्रांड के दुरुपयोग और भोले-भाले यूजर्स से ठगी रोकने के लिए मीशो ने इस मामले में विस्तृत खोजबीन शुरू की। फिर मीशो ने जालसाजों के खिलाफ दो एफआईआर रिपोर्ट, पहली कोलकाता में और दूसरी राँची में दर्ज कराई। अन्य राज्यों में अभी जाँच-पड़ताल चल रही है।

मीशो के जनरल काउंसेल, लोपामुद्रा राव ने कहा, ''मीशो में हमारे यूजर्स की सुरक्षा और विश्वास हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमें इन धोखाधड़ी की गतिविधियों से दुख हुआ है, जिनकी मदद से अपराधी हमारे यूजर्स में सेंध लगाकर उन्हें नुकसान पहुँचाते हैं, और हमने ऐसे जालसाजों के खिलाफ त्वरित एवं निर्णायक कार्रवाई की है। हमारी यह सक्रियता यूजर्स की सुरक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मीशो द्वारा अपने यूजर्स की सुरक्षा एवं अपने प्लेटफर्म की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाते रहेंगे।''

राँची, झारखंड में पड़ताल के बाद, राज्य की पुलिस ने तीन लोगों को पहचान कर हिरासत में लिया, जिनमें एक बैंक अधिकारी और एक डेवलपर शामिल था। एक स्थानीय डिजिटल समाचारपत्र, गणादेश में छपी रिपोर्ट के मुताबिक अभी आगे की जाँच चल रही है। इसके अलावा, 20 जनवरी, 2024 को उत्तर 24 परगना, कोलकाता में दो छापामारी की कार्रवाइयों में चार जालसाज पकड़े गए। इन अपराधियों को कटघरे में लाने के लिए तफ्तीश चल रही है।

यूजर्स की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए मीशो ने पिछले साल दिल्ली उच्च न्यायालय में भी अर्जी दी थी, और मीशो ब्रांड के नाम में संदिग्ध वेबसाईट्स चलाने वाले यूजर्स को स्थायी रूप से प्रतिबंधित करने की मांग की थी। इसके बाद, माननीय उच्च न्यायालय ने डोमेन नाम रजिस्टर करने वाली कंपनियों को इन नकली वेबसाईट्स को तुरंत बंद करने का आदेश दिया था। इसके अलावा, न्यायालय ने साईबर सेल को निर्देश दिया कि वो इन धोखेबाजों की जाँच करें, इन गतिविधियों से जुड़े उनके बैंक खातों को फ्रीज करें, और उनके खिलाफ उचित दंडात्मक कार्रवाई करें।

मीशो अपने यूजर्स का विश्वास एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी अपने यूजर्स को वित्तीय नुकसान पहुँचाने वाली धोखाधड़ी की गतिविधियों में संलग्न लोगों को पहचानने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी।

नवजीवन इण्टर कालेज मोहनलालगंज, लखनऊ में स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय के 50 प्रतिभावान मेधावी छात्र/छात्राओं को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

निसान और अक्षय पात्र फाउंडेशन नई दिल्ली में स्कूली बच्चों को उपलब्ध कराएंगे 50 लाख से ज्यादा भोजन

साझेदारी के तहत जनवरी से दिसंबर, 2023 के बीच उपलब्ध कराया गया 50 लाख भोजन

गुरुग्राम। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) और भारत के सबसे बड़े गैर-लाभकारी संगठनों में शुमार द अक्षय पात्र फाउंडेशन (टीएपीएफ) की साझेदारी से हजारों स्कूली छात्र लाभान्वित हुए हैं। नई दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों की भोजन एवं पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए दोनों जनवरी, 2023 से साथ काम कर रहे हैं। निसान मोटर इंडिया और अक्षय पात्र फाउंडेशन की यह पहल मजबूत एवं शिक्षित पीढ़ी को बढ़ावा देते हुए देश के लिए स्वस्थ भविष्य के निर्माण की दोनों की साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है।

प्रोजेक्ट के अहम बिंदु

एनएमआईपीएल के सहयोग से टीएपीएफ ने 2023 में छात्रों को 50 लाख भोजन (मील) उपलब्ध कराए। इस पहल ने जनवरी से दिसंबर, 2023 के बीच निम्न आय वर्ग के 49,000 से ज्यादा बच्चों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। प्रोग्राम आउटरीच के तहत 300 से ज्यादा स्कूलों में भोजन बांटा गया।

हर भोजन ने एक बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण में योगदान दिया और स्वस्थ बचपन की नींव रखी।

अच्छा पोषण पाने वाले बच्चों की न केवल पढ़ाई अच्छी होती है, बल्कि उनका संपूर्ण प्रदर्शन निखरता है और भविष्य में उनके लिए ज्यादा अवसर भी बनते हैं।

इस पहल को लेकर निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री राकेश श्रीवास्तव ने कहा, 'निसान मोटर इंडिया और अक्षय पात्र के बीच की यह साझेदारी प्रधानमंत्री की पोषण पहल के अनुरूप समाज में स्थायी बदलाव लाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है। पोषण और शिक्षा के महत्वपूर्ण मसले को हल करते हुए हम बच्चों के भविष्य में निवेश कर रहे हैं। भोजन उपलब्ध कराने की इस साझेदारी के माध्यम से हम छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों को दूर कर रहे हैं और उनके लिए बेहतर कल का वादा कर रहे हैं। इससे सकारात्मक बदलाव आएगा और युवा पीढ़ी सशक्त होगी।'

निसान मोटर इंडिया द्वारा प्रायोजित स्कूल मील प्रोग्राम को नई दिल्ली में अक्षय पात्र की चार रसोइयों के माध्यम से प्रभावी तरीके से क्रियान्वित किया गया है। यह कार्यक्रम सरकार की मिड डे मील पहल के ही अनुरूप है, जिसके माध्यम से खाद्य सुरक्षा, पोषण, स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने, ड्रॉपआउट रेट को कम करने और बच्चों के बीच भेदभाव को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस श्रेष्ठ पहल में अमूल्य योगदान के लिए निसान का आभार व्यक्त करते हुए अक्षय पात्र फाउंडेशन के नेशनल प्रेसिडेंट ङ्क ऑपरेशंस एवं प्रोजेक्ट्स श्री भरतर्षभ दास ने कहा, '2023 में पूरे वर्ष दिल्ली में स्कूली छात्रों के बीच उल्लेखनीय संख्या में भोजन पहुंचाने की दिशा में निसान के साथ हमारे गठजोड़ की सफलता को साझा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। निसान मोटर इंडिया के साथ मिलकर शुरू किया गया स्कूल मील प्रोग्राम न केवल प्रधानमंत्री की पोषण पहल के अनुरूप है, बल्कि यह खाद्य सुरक्षा, पोषण, स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने, ड्रॉपआउट को कम करने और बच्चों में भेदभाव को खत्म करने जैसे मसलों के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम इन छात्रों के जीवन पर स्थायी प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

संजय कुमार जैन ने आईआरसीटीसी के चेयरमैन और एमडी का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। आईआरसीटीसी के अध्यक्ष और एमडी का पूर्णकालिक प्रभार संभालने से पहले, जैन उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।

भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) के 1990 बैच के अधिकारी संजय कुमार जैन ने तत्काल प्रभाव से इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक का पदभार संभाल लिया है।

आईआरसीटीसी ने एक्सचेंजों को सूचित किया कि यह नियुक्ति 1,80,000-3,20,000 रुपये के वेतनमान में तत्काल आधार पर की गई है। इसमें कहा गया है कि जैन 31 दिसंबर, 2026 को अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, पदभार संभालेंगे। आईआरसीटीसी के अध्यक्ष और एमडी का पूर्णकालिक प्रभार संभालने से पहले, जैन उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। गौरतलब है कि आईआरसीटीसी के चेयरमैन और एमडी का पद जनवरी 2021 से महेंद्र प्रताप माल के सेवानिवृत्त होने के बाद से खाली था।

16वें वित्त आयोग की पहली बैठक नई दिल्ली में हुई

नई दिल्ली। 16वें वित्त आयोग की बैठक से जुड़ी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपस्थित सदस्यों ने संदर्भ की शर्तों पर चर्चा की और राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों, भारत सरकार के मंत्रालयों और विशेषज्ञों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता को स्वीकार किया। 16वें वित्त आयोग के गठन के बाद इसकी पहली बैठक बुधवार को नई दिल्ली में डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में हुई। यह बैठक राष्ट्रीय राजधानी में उन विरोध प्रदर्शनों के बीच हुई, जिसमें विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों के लोग केंद्रीय करों के हस्तांतरण में उचित हिस्सेदारी की मांग कर रहे हैं। बैठक से जुड़ी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपस्थित सदस्यों ने संदर्भ की शर्तों पर चर्चा की और राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों, भारत सरकार के मंत्रालयों और विशेषज्ञों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता को स्वीकार किया।

विज्ञप्ति में कहा गया, "XVI-FC ने माना कि वह विस्तृत विश्लेषणात्मक कार्य करेगा और उसे प्रमुख अनुसंधान संगठनों, प्रमुख थिंक टैंक और राजकोषीय संघीय संबंधों के क्षेत्र में काम करने वाले अन्य संगठनों सहित सभी की विशेषज्ञता की आवश्यकता होगी।

16वां वित्त आयोग, जिसे संख्यात्मक रूप से XVI-FC भी कहा जाता है, अपनी सिफारिशों को 31 अक्टूबर, 2025 तक सार्वजनिक करेगा, ये सिफारिश 1 अप्रैल, 2026 से पांच वर्षों की अवधि के लिए होंगे। यह आयोग केंद्र और राज्यों के बीच शुद्ध करों के वितरण, राज्यों को आवंटित किए जाने वाले सहायता अनुदान, आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत हस्तांतरण पर सिफारिशें देगा और राज्यों में पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों के पूरक के उपायों पर अपनी राय देगा।

इंटीरियर्स एंड मोर लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

आईपीओ के जरिए जुटायेगी 42 करोड़ रुपए

लखनऊ। घरों, कारोबारी स्थानों व कार्यक्रमों को सजाने के लिए आर्टिफिशियल फ्लावर्स, प्लांट्स और डेकोरेटिव उत्पाद बनाने वाली कंपनी इंटीरियर्स एंड मोर लिमिटेड का आईपीओ 42 करोड़ रुपए जुटाने के लिए कल15 फरवरी से खुल रहा है। आईपीओ से जुटाई गई राशि का उपयोग कुछ ऋणों का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किया जाएगा। आईपीओ के बाद, कंपनी के शेयरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के एसएमई प्लेटफॉर्म एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध किया जाएगा। ग्रेटेक्स कॉरपोरेट सर्विसेज इस इश्यू की लीड मैनेजर हैं। आईपीओ 20 फरवरी को बंद हो जाएगा।

आईपीओ में 10 रुपये फेसवैल्यू के 18,50,400 फ्रेश इक्विटी शेयर बुक बिल्ट इश्यू प्रणाली से 216 रुपए से 227 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 42.00 करोड़

रुपए जुटाए जा रहे हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 600 शेयर है जो आईपीओ की ऊपरी मूल्य सीमा 227 रुपए प्रति शेयर के आधार पर 1,36,200 रुपये के बराबर है। आईपीओ 35त्न शेयर रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित किए गए हैं। मार्केट मेकर के लिए 5त्न शेयर आरक्षित किए गए हैं।

2012 में निगमित, इंटीरियर्स एंड मोर लिमिटेड की स्थापना श्री मनीष टिबरेवाल और श्री राहुल झुनझुनवाला ने की थी। कंपनी के पास आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स, गिफ्ट आइटम्स, घर, कार्यालयों और मॉल, बैंक्वेट हॉल आदि जैसे अन्य प्रतिष्ठानों के लिए सजावट कार्य करने के क्षेत्र में समृद्ध अनुभव है। पिछले 12 वर्षों की अवधि में, कंपनी ने न सिर्फ घरेलू बाजार में आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स और उनके द्वारा निर्मित अन्य सजावटी वस्तुओं की बिक्री में वृद्धि की है, बल्कि चीन, वियतनाम, थाईलैंड, फिलीपींस और इंडोनेशिया से। अन्य घरेलू और शादी की सजावट के उत्पादों के आयात को शामिल करके अपने पोर्टफोलियो का विस्तार भी किया है। इन वर्षों में कंपनी कॉर्पोरेट, बीटूबी और बीटूसी सेगमेंट में एक मजबूत ग्राहक बनाने में सक्षम रही है।

कंपनी ने वित्तीय स्तर पर विकास और स्थिरता को प्रदर्शित करते हुए उल्लेखनीय प्रगति प्रदर्शित की है। वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए कंपनी ने 25.27 करोड़ रुपये का राजस्व और 5.92 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ जबकि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी ने 9.98 करोड़ रुपये का कुल राजस्व एवं 1.04 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

31 मार्च 2023 तक कंपनी की कुल असेट 9.95 करोड़ रुपए और कुल असेट्स 30.94 करोड़ रुपए दर्ज की गई थी।

वालमार्ट वृद्धि ने 50,000 से ज्यादा एमएसएमई को सशक्त किया

नई दिल्ली। वालमार्ट के सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वालमार्ट वृद्धि ने पांच वर्ष से भी कम समय में 50,000 से ज्यादा एमएसएमई को सशक्त करने के लक्ष्य को पूरा कर लिया है। कंपनी ने आज इसकी जानकारी दी। दिसंबर, 2019 में लॉन्च किए गए इस प्रोग्राम के माध्यम से कंपनियों को आगे बढ़ने, विस्तार करने और उन्हें घरेलू सप्लाई चेन से इंटीग्रेट करने में मदद के लिए निशुल्क ट्रेनिंग, मेंटरिंग और डिजिटल टूल्स प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम ने 50 हजार एमएसएमई को सशक्त करने के अपने लक्ष्य को निर्धारित समय से काफी पहले ही प्राप्त कर लिया है।

वालमार्ट के प्रोग्राम पार्टनर स्वस्ति के साथ मिलकर यह कार्यक्रम स्थानीय सप्लायर्स को फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर कदम रखते समय ट्रेनिंग, मेंटरिंग एवं कारोबार से संबंधित विभिन्न सलाह पाने का मौका देता है। एमएसएमई को दी जाने वाली डिजिटल ट्रेनिंग में फाइनेंस, मार्केटिंग, वर्कफोर्स मैनेजमेंट एवं एनवायरमेंट सस्टेनेबिलिटी जैसे बिजनेस मैनेजमेंट के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर किया जाता है। यह प्रोग्राम उद्यमियों को सफल एवं सस्टेनेबल बिजनेस मॉडल तैयार करने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने में योगदान के लिए भी सशक्त बनाता है।

इस प्रोग्राम को पूरे भारत में लागू किया गया है और इसने महत्वपूर्ण केंद्रों जैसे मुरादाबाद एवं आगरा (उत्तर प्रदेश), पानीपत (हरियाणा), भोपाल (मध्य प्रदेश), सूरत (गुजरात), गुवाहाटी (असम) और तिरुपुर (तमिलनाडु) के एमएसएमई को एक-दूसरे से जोड़ने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। देशभर के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के इस अवसर को साकार करने में संबंधित राज्य सरकारों के साथ गठजोड़ की भी भूमिका रही है। वालमार्ट वृद्धि से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले ऐसे कारोबारी, जो पहले से ही फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस से जुड़े हुए थे, उन्होंने यहां से प्रशिक्षण के बाद सालाना आधार पर करीब 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

वालमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट – सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा, एमएसएमई को सशक्त बनाना समावेशी विकास को समृद्ध करने की वालमार्ट की प्रतिबद्धता के केंद्र में रहा है। मैं इस पहल को लेकर अटूट समर्पण के लिए वालमार्ट वृद्धि से जुड़े 50,000 से ज्यादा एमएसएमई की सराहना करता हूं। उन एमएसएमई का तेज विकास इस प्रोग्राम के मजबूत पाठ्यक्रम, प्रभाव और हर कदम पर इसके माध्यम से दिए जाने वाले सहयोग का प्रमाण है। हम आशा करते हैं कि ये एमएसएमई अपने स्थानीय समुदायों के बीच रीइन्वेस्ट करेंगे, नई नौकरियां पैदा करेंगे, लोकल वैल्यू चेन एवं इकोनॉमी को प्रोत्साहित करेंगे और भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे।

फ्लिपकार्ट के मार्केटप्लेस हेड एवं वाइस प्रेसिडेंट राकेश कृष्णन ने कहा, फ्लिपकार्ट का मिशन इस डिजिटल दुनिया में तेजी से आगे बढ़ने के लिए सेलर्स को अवसर प्रदान करना है। वालमार्ट वृद्धि प्रोग्राम ने एक प्रेफर्ड प्लेटफॉर्म के रूप में सर्विस देने की फ्लिपकार्ट की क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है। इसने फर्स्ट-टाइम सेलर्स को संपर्क स्थापित करने और देशभर के बायर्स तक पहुंचने में सक्षम बनाया है, बड़े पैमाने पर ईकॉमर्स की व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाया है और एक ऐसे चेन रिएक्शन की शुरूआत की है, जो ज्यादा आजीविकाओं के सृजन और समृद्धि में योगदान दे रहा है।

स्वस्ति के प्रोग्राम डायरेक्टर जोसेफ जुलियन ने कहा, स्वस्ति को वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम के माध्यम से 50,000 से अधिक एमएसएमई को डिजिटल एवं सशक्त करने में भागीदार बनने का सम्मान मिला है। यह प्रोग्राम उद्यमियों के लिए एक व्यापक सपोर्ट सिस्टम के महत्व को रेखांकित करता है। हमें इस उल्लेखनीय प्रयास में योगदान देने का गर्व है। हम अपने अनूठे लर्निंग मॉड्यूल्स के माध्यम से एमएसएमई का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन मॉड्यूल्स को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे आज के व्यावसायिक परिदृश्य में एमएसएमई को सतत विकास के लिए आवश्यक कौशल प्रदान किए जा सकें। भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री नारायण राणे ने कहा, भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस विकास में प्रतिस्पर्धी एवं उत्पादक एमएसएमई सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, जो आर्थिक विस्तार और रोजगार सृजन के मामले में एक उत्प्रेरक की तरह काम कर रहा है। सरकार सभी राज्यों में एमएसएमई के विकास को सक्रियता से समर्थन प्रदान करती है। वालमार्ट वृद्धि प्रोग्राम जैसी पहल एमएसएमई के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एवं विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मैं 50,000 से ज्यादा उद्यमों को वृद्धि प्रोग्राम के माध्यम से प्रशिक्षित करने के लिए वालमार्ट एवं फ्लिपकार्ट की टीम को बधाई देता हूं। इस प्रोग्राम की मदद से इन उद्यमों को बाजार के असीम अवसरों को अपने लिए खोलने का मौका मिला है।

बेजोस ने अमेजन के 4 अरब डॉलर के शेयर बेचे

नई दिल्ली। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने बीते चार कारोबारी दिनों में कंपनी के 4 अरब डॉलर के शेयरों की बिक्री की है। उन्होंने पिछले दिनों कंपनी के 50 मिलियन शेयरों की बिक्री का एलान किया था। अब उन्होंने बीते चार कारोबारी दिनों में कंपनी के करीब 24 मिलियन शेयर बेच दिए हैं। जिनका मूल्य करीब 4 अरब डॉलर है। दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बेजोस ने इससे पहले साल 2021 के बाद शेयर नहीं बेचे थे। ब्लूमबर्ग के अनुसार नियामकीय फाइलिंग में खुलासा हुआ बिक्री सिर्फ चार कारोबारी दिनों में बेजोस की ओर से शेयरों की बिक्री की गई है। हालांकि बेजोस की ओर से यह नहीं बताया गया कि शेयरों की बिक्री क्यों की है। उन्होंने 2 नवंबर को घोषणा की कि वह सिएटल क्षेत्र से मियामी जा रहे हैं।

एक फाइलिंग के अनुसार, सोमवार को बाजार बंद होने के दौरान अमेजन के 13% की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। बेजोस की ओर से शेयर बेचने के बाद मंगलवार को कंपनी के शेयर 2.2% फिसलकर

168.64 डॉलर पर कारोबार करते दिखे।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए वीजा और मास्टरकार्ड जैसे कार्ड नेटवर्कों को कॉरपोरेट और छोटे उद्यमों की तरफ से किए जाने वाले कार्ड-आधारित वाणिज्यिक भुगतान रोकने को कहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अन्य बिजनेस आउटलेट्स पर किए जा रहे लेन-देन भी अस्थायी रूप से रोक दिए गए हैं। आरबीआई ने उन लोगों के भुगतान पर पाबंदी लगाई है जो कार्ड से भुगतान स्वीकार करने के के पात्र नहीं है। आरबीआई ने अपने फैसले में साफ किया है कि वीजा और मास्टरकार्ड जैसे कार्ड नेटवर्क कॉरपोरेट और छोटे उद्यमों की तरफ से किए जाने वाले कार्ड-आधारित वाणिज्यिक भुगतान करने की सुविधा को तत्काल प्रभाव से रोक दें।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 21 फरवरी को वित्तीय स्थिरता व विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक में वैश्विक चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करेंगी। सूत्रों ने बताया कि उच्चस्तरीय समिति की 28वीं बैठक नई दिल्ली में होगी जिसमें रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास सहित वित्तीय क्षेत्र के सभी नियामकों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 47.6 लाख करोड़ रुपये का बजट पारित होने के बाद एफएसडीसी की यह पहली बैठक होगी, जिसमें 11.11 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के साथ पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बैठक में वित्त मंत्री मौजूदा वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति व वित्तीय स्थिरता से जुड़े मुद्दों की समीक्षा करेंगी।

शिक्षण संस्थानो में धूमधाम से मना सरस्वती पूजा

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। सहजनवा तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्कूल, कालेज, शिक्षण संस्थानो में धूमधाम से सरस्वती पूजा अर्चना किया गया। पीएन सेंट्रल एकेडमी डोहरिया कला में सरस्वती के चित्र पर प्रबंध कृष्ण मुरारी तिवारी द्वारा माल्यार्पण किया गया। यहा पूजा पंडालों को आकर्षण ढंग से सजाया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। विद्या पब्लिक स्कूल चरडाव, एनजी पब्लिक स्कूल करिया,पीजी ग्लोबल घघसरा, टीएन मेमोरियल स्कूल तिलौरा, ब्लूइंग बर्डस स्कूल सहजनवा, रमन पब्लिक स्कूल सहजनवा, ब्राइट लैंड एकेडमी सहजनवा, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद विद्या मंदिर, हरपुर बुदहट, एस एस डी रॉयल एकेडमी भीटी रावत, पवन पब्लिक स्कूल जिगिना, आईडियाल स्कूल हरपुर बुदहट में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया हुआ। पूजा को लेकर छोटे छोटे बच्चे में विशेष उत्साह देखा गया।

नारी शक्ति वन्दन कार्यक्रम का आयोजन

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। सहजनवा तहसील अंतर्गत, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ल रहे। तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह रहे। विकासखंड सहजनवा, पिपरौली एवं पाली की स्वावलंबी दीदियों द्वारा जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर बनी है तथा स्वरोजगार के साथ-साथ अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा रही हैं। विधायक द्वारा प्रमाण पत्र एवं किट का वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से वंदना द्वारा मशरूम पालन, निर्मला देवी द्वारा कुकुट पालन, पूनम द्वारा बैटरी चालित रिक्शा, रेनू पांडे द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन वितरण, संगीता देवी, किरण देवी, रेणु देवी, चंदा देवी, अनीता देवी, विभा देवी आदि को नारी शक्ति वंदन प्रमाण पत्र एवं किट से सम्मानित कार्यक्रम में किया गया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष द्वारा भी कार्यक्रम में नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

पत्रकार की दादी का निधन, जताया शोक

कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो। एक प्रिंट मीडिया के गोरखपुर के चर्चित पत्रकार पवन कुमार गुप्ता की दादी मंगरी देवी का 14 फरवरी 2024 को आकस्मिक निधन हो गया। वह 90 वर्ष की थीं। उनका निधन पैतृक निवास वार्ड 17 मणिपुरम, परसौनी खुर्द- टोला कोल्हुआ में बुधवार को हुआ। मंगरी देवी की पार्थिव देह का बुधवार को दोपहर बरवां चौराहा स्थित बाणीपुल घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर पुत्र रामनरेश प्रसाद गुप्ता, शिव नाथ गुप्ता, नाती अरुण गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, रतन लाल गुप्ता, हीरालाल गुप्ता, मुरारी लाल गुप्ता, आशीष, आशुतोष, दीपक, चंदन, मनीष, सुपौत्र अंश गुप्ता, यश, पार्थ व बड़ी संख्या में गोरखपुर से लगायत स्थानीय लोग मौजूद रहे। दादी के निधन पर मंडल के पत्रकारों, अधिवक्ताओं व तीसरी आंख मानवाधिकार संगठन ने दुःख जताया है।

भाजपा सरकार सदैव जनता की सेवा व विकास के लिए संकल्पित : विजयलक्ष्मी गौतम

सलेमपुर अवधनामा संवाददाता। सलेमपुर के रामपुर बछउर में गांव चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवास के दौरान राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं के मोबाइल में नमो एप्प लोड कराया। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ही केन्द्र एवम प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है,जो सदैव जनता की सेवा व विकास के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हर गरीब परिवार को मिल रहा है। अमरेश सिंह बबलू, मण्डल अध्यक्ष अमरदत्त यादव, ग्राम प्रधान बेबी सिंह, आशुतोष तिवारी, अजय दूबे वत्स, कृष्णकांत तिवारी, नागेन्द्र गुप्ता, अमित सिंह, अमित यादव, अवधेश मद्देशिया, कृष्णकुमार सिंह, जयनारायण सिंह, केदार चन्द्र, रामायण सिंह, जयप्रकाश यादव, जयप्रकाश सिंह, गुलाम हसन, सन्त जी महाराज, मैना देवी, रमावती देवी, धीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

डीएम ने श्रीअन्न जागरूकता रैली को किया रवाना

देवरिया अवधनामा संवाददाता। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कलक्ट्रेट से श्रीअन्न जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पारंपरिक रूप से बाजरा, रामदाना ज्वार, कोदो, रागी, मडुआ और सांवा जैसे श्रीअन्न का प्रयोग लोगों के घरों में होता रहा है। ये सभी पोषक तत्वों से परिपूर्ण होते हैं और आधुनिक युग की लाइफ स्टाइल डिजीज जैसे मधुमेह, हाइपरटेंशन एवं हृदय रोगों के लिए रामबाण की तरह है। मोटे अनाजों की पोषकता एवं बीमारी से लड़ने की क्षमता अतुलनीय है।

कोई भी ताकत परास्त नहीं कर सकेगी भाजपा को: सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। गांव चलो अभियान के अंतर्गत बुधवार को वनटांगिया गांव रजही में ग्रामीणों से संवाद करने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के बूथ समिति के पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की। उनसे उनके द्वारा किए जा रहे सांगठनिक कार्यो, मतदाता सूची की अधिकतम स्थिति और शासन की योजनाओं के बारे में बूथ स्तर पर जारी प्रयासों की जानकारी ली। मेरा बूथ, सबसे मजबूत के मंत्र को दोहराते हुए उनमें जोश का संचार किया। कहा कि हर पात्र को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराकर बूथ को इतना सशक्त बनाना है कि कोई भी ताकत भाजपा को परास्त न कर सके।

रजही गांव में भ्रमण से पूर्व सीएम योगी ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इसमें बूथ समिति के पदाधिकारी व पन्ना प्रमुख

प्रमुख रूप से शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने परिचय प्राप्त करने के बाद यह जानकारी ली कि मतदाता सूची, व्हाट्सएप समूह बनाने, नमो एप पर डाउनलोड करने के संबंध में मिले दायित्व कहां तक आगे बढ़े हैं। साथ ही यह पूछा कि किसके बूथ पर कितने लोगों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है। कहा कि पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप हर बूथ पर योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संतृप्तिकरण के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने उत्साह को और बढ़ाते हुए कहा कि जो पार्टी जनता के बीच में रहकर जनता का कार्य करेगी, उसी पार्टी के लोग बार-बार जनप्रतिनिधि बनकर जाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मेरा बूथ, सबसे मजबूत के मंत्र को हमेशा ध्यान में रखना होगा। इस मंत्र के अनुसार काम करने से चुनाव आपके पक्ष में आएगा और भाजपा हर बूथ जीतेगी। कोई भी ताकत आपको हर नहीं पाएगी मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबका एक ही संकल्प है, प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप विकसित भारत के संकल्प से जुड़ना और इस संकल्प को पूर्ण करना।

गांव चलो अभियान के तहत बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की बैठक में सीएम ने भरा जोश

गांव चलो अभियान भी इसी संकल्प का हिस्सा है। इसमें शासन की योजना का लाभ प्राप्त कर चुके लोगों की सफल कहानी सुनी जाएगी। साथ ही उन लोगों को योजनाओं के लाभ से जोड़ने का काम आगे बढ़ाया जाएगा जो किन्हीं कारणों से अभी तक वंचित हैं। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय आदि, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख वंदना सिंह, रणविजय सिंह आदि भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सरकार अल्पसंख्यक हितों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील : परविंदर सिंह

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह ने अपने एक दिवसीय गोरखपुर दौरे में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सबका साथ सबका विकास के अपने मूल मंत्र पर आगे बढ़ रही है नागरिकता कानून को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय में तरह-तरह की भ्रांतियां फैलाई जा रही है वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है।

सीएए नागरिकता देने का कानून है इससे किसी की नागरिकता ली नहीं जा सकती उत्तर प्रदेश की और केंद्र की सरकार अल्पसंख्यकों के हित को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत आने वाली नहीं है श्री सिंह ने कहा की मस्जिद मदरसे गुरुद्वारे गिरजाघर सभी सुरक्षित है। सभी धर्मावलम्बी अपने-अपने धर्म के अनुसार अपनी अपनी इबादतें कर रहे हैं चुनाव के मद्देनजर विपक्षी दल देश और प्रदेश का अमन चैन बिगाड़ना चाहते हैं जबकि प्रदेश और देश की समझदार जनता ऐसा कदापि होने नहीं देगी माननीय मोदी तीसरी बार लगातार इस देश के प्रधानमंत्री होने वाले हैं। योगी जी के राज में उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता पूरी तरह सुरक्षित है कानून व्यवस्था उत्तम है हर प्रकार से प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है सरदार परविंदर सिंह ने अपने दौरे के दौरान गुरुद्वारा जटाशंकर जाकर मत्था टेका ततपश्चात श्री गोरखनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। वहां से वह उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सदस्य भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद इफ्तेखार हुसैन से मिलने उनके आवास भी गए। इसी क्रम में उन्होंने इस वक्त गंभीर रूप से बीमार चल रहे अल्पसंख्यक मोर्चे के महानगर उपाध्यक्ष अनसआब्दीन के घर जाकर उनका हाल चाल लिया।

कड़ाई से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराएं : डीएम

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा माह जनवरी 2024 में जनपद में दुर्घटना एवं दुर्घटना से हुए मृत्यु की वृद्धि पर रोष व्यक्त करते हुए समस्त सम्बन्धित विभागों को सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु कड़ाई से नियमों का अनुपालन कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अधि0 अभि0 पी0डब्लू0डी0, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं एनएचआई के अधिकारियों को समस्त ब्लैक स्पॉटों पर सुधारात्मक कार्यवाही करने, अनफीट वाहनों के प्रति प्रवर्तन कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी विद्यालय अनफीट वाहन का संचालन न करें, इसका विशेष ध्यान रखें। विद्यालयों में गठित विद्यालय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक नियमानुसार समय से करा ली जाए तथा विद्यालयों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले समस्त वाहन सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के मानकों के अनुरूप होने चालिए, इसमें किसी भी प्रकार की शिशिलता क्षम्य नही होगी।

बसंत पंचमी पर एसआर चिल्ड्रेन्स के बच्चों ने बांधा समां

अवधनामा संवाददाता

बोदरवार, कुशीनगर। स्थानीय बाजार में संचालित एस आर चिल्ड्रेन्स एकेडमी के छात्रों द्वारा बसंत पंचमी पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आये हुए अतिथियों और अभिभावकों को वाह वाह करने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पडरौना सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट महंथ गोपाल दास तिवारी रहे।

बुधवार को एस आर चिल्ड्रेन्स एकेडमी पड़ौली बोदरवार में बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां सरस्वती का विधिवत पूजन अर्चन किया। मुख्य अतिथि महंथ गोपाल दास तिवारी ने मां शारदे का माल्यार्पण कर कार्यक्रम की औपचारिकता पूरी किया। इस दौरान पडरौना से वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिपुरारी मिश्र, आर्मी आफिसर राघवेन्द्र ओझा व उपम ओझा ने भी मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से किया गया। दिशा त्रिपाठी, वैष्णवी, अंबिका, सिमरन, रागिनी, रोमा, अनामिका, संजना त्रिपाठी, अंजलि ने जहां अपने परफॉर्मेंस से खूब वाहवाही बटोरी वहीं अमृतेश, संगम, दिलमुहम्मद ने लूंगी डांस करके श्रोताओं को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।सोसल मीडिया का दुष्परिणाम एकांकी को खूब सराहा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंजलि विश्वकर्मा और अभिषेक मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रिया त्रिपाठी, सत्येंद्र पांडेय, अंबरीष मिश्र, बृजेश सिंह, रंजीत मद्धेशिया,एस एन श्रीवास्तव, राधेश्याम त्रिपाठी, अमरनाथ त्रिपाठी, अवधेश गिरी, रुद्र प्रकाश सिंह सहित सैंकड़ों गणमान्य उपस्थित रहे।

मलिक मुहम्मद जायसी पर बनेगी डॉक्यूमेन्टरी फिल्म

अमेठी। सूफी संत मालिक मुहम्मद जायसी पर एक डॉक्यूमेन्टरी फिल्म बनेगी। इसके बुधवार को मुम्बई से आये फिल्म डायरेक्टर प्रमोद मण्डलोई की टीम ने रामनगर स्थित जायसी की मजार पर पहुंचकर कुछ जानकारी जुटाई। फिल्म निर्माण सहयोग कर रहे क्षेत्र के श्रीनाथ शुक्ल टीम को जायसी जी से जुड़े स्थलों का अवलोकन करा रहे हैं। कुछ जानकारी शेष न रहे इसलिए साक्ष्य की पुष्टि करने के लिये टीम गुरुवार को जायस जायेगी। प्रमोद मंडलोई ने बताया कि मलिक मोहम्मद जायसी का नाम एक बड़ा नाम है उनकी कृतियां संसार में आज भी ऊंचाइयों पर हैं। हमने इन पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने का निर्णय लिया है मलिक मोहम्मद जायसी से जुड़े सभी तथ्यों को समेटने का प्रयास किया जा रहा है। उनके अमर प्रेम ग्रंथ पद्मावत को आधार बनाकर इस फिल्म का निर्माण किया जाएगा।अमेठी रियासत में वे रहे इसलिए अमेठी आए और उनके समाधि स्थल पर कुछ जानकार लोगों से मिलकर तथ्य जुटाने का काम चल रहा है।

सीडीओ ने विकास खण्ड भलुअनी में आंगनबाड़ी केन्द्र तथा आरआरसी सेन्टर का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने आज ग्राम पंचायत कुईया विकास खण्ड भलुअनी में आंगनबाड़ी केन्द्र, आरआरसी सेन्टर, का निरीक्षण जनपद स्तरीय अधिकारी डीपीओ कृष्णकान्त राय एवं डीपीआरओ सर्वेश कुमार पाण्डेय के साथ किया।

आंगनवाडी केन्द्र कुइया के निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन में बीम का लेबल ठीक नही पाया गया। शोक पीट में हनीकाम (जाली) नही पाया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा कार्य अपेक्षाकृत प्रगति लाये जाने हेतु एवं शौचालय का दरवाजे बाहर खुलने के अनुरुप निर्माण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आरआरसी सेन्टर कुईया का कार्य बन्द होने तथा आरआरसी सेन्टर का पार्टीशन एवं नाली का कार्य न पाये जाने पर असन्तोष व्यक्त करते हुये ग्राम पंचायत सचिव रीना भारती का वेतन वाधित करने हेतु उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया।उक्त के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं सचिव को मानक के अनुरुप कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित करते हुये विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों को अनुपालन कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी भलुअनी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सहायक विकास अधिकारी (आईएसवी), अवर अभियन्ता बद्री प्रसाद, सहायक बाल विकास परियोजना अधिकारी रीचा पाण्डेय, एपी मनरेगा ओंकार सिह, ग्राम पंचायत सचिव रीना भारती तकनीकी सहायक अदभुत शुक्ला, शत्रुमर्दन शाही कन्सल्टिंग ईजिनियर प्रभात सिंह, खण्ड प्रेरक, ग्राम पंचायत प्रधान एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

स्वच्छ वातावरण, स्वच्छ नगर और स्वच्छ वायु में ही स्वच्छ शरीर का निवासः मनीष

अवधनामा ब्यूरो

पडरौना नगर में स्वच्छता अभियान के तहत पौधे लगाए प्रतिनिधि बुलबुल

कुशीनगर। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत प्रदेश भर में चलाए जा रहे स्वच्छ बसन्त प्रतियोगिता के क्रम में बुधवार को नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन में उनके प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल द्वारा नगर के बालगंगाधर तिलक नगर वार्ड में तुलसी पार्क में पौधरोपण किया गया। इस दरम्यान विभिन्न स्थानों पर स्वच्छ बसन्त प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल ने कहा कि स्वच्छ प्रकृति, स्वच्छ वातावरण, स्वच्छ नगर और स्वच्छ वायु में ही स्वच्छ शरीर का निवास सम्भव है। इस दौरान उन्होंने आमजनों से भी अपनी अपनी कॉलोनी, घरों, मकान की छतों और अन्य स्थानों पर फूलों की बागवानी बनाने की अपील की। शुरुआती महीनों में पौधों की सुरक्षा को ज्यादा महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा करना भी नए पौधों के रोपण करने जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि आने वाले समय मे बरसात के दिनों में अपनी जड़ों को मजबूत कर यही पौधे आत्मनिर्भर होकर 100 वर्षो तक मानव जाति की रक्षा करेंगे। श्री जायसवाल नगर के जलकल भवन, सीवरेज परिसर, नगरपालिका कार्यालय, कान्हा गौशाला, जूनियर हाईस्कूल, सुगर मिल कैम्पस, श्री शायरी माता मंदिर, श्री बुढ़िया माता मंदिर, श्री दुर्गा माता मंदिर सहित अन्य स्थानों पर पौधरोपण कर आयोजित स्वच्छ बसन्त प्रतियोगिता में हिस्सा। इस दौरान ईओ संतराम सरोज सहित समस्त सभासद मौजूद रहे।

स्वच्छ बसन्त अभियान के तहत नगर अध्यक्ष सुनीता चौधरी ने चलाया स्वच्छता अभियान

रामकोला, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। बुधवार को बसन्त पंचमी के शुभ अवसर पर नगर पंचायत रामकोला द्वारा नगर स्वच्छ बसन्त प्रतियोगिता का आयोजन वार्ड नंबर एक अम्बेडकर नगर स्थित हरित पार्क में नगर अध्यक्ष सुनीता चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता चौधरी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप इस पार्क को हरा भरा व इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है तथा हम सभी का यह दायित्व बनता है कि अपने घरों के आसपास खाली पड़े जगहों, जमीनों तथा पार्कों में फलों, फूलों एवं जड़ी बूटियों तथा औषधीय गुणों वाले पौधों को जरूर लगावें जो लोगों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकोला सतीश चौधरी, अधिशासी अधिकारी रामकोला संतोष कुमार वर्मा, अनूप श्रीवास्तव, बड़े बाबू हरे राम शर्मा, विकास चौहान, आशुतोष कुमार सिंह उर्फ सोनू इत्यादि सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा पार्क में फूलों एवं पौधों को लगाया गया।



वार्षिकोत्सव में विविध कार्यक्रम के हुए मंचन

अमेठी अवधनामा संवाददाता। विकास खंड क्षेत्र जगदीशपुर के रानीगंज में मंगलवार को डीजे कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ।

वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक डॉ इलमारन जी वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। छात्राओं द्वारा गणेश वंदना ओर स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति की गई।छात्रों ने विभिन्न गीतों पर समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया। बेटी बचाओ शीर्षक पर एक प्रेरणादायक एकांकी की मार्मिक प्रस्तुति की गई जिससे सबकी आंखें नम हो गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ इलमारन जी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को एक अवसर प्रदान करते हैं जिससे वह अपने व्यक्तित्व का निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा छात्र जीवन में मिलने वाले यह अवसर बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह भविष्य में एक अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण करने में सहायक होते हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी छात्र- छात्राओं के सुंदर प्रस्तुति के लिए सराहना किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक व प्रबंधक धर्मजीत सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक मुसाफिरखाना अतुल सिंह व डॉ आशीष कुमार त्रिपाठी शामिल हुए। विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचि मिश्रा निदेशक एमडी शुक्ला समन्वयक संजय मौर्य एएच इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मानसिंह सहित विभिन्न गणमान्य लोग अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इमाम हुसैन के जन्मदिन पर हुआ निःशुल्क जल विरतण

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। इमाम हुसैन (अस) के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को इंदिरा बाल विहार तिराहा गोलघर पुलिस चौकी के सामने निःशुल्क जल एवं फल व मिष्ठान वितरण कार्यक्रम का आयोजन अली बॉयज कमेटी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड के मनोनीत सदस्य शबाहत हुसैन रिज़वी रहे। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन वो हैं, जिन्होंने कहा था की जुल्म के आगे कभी मत झुको। प्यासे को पानी पिलाओ भले ही वो तुम्हारा दुश्मन ही क्यों न हो। जुल्म के खिलाफ जितनी देर से उठोगे, कुर्बानी उतनी बड़ी देनी पड़ेगी। बताते चलें कि मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना और इसी से जुड़ा एक इस्लामिक पर्व जिसको हम सब पैगम्बर मुहम्मद साहब के नवासे, इस्लाम के खलीफा हज़रत अली के पुत्र, कर्बला के अमर शहीद इमाम हुसैन की याद में मानते हैं। कार्यक्रम में आने वाले लोगों को एडवोकेट एजाज़ रिज़वी ने बताया कि इमाम हुसैन ने कर्बला में अपने परिवार और दोस्तों की कुर्बानी देकर दुनिया के सामने सब्र, इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश किया उस अज़ीम कुर्बानी को हर साल याद करके इस्लाम धर्म को एक नई ऊर्जा मिलती है। उन्ही के जन्म दिन पर ये आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर इमाम जुमा व जमात मौलाना शमशाद ने कहा कि इमाम हुसैन के जन्मदिन के मौके पर इस तरह के कार्यक्रम का होना और उसमें तमाम मज़हब के लोगों का शामिल होना ये इस बात का सबूत है कि इमाम हुसैन सबके हैं। कार्यक्रम में शामिल हुए मियां बाज़ार के पार्षद और भाजपा नेता समद गुफरान साजु ने कहा कि आज मुसलमान भाइयों के लिए खास दिन है उनके जन्मदिन पर मैं समस्त देशवासियों को दिली मुबारकबाद देता हूँ। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन साहब ने हमेशा देश जोड़ने वाली बात की, प्यार की बात की, अमन की बातें की, भाईचारे की बात की।

सरकार ने किया सर्वसमावेशी विकासः डॉ. शलभ मणि

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। पीएम मुद्रा योजना के तहत 40 करोड़ ऋण प्राप्तकर्ताओं में से पचास प्रतिशत से अधिक ऋण पिछड़ी, अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों को दिए गए। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से 4 करोड़ एससी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ देने का काम भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार ने किया है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 3 लाख कारीगरों और शिल्पकारों को लाभ भाजपा सरकार ने दिया है। उक्त बातें सदर विधायक डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं के साथ सुभाष चौक स्थित एक प्रतिष्ठान पर चाय पर चर्चा के दौरान कहा।उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी और योगी सरकार ने सर्वसमावेशी विकास किया है। उत्तर प्रदेश में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 2.80 लाख से अधिक कारीगर लाभान्वित हो रहे है। एसटी छात्रों के लिए 400 कार्यात्मक और 700 स्वीकृत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना हुयी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में 4 करोड़ गरीबों को पक्का घर मिला तो उत्तर प्रदेश में 55.50 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला। जल जीवन मिशन के तहत 11.8 करोड़ घरों में पहुंचा नल से जल और शत-प्रतिशत घरों में बिजली पहुचायी गयी। इस दौरान रामदास मिश्रा, डॉ. राधेश्याम शुक्ला, अम्बिकेश पाण्डेय, राजेन्द्र विक्रम सिंह, रत्नेश्वर गर्ग, सतेन्द्र पाण्डेय, सूरज पटेल, संदेश शर्मा, भीम यादव, विक्की दूबे आदि रहे।

महिलाओं को आर्थिक तौर पर मजबूत बना रही सरकार की योजनाएं

अवधनामा संवाददाता

भाजपा महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिलाओं को किया जागरूक

बहराइच। जनपद में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार लगातार महिलाओं को सशक्त, साक्षर एवं हर विषम परिस्थितियों में बहादुरी से दो-दो हाथ करने का जज्बा विकसित करने का हर संभव प्रयास कर रही है। इसी क्रम में नानपारा विधानसभा के स्वास्तिक लान में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। संचालन महिला मोर्चा की जिला महामंत्री उर्मिला शुक्ला ने किया। नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा मुख्य अतिथि रहे। विधायक वर्मा ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों से कई लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिसका लाभ आप सभी को लेना चाहिए व अपने आस पास के लोगों को भी दिलाना चाहिए। बलहा विधानसभा के मिहींपुरवा ब्लाक सभागार में भी नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक सरोज सोनकर ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष डा. अभिलाषा वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार प्रयास कर रही है। बीसी सखी, समूह गठन, उज्जवला योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किया है। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

ट्रक में घुसी एम्बुलेंस, चालक समेत दो घायल

सुल्तानपुर। राजधानी लखनऊ से लौट रही एम्बुलेंस सुल्तानपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। 14 फरवरी को 136-200LHS स्थान परएम्बुलेंस सं यूपी 32 जी 6338 जिसका चालक कृष्णकांत निवासी ग्राम सुरूरपुर थाना दोस्तपुर जिला सुल्तानपुर चल रहा था।गाड़ी में सहायक मुकेश भी बैठा था, एम्बुलेंस लखनऊ से आजमगढ़ की ओर जा रही थी।तभी पीछे से एक ट्रक में टकरा गई। एंबुलेंस में बैठे दोनों व्यक्तियों की चोट लगी है। घटना के बाद घायलों को दूसरी एंबुलेंस द्वारा अंबेडकर नगर इलाज के लिए ले जाया गया। मौके पर यूपीडा पेट्रोलिंग स्टाफ ने आवागमन चालू करवाया।

हज़रत इमाम हुसैन अ. की विलादत पर मिठाईयां व फल किया गया वितरित

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर, बंधुआकलां। हज़रत रसूल खुदा स. के प्यारे नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का यौमे पैदाइश (जन्मदिन) धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बंधुआकलां में मिठाई फल बिसलरी पानी वितरित करते हुए एक दूसरे को मुबारकबाद दी गई। बंधुआकलां में आयोजित कार्यक्रम में गुलाम अब्बास ने कहा कि रसूले खुदा के नवासे प्यारे इमाम हुसैन (अ.स.) के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके इंसानियत और हक के लिए दिए गए बलिदान को विस्तार पूर्वक बताया गया। कहा, कि हजरत इमाम हुसैन ने हक और इंसानियत के लिए अपना और अपने पूरे खानदान का बलिदान दे दिया था, मगर यजीद के आगे सिर नहीं झुकाया।उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) ने किसी एक मजहब के लिए लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने पूरी कायनात के इंसानों को इंसानियत का पैगाम दिया। हिन्दू मुस्लिम ने एक दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और गंगा जमुनी तहजीब का पैगाम दिया। इस अवसर पर मौजूद लोगों द्वारा एक दूसरे को मिठाईयां खिला कर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर गुलाम अब्बास खादिम अब्बास जालका यादव मोहम्मद मेहदी सुरजालाल, हसन, अन्नू हलवाई, छंग्गू, बाबा, इस्लाम अहमद शोएब अहमद गुलाम हैदर सैयद फारूक जसीम बाबा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मनाया गया हुजूरपुर के ब्लॉक प्रमुख का जन्मदिन

अवधनामा संवाददाता

भारी तादाद में जुटे ब्लाक प्रमुख के समर्थक कार्यालय स्टाफ के लोग

बहराइच। जनपद के हुजूरपुर ब्लॉक सभागार में हुजूरपुर के ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह का जन्म दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक और अश्वनी सिंह सनी रहे कार्यक्रम में प्रमुख से केक कटवा कर जन्मदिन बनाया गया। इस अवसर पर गरीब और असहाय लोगों को कंबल एवं साड़ी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी प्रधान पिंटू सिंह प्रधान रिंकू सिंह प्रधान सत्यम सिंह प्रधान मिंटू सिंह प्रधान दिनेश सिंह प्रधान भयंकर सिंह प्रधान कमलेश निषाद प्रधान सुनील निषाद प्रधान रामू मिश्रा प्रधान गंगेश सिंह प्रधान पंकज शुक्ला प्रधान मनोज मिश्रा प्रधान अनिल सिंह विकास सिंह, विपिन सिंह, प्रमोद सिंह, विशाल सिंह, ब्लॉक के वरिष्ठ लिपिक अजय सिंह तथा सीडीपीओ विमल सिंह समेत समस्त कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

मेधावी छात्राओं का ललिता तिवारी स्मृति न्यास ने किया सम्मान

अवधनामा संवाददाता

भदैया, सुल्तानपुर। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भदैयां की मेधावी छात्राओं के सम्मान कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनकी मेधा के लिए पुरुस्कृत करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वास व्यक्त किया गया कि ये प्रतिभाशाली छात्राएं अन्य छात्राओं को आगे बढ़ने में प्रेरक भूमिका निभाएंगी। वक्ताओं ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि हर क्षेत्र में बालिकाएं अपनी श्रेष्ठता प्रमाणित करके अपना विशिष्ट स्थान बना रही हैं। इस सफल आयोजन में ललिता तिवारी स्मृति न्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। न्यास की ओर से बोर्ड की इंटर परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं रिया पांडेय,मनीषा व रूबी यादव तथा हाई स्कूल परीक्षा में ऐसे ही प्रदर्शन के लिए सपना, दीक्षा और रेनू गुप्ता को ट्रॉफी,प्रशस्ति पत्र एवं ग्यारह सौ रुपए मूल्य की महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रदान की गईं। बहुमुखी प्रतिभा के लिए पारुल सिंह व सृष्टि उपाध्याय तथा रंगोली प्रतियोगिता की तीन टीमों की नौ छात्राओं को भी न्यास ने सम्मानित और पुरुस्कृत किया। ग्रामीण क्षेत्र के इस विद्यालय की शिक्षिकाओं और स्टाफ ने समर्पित भाव से परिश्रम करते हुए शिक्षण कार्य की गुणवत्ता और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया है। न्यास ने उन सभी का भी अंग वस्त्र, प्रशस्तिपत्र और पुस्तकें भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रवी शंकर थे। अध्यक्षता जिला सूचनाधिकारी डॉक्टर धीरेंद्र कुमार यादव ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रोबेशन अधिकारी पी.वी. वर्मा वित्त लेखाधिकारी अमित मिश्र और सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर यादव उपस्थित थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपम श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अतिथियों एवं ललिता तिवारी स्मृति न्यास के योगदान की सराहना करते हुए आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार सत्य देव तिवारी ने किया।

ठेकेदारों ने अधिक्षण अभियंता लो.नि.विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

सुल्तानपुर। कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन उत्तरप्रदेश ने मंत्री लोक निर्माण विभाग को खत लिख कर लोक निर्माण विभाग सुल्तानपुर के अधीक्षण अभियंता आर0के0सिंह की करी शिकायत की है। लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों ने आरोप लगाया है। ठेकेदारों के कहना है कि अधीक्षण अभियंता सारे कामो में बाधा उत्पन्न करते है। जैसे समयवृद्धि, वैरिएशन, अतिरिक्त कार्य मद में पैसो की मांग करते है । उक्त पैसा न मिलने पर इस हद तक परेशान करते है, जिससे कार्य मजबूरी वश रोकना पड जाता है। अधीक्षण अभियंता को इससे कोई फर्क नही पड़ता कि कार्य में देरी हो जाये। कार्य रुक जाए इससे उन्हें कोई मतलब नही रहता है। उनका इस तरह से प्रताड़ित करना कार्यो में देरी की मुख्य वजह बन गया है। जो भी कागज़ खण्डीय कार्यालय से उनके पास जाता है ,वो पैसा ना मिलने की वजह से बार बार आपत्ति लगाकर वापस कर देते हैं।

बसंत पंचमी कार्यक्रम संपन्न

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुल्तानपुर के प्रांगण में बागदेवी मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस बसंत पंचमी पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिस के अवसर पर प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार त्रिपाठी एवं कोषाध्यक्ष महेन्द्र पांडेय जी ने हवन पूजन करके मां सरस्वती की आराधना भैया, बहनों ने किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य जी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहनों को रामचरितमानस की प्रति देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य जी ने सरस्वती के बरद पुत्र निराला जी को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बहन वैष्णवी सिंह ने वर दे वीणा वादिनी वर दे सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर प्रबंधक दयाराम यादव, राम अचर्य शुक्ल जी उपस्थित रहे। मीडिया विभाग के प्रभारी दीनबंधु सिंह के संयोजन में वंदना विभाग की बहनों तथा मीडिया में कार्य करने वाले आचार्य बन्धुओं को श्री रामचरितमानस की प्रति देकर सम्मानित किया गया। हवन पूजन पंडित उमादत्त दूबे व अमित त्रिपाठी जी ने कराया।

सीएचसी हुजूरपुर के निरीक्षण में अव्यवस्थाओं पर बिफरी डीएम

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आकांक्षी विकास खण्ड हुजूरपुर में चिरैय्याटांड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, कोल्ड चेन, पेयजल एवं प्रसाधन की व्यवस्था, प्रसव कक्ष, टेक्निशियन कक्ष सहित औषधि वितरण काउण्टर, औषधि कक्ष, ओटीपी एवं वार्डो इत्यादि का सघन निरीक्षण किया तथा अभिलेखों का अवलोकन कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति से भी रूबरू हुई।

अभिलेखों के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि जननी सुरक्षा योजना अन्तर्गत लाभार्थियों एवं आशा का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है। कारण पूछे जाने पर बीसीपीएम एवं ब्लाक एकाउण्ट मैनेजर बगले झांकने पर मजबूर हो गये। जिलाधिकारी ने इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए अग्रिम आदेशों तक प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी, बीसीपीएम एवं ब्लाक एकाउण्ट मैनेजर का वेतन बाधित किये जाने का निर्देश देते हुए इस बात की सख्त ताकीद की कि शीघ्र से शीघ्र आशा व लाभार्थियों को भुगतान कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मिहींपुरवा में आयोजित हुआ रोज़गार मेला

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत विकास खण्ड सभागार मिहींपुरवा में आयोजित रोज़गार मेले कुल 12 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में आये हुए 223 प्रतिभागियों का साक्षात्कार करते हुए 164 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर में कायदेशक संजय अरोरा, मेला प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, रवि शंकर पाठक, भानु प्रताप, पलटू राम, देवेंद्र बाजपेई, नदीम अहमद, अबू बकर, जिया रिजवी व निरंजन लाल इत्यादि कर्मचारी मौजूद रहे।

सपा शीर्ष नेतृत्व ने फिर से जताया भरोसा

इंजी.हृदेश यादव मुखिया फिर बने मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। सत्ता के विपक्ष में रहकर भी जमीनी स्तर पर काम करते हुये संघर्षशील नेता के रूप में पहचान बनाये इंजी.हृदेश यादव मुखिया को एक बार फिर समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति पर प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के ललितपुर जिलाध्यक्ष पद पर इंजी.हृदेश यादव मुखिया को नियुक्त करते हुये आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की अधिक से अधिक सीटों को जीतने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जायेगा। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी की विचारधारा से जन-जन को अवगत कराते हुये अधिक से अधिक लोगों को समाजवादी पार्टी में जोडने की दिशा में कार्य किया जायेगा। मुखिया के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिन्तकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

शिवाय सुपर किंग को पठान वॉरियर्स ने हराया

अवधनामा संवाददाता

हैमर जिम राइडर्स को अथर्व सुपर किंग ने दी शिकस्त

प्लेयर ऑफ द मैच धारांश अंकुश पाठक बने

ललितपुर। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्व.राजेंद्र जायसवाल की स्मृति में निशी क्रिकेट अकादमी द्वारा अंडर 14 ललितपुर टीवीएस प्रीमियर लीग के आठवें दिन दो मैच खेले गये। पहला मैच अथर्व सुपर किंग और हैमर जिम राइडर्स के मध्य व दूसरा शिवाय सुपर किंग व पठान वॉरियर्स के बीच खेला गया। पहले मैच में अथर्व सुपर किंग ने हैमर जिम राइडर्स को 19 रन से हराकर करारी शिकस्त दी। अथर्व सुपर किंग के खिलाड़ी अथर्व ने क्षेत्ररक्षण बेहतर किया। वही दूसरे मैच में शिवाय सुपर किंग को पठान वॉरियर्स ने 72 रन से एक तरफा हरा दिया और फाइनल में प्रवेश कर लिया। वही शिवाय सुपर किंग मैच हारकर अंक अधिक होने की बजह से फाइनल में पहुँच गई दोनों टीमों को अब तक आठ -आठ अंक मिल चुके हैं। पहले मैच में अथर्व सुपर किंग ने बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 152 रन बनाये। वहीं हैमर जिम के बल्लेबाजों ने लक्ष्य पीछा करते हुये निर्धरित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर मात्र 133 रन ही बना सके। जिससे अथर्व सुपर किंग ने 19 रन से मैच जीत लिया। लेकिन अंक कम होने की बजह से फाइनल में नहीं पहुँच सकी। अथर्व सुपर किंग के ऑल राउंडर धारांश जैन ने 56 रन बनाये, जिससे वह प्लेयर ऑफ द मैच बने। वहीं दूसरे मैच में टॉस जीतकर पठान वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाये लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवाय सुपर किंग के बल्लेबाजों ने 18.3 ओवर में टीम ऑल आउट गई और मात्र 60 रन ही बना सके। जिससे पठान वॉरियर्स 72 रन से लीग मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर गई। वहीं अंकेश ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुये 24 गेंदों में 28 रन बनाये और 3.3 ओवर में मात्र 4 रन दिए और तीन विकेट झटके, जिससे वह प्लेयर ऑफ द मैच बने। मुख्य अतिथि सांसद अनुराग शर्मा, राज्यमंत्री मनोहरलाल, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। वहीं आयोजन कमेटी में मोहम्मद नसीम, पवन परमार, शत्रुघ्न यादव, रत्नेश दीक्षित, रामप्रताप सिंह, पुष्पेंद्र बुंदेला, पीएस परमार, विजय निरंजन, सोनू राजा, छपरट, अजय राजा, रामेश्वर सेन, धर्मेंद्र गोस्वामी, नेहाल राजपूत, राज कौशिक, दिशांत के अलावा बृजबिहारी मिश्रा, ध्रुव बुंदेला, वीरेंद्र, लखन रैकवार आदि मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका में सौरभ नायक, प्रियंक के अलावा धर्मेंद्र कुमार स्कोरर सिद्धार्थ जैन रहे। वही आंखों देखा हाल मोहन पेंटर ने सुनाया। **आज होगा फाइनल मुकाबला:** आज का फाइनल मुकाबला पठान वॉरियर्स और शिवाय सुपर किंग बीच होगा दोनों टीमों ने लीग मैच में आठ -आठ अंक प्राप्त कर सबसे आगे है। पठान वॉरियर्स के ऑनर खुर्शीद पठान और शिवाय सुपर किंग के ऑनर मनोज खटीक हैं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (एकल पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 06.03.2024 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना संख्या	21-DyCEE-GS-LKO-2023-24 दिनांक : 13.03.2024
निविदा संख्या	21-DyCEE-GS-LKO-2023-24 13-DyCEE-GS-LKO-2023-24-4
कार्य का नाम	(1) उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में स्थित निहालगढ, हैदरगढ एवं भरतकुंड स्टेशनों पर अमृत भारत योजना के अंतर्गत इम्प्रुवमेंट एवं डेवलपमेंट के कार्यों के सम्बन्ध में 25 के0 वी0 ओ0 एच0ई0 के माडिफिकेशन का कार्य। (2) उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में समपार संख्या 12स्पेशल, 05/सी, 06/सी, 07/ए, 09/सी, 10/ए, 11/बी2, 12/सी, 15/ए, 17/सी, 24/सी, 35/बी, 38/बी एवं 41/ए (कुल 14 नं) पर प्रोजेक्ट मिशन रफ्तार के अन्तर्गत अधोगामि सेतु का निर्माण के सम्बन्ध में ओ0एच0ई0 के माडिफिकेशन का कार्य।
अनुमानित लागत	(1) Rs.63,80,083.66 (2) Rs.2,04,46,905.80
धरोहर राशि	(1) Rs.1,27,600.00 (2) Rs.2,52,200.00
कार्य समापन की अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह।
निविदा डालने का प्रारंभ	21.02.2024
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	06.03.2024 11:30 बजे
वेबसाईट	www.ireps.gov.in

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 484/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

तहसील महरौनी के न्यायालय में न्यायिक अधिकारियों जल्द हो नियुक्ति

कार्य से विरत रहकर बार एसोशियेशन ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जिला बार एसोशियेशन के तत्वाधान में जिला एवं सत्र न्यायालय के मुख्य गेट पर अधिवक्ताओं द्वारा तहसील महरौनी के न्यायालय में लम्बे समय रिक्त चल रहे अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति न होने पर धरना प्रदर्शन करते हुये कार्य से विरत रहे। राजस्व न्यायालयों द्वारा लगातार अधिवक्ताओं को गुमराह करने व व्याप्त भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में भी अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। लम्बे समय से जनपद के वादकारियों को सुलभ न्याय नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण अधिवता व वादकारी परेशान चल रहे हैं। जिला बार एसोशियेशन के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव द्वारा बताया गया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्रशासनिक न्यायमूर्ति प्रयागराज को ज्ञापन के माध्यम से न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की मांग की गयी थीं, लेकिन करीब 9 माह बीतने के पश्चात भी कोई सुनवाई नहीं हुयी। इस कारण वाद पत्रावलियों को यहां-वहां स्थानान्तरित किया जा रहा है, जिससे अधिवक्ता क्षुब्ध हैं। दो दिवसीय 14 व 15 फरवरी की कलम बंद हड़ताल कर रहे है। हड़ताल के दौरान अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव, महामंत्री महेन्द्र कुमार जैन, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, श्रीप्रकाश चौबे, केहर सिंह परमार, वैभव जैन, नेमिचंद्र जैन, इन्द्रपाल सिंह यादव, राजेश पाठक, अंकित जैन बंटी, बृजेन्द्र सिंह चौहान, रामनरेश दुबे, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, सुनील देवलिया, नीरज मोदी, आरिफ बेग, आत्माराम पाराशर, अमित रिछारिया, रवीन्द्र घोष, रवि रायकवार, अमन सुरजिया मटके, पुष्पेन्द्र गोस्वामी, रामलखन यादव, गौरव सेन, शेरसिंह यादव, आकाश झां, अनुराग लोधी, रमेश कुशवाहा, मधुसूदन श्रीवास्तव, निधि सिंह, पंकज शर्मा, अभिषेक उपाध्याय, नन्दकिशोर कुशवाहा, धर्मेंद्र रजक, विकास त्रिपाठी, छोटेलाल कुशवाहा, पुष्पेन्द्र गोस्वामी, अजय राजपूत, राकेश रजक, हरनाम सिंह कुशवाहा के अलावा अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

महिला थाना का निरीक्षण कर एसपी ने देखी व्यवस्थाएं

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने महिला थाना ललितपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना आदि को चैक किया गया तथा सम्पूर्ण थाना परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एवं कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक महिला थाना को निर्देशित किया गया। महिला थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में लम्वित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने महिला थाना प्रभारी, प्रभारी नारी सुरक्षा दल (एन्टीरोमियो) को निर्देशित किया गया कि बेलेन्टाइन डे के दृष्टिगत शहर क्षेत्र के पार्को, रेस्टोरेन्ट, डैम व अन्य पिकनिक स्पाट में लगातार टीम के साथ भ्रमणशील रहकर सतर्क निगरानी रखेगी। महिला थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया स्कूलों, कॉलेज के खुलने तथा छुट्टी के समय अपनी टीम के साथ भ्रमणशील रहकर अराजकतत्वों पर नजर रखेगी एवं रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मन्दिरों, पार्क, अस्पताल, डैम आदि स्थानों पर भ्रमणशील रहेगी। राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास आदि योजनाओं के बारे में महिलाओं, बालिकाओं को जानकारी देकर जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
Office of Executive Engineer
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती
Provincial Division, P.W.D., Shrawasti

उत्तर प्रदेश सरकार
लोक निर्माण विभाग

पुलिस लाइन, भिनगा-श्रावस्ती-271831
Police Line, Bhinga-Shrawasti
Phone No. 05250-222961
E-Mail: pdpwdswt2012@gmail.com

पत्रांकः 306/ई-टेण्डर/2023-24 दिनांकः 08-02-2024

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी (मार्ग कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद श्रावस्ती के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग मरम्मत हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रू. लाख में)	बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
विधान सभा-भिनगा (स्वीकृति की प्रत्याशा में)						
1	श्रावस्ती	वित्तीय वर्ष 2023-24 में विकास खण्ड जमुनहा में बाढ़/अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त बहराइच-ककरदरी किमी0-37 से रामपुर भरथा मार्ग के मरम्मत/रेस्टोरेशन का कार्य।	28.50	2.85	945.00	02 माह

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथिः- दिनांक 16-02-2024 से पूर्व।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन-लाइन दिनांक 16-02-2024 से 23-02-2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 23-02-2024 पूर्वान्ह 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 23-02-2024 अपराह्न12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) निविदादाता को निविदा प्रपत्र मूल्य एवं बिड सिक्योरिटी धनराशि up e-tender portal पर इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आन लाइन जमा करना होगा।
(ड़) शासनादेश स ख्या 14/2020/879/तेइस-7-2020-176(सा0)/06 दिनांक 25-08-2020 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

(सर्वेश कुमार हरित)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., श्रावस्ती

UPID-203206 Dated-13-02-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

दोहरे हत्याकांड व चोरी के आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। एक सप्ताह पहले चोरी के इरादे से घर में घुसे बदमाशों ने घर में सो रहे भाई बहिन की हत्या कर दी थी।जिसके बाद पुलिस ने घटना के खुलासे को लेकर पुलिस की कई टीमें, एस.ओ.जी. और सर्विलांस सेल को मुस्तैद कर दिया था।जिसके बाद रात में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जिसपर उनके द्वारा पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी गई पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग कर एक अपराधी को घायल कर दिया जबकि दूसरे को भी घेर कर पकड़ लिया।

बीते छः फरवरी को बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम पारा में घर में सो रहे कृष्ण दत्त सोनी और उनकी बहिन केशकली की हत्या कर दी गई थी।और घर का सामान भी अस्त व्यस्त पड़ा था जिसपर चोरी की नीयत से हत्याकांड को अंजाम देने की बात सामने आ रही थी जिसपर पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर ने भी घटनास्थल का दौरा कर मामले के जल्द खुलासे की बात कही थी।और सर्विलांस सेल, एस.ओ.जी.सहित अन्य टीमों का गठन किया गया था।

मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि पारा मौदहा रोड पर दो संदिग्ध लोग खड़े हैं जिसपर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पूछताछ के लिए रोका तो एक आरोपी ने पुलिस पर गोली चला दी,पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो एक आरोपी पूरन के पैर में गोली लग गई जबकि दूसरा आरोपी हरिकृष्ण उर्फ हरिया को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकडे गए आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी के जेवरात और नकदी तथा नाजायज तमंचा और कारतूस बरामद किया है। वहीं घायल पूरन का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध जनपद सहित दूसरे जनपदों के थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने बताया कि हत्याकांड के बाद से ही पुलिस की कई टीमों को मामले के खुलासे के लिए लगाया गया था जो लगातार इस पर काम कर रही थीं पुलिस को रात में सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध लोग खड़े हैं जिनसे पूछताछ करने पर पुलिस पर इनके द्वारा फायरिंग की गई जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त घायल हो गया जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है बाकी इनके पास से चोरी के जेवरात, नकदी और मृतकों के दस्तावेज बरामद किए गए हैं इनका एक साथी राजेंद्र फतेहपुर जनपद का फरार है उसकी भी तलाश की जा रही है। यह लोग चोरी की नीयत से घुसे थे लेकिन मृतकों द्वारा इनके पहचान जाने के डर से हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।

श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कालेज में मनाई गई बसंत पंचमी

अवधनामा संवाददाता

सुमेरपुर हमीरपुर। कस्बा के श्री गायत्री विधा मंदिर बालिका इंटर कालेज सुमेरपुर मे बंसत पंचमी के मौके पर किया गया हवन पूजा कस्बा सुमेरपुर के मैथली शरण मार्ग स्थित दोनो शिक्षा संस्थानो मे बंसत पंचमी के मौके मे हवन पूजा किया गया।माँ गीता महेश्वरी के प्रबंधक डाक्टर अलोक पाली वाल व विधालय के प्रधानाचार्य भरत कुमार एव शिक्षक अनुराग तिवारी , अंशु , नसीम , आर्यन , विनायक पालीवाल , अमीन खान आदि मौजूद रहे वही दूसरी ओर श्री गायत्री विधा मंदिर बलिका इंटर कालेज के प्रबंधक पुनीत पालीवाल के नेतृव मे बंसत पंचमी मे सरास्वती माता के चित्र मे फूल माला पहना कर हवन पूजा के साथ बंसत पंचमी का त्योहार मनाया गया जिसमे विद्यालय के प्रधाना चर्य नम्रता सिंह अध्यपक अमर कांत मिश्रा, आरती शुक्ला रेनु सिंह आदि मौजूद रहे।

डीएम व एसपी नें परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस की लिखित परीक्षा दिनॉक 17.02.2024 (शनिवार) व 18.02.2024 (रविवार) को दो पालियों में प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 तक व द्वितीय पाली अपरान्ह 03 से 05 बजे तक होने वाली परीक्षा को शान्तिपूर्ण वातावरण में नकलविहीन व निर्विघ्न रूप से संम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने राजकीय बालिका इण्टर कालेज, हमीरपुर, विद्या मंदिर इण्टर कालेज, हमीरपुर, सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज, हमीरपुर, सरदार पटेल पब्लिक स्कूल हमीरपुर, आदि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा केन्द्रों की मूलभूत आवश्यकताऐं बिजली, पानी, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरों तथा परीक्षा कक्षों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर संबंधित केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि भर्ती बोर्ड के नियमों का गहनता पूर्वक अध्ययन कर अपनें अपने दायित्वों का निर्वहन करे, तथा परीक्षा केन्द्रों मे में पायी गयी कमियों को तत्काल दुरूस्त कराने के निर्देश संबंधित को दिए।

नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा में न हो कोई परेशानीः एसपी

बांदा। आगामी आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के लिए एसपी अंकुर अग्रवाल ने अपर पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एसपी ने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में एसपी ने आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। गौरतलब हो कि 17 और 18 फरवरी को दो पालियों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और शाम 3 बजे से 5 बजे तक होने वाली उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा के लिए जनपद में कुल 11 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। मीटिंग में एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

आत्महत्या करने जा रहे युवक ने सोशल मीडिया पर डाला वीडियो

- पुलिस ने संज्ञान लेकर तत्काल मौके पर पहुँचकर कर बचाई जान

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। बीते तीन दिन पहले रात्रि फेसबुक मेटा कंपनी की तरफ से जरिए अलर्ट सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक जो जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने जा रहा हैं । संबंधित सूचना सोशल मीडिया सेल को प्राप्त हुई। सोशल मीडिया सेल हमीरपुर के द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए युवक से जरिये फोन वार्ता कर उसको विश्वास में लेकर जीवन के महत्व के बारे में बताया गया तथा आत्महत्या न करने के लिए कन्वेंस किया गया। साथ ही सोशल मीडिया सेल के द्वारा थाना राठ पुलिस को सूचित किया गया। थाना राठ प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह द्वारा अपने हमराही कर्मचारी कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह,अनिल कुमार व मनीष पाल के साथ मुहल्ला भठियाना कस्बा व थाना राठ में युवक के मोबाइल लोकेशन के आधार पर मौके पर पहुंचकर युवक से सम्पर्क किया गया । तथा युवक के पास रखे जहरीले पदार्थ को नष्ट किया गया । जब युवक से आत्महत्या करने का कारण पूछा गया तो युवक ने बताया कि मैं आर्थिक तंगी से जुझ रहा हूँ जिस कारण अवसाद में आ गया था और आत्महत्या करने जा रहा था । थाना पुलिस द्वारा युवक को समझा-बुझाकर थाने पर लाकर काउंसलिंग की गई एवं युवक के द्वारा भविष्य में आत्महत्या न करने संबंधित आश्वासन दिया गया तथा परिजनों को बुलाकर युवक को सुपुर्द किया गया।

चोरी के डंपर के साथ दो युवक गिरफ्तार

- गिरफ्तार युवकों के पास से अवैध तमंचे भी बरामद
- डंपर चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा
- पुलिस टीम को एसपी ने दिया 20 हजार का इनाम

अवधनामा संवाददाता

बांदा। पहली पफरवरी को देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरेह गांव में डंपर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। देहात कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी किया गया डंपर और अवैध तमंचे भी बरामद हुए हैं। थाना कोतवाली देहात पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने आपरेशन क्लीन के तहत गुरेह आरटीओ कार्यालय के पास से हुई डंपर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब हो कि पहली फरवरी की रात को गुरेह आरटीओ कार्यालय के पास से अज्ञात चोरों ने डंपर चोरी किया था। पुलिस सुरागरसी करते हुए अभियुक्तों की तलाश कर रही थी। बुधवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्तों की पहचान करते हुए दो अभियुक्तों असगर खान पुत्र अब्दुल्ला खान निवासी मड़ोडा थाना नगेवा जनपद नूंह मेवात (हरियाणा) और इमरान खान पुत्र इदरीश खान निवासी सुड़ाका थाना नूंह मेवात (हरियाणा) को थाना कोतवाली नगर के कनवारा बाईपास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध तमंचा व चोरी किया गया डंपर बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि गाड़ियों की चोरी करना उनका पेशा है। बताया कि पहली फरवरी को अर्टिगा गाड़ी से फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर बांदा आए थे। डंपर चोरी कर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर नूंह मेवात हरियाणा लेकर गये। वहां से डंपर की रंगाई पुताई कर वापस बांदा लाकर बेचने व दूसरी गाड़ियों की अवैध तमंचे के बले पर चोरी करने की योजना बना रहे थे, वह पकड़े गए। एसपी ने पुलिस टीम को 20 हजार रुपए का पुरस्कार दिया। पुलिस टीम में देहात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुखराम सिंह, निरीक्षक नरेश कुमार प्रजापति, राधाकृष्ण तिवारी प्रभारी सर्विलांस सेल, उप निरीक्षक दुर्विजय सिंह, मुख्य आरक्षी महेश्वर प्रसाद त्रिपाठी, जावेद अली, विश्ववीर सिंह, संदीप कुमार, आरक्षी हनीफ खान, आशीष शर्मा, कमल सिंह सेंगर, प्रतीक यादव, अमित कुशवाहा, मनीष कुमार मिश्र, सूर्यांश श्रोत्रिय शामिल रहे।

सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में बाइस जोड़ों थामा एक दूसरे का हाथ

अवधनामा संवाददाता

राठ, हमीरपुर। नगर के भगवती पैलेस में जय बुंदेलखंड किसान हितैषी सेवा समिति द्वारा सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 21 हिंदू व एक मुस्लिम जोड़े ने एक दूसरे का हाथ काम अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य मृत्युंजय प्रताप सिंह उर्फ सनी ने नव दंपति को प्रमाण पत्र देते हुए बताया कि उनकी पार्टी हमेशा से ही गरीब असहायों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास करती है। जिसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन भी पार्टी की एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसमें नवदंपति को सरकार द्वारा अनुदान के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। जिसमें उक्त संस्था सामूहिक विवाह सम्मेलन कराकर मुख्यमंत्री की मनसा को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। इस दौरान इक्कीस नवदंपति ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अग्नि को साक्षी मान व एक मुस्लिम जोड़े ने निकाह कर अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। इस दौरान कार्यक्रम संरक्षक रमाकांत कुटार, अध्यक्ष यादवेंद्र यादव,प्रबंधक गोपाल जी सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज कुशवाहा, उपाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, राजू मुनीम, मनोज महोबा आदि मौजूद रहे।

यज्ञोपवीत संस्कार कराना पुनीत कार्यः राजाबाबू

अवधनामा संवाददाता

बांदा। पैलानी तहसील अन्तर्गत भवानी पदारथपुर पहुंचे आईपीएस आईजी बीएसएफ नई दिल्ली राजाबाबू सिंह ने स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती चैरिटेबल ट्रस्ट वेद विज्ञान विद्यापीठ आश्रम भवानी पदारथपुर में चल रहे यज्ञोपवीत संस्कार में हिस्सा लेकर कई जनपदों से आए ब्राह्मण बटुकों के उपनयन संस्कार में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठम द्वारा अनवरत कराये जा रहे निशुल्क उपनयन संस्कार को वर्तमान में महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठम द्वारा कर्म और धर्म पर चलने की शिक्षा निरंतर संस्थान दे रहा है, जो स्वागत योग्य है। वहीं इस दौरान आयोजकों ने आईजी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान जयराम सिंह बछेउरा, राजेश सिंह, ललक सिंह, कमलेश तिवारी, शांति भूषण सिंह, मिंकू आदि मौजूद रहे।

बोर्ड परीक्षाओ की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी नें की बैठक

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की दिनॉक 22 फरवरी 2024 से 09 मार्च 2024 तक प्रथम पाली में प्रातः 08:00 बजे से 11:15 मिनट तक एवं सायंकाल पाली में 02:00 बजे से 05:15 तक होने वाली बोर्ड परीक्षाओ की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में केन्द्र व्यवस्थापको, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। जिसपर जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापको से कहा कि इस परीक्षाओ के माध्यम से देश व समाज का भविष्य तय करते है। इसलिए सभी केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिए गए दायित्वों का इमानदारी पूर्वक निर्वहन कर बोर्ड की परीक्षाओ को शान्तिपूर्वण निष्पक्ष व नकल विहीन कराने केन्द्रों में साफ सफाई विद्युत आपूर्ति, सीसीटीवी की क्रियाशील बनाये रखने के निर्देश दिए, तथा परीक्षार्थियों के आवागमन की सुविधा हेतु रोडवेज बसो के नियमित संचालन के निर्देश ए0आर0एम0 रोडवेज को दिए गए।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद मुख्यालय पर एक कन्ट्रोल रूम बनाया गया। कन्ट्रोल रूम नम्बर 05282-298150 है, जो क्रियाशील है। ज्ञात हो कि जनपद में 41 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिसमें हाईस्कूल में 15717 परीक्षार्थी व इण्टर मीडियट में 14570 परीक्षार्थी इस प्रकार कुल 30287 परीक्षार्थी परीक्षा में सामिल होगे।

मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के बाद हुआ प्रसाद वितरण

बांदा। बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केनपथ में बसंत पंचमी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य भोला यादव द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के समस्त छात्रों, आचार्यों, आचार्या बहनों, सेवक, सेविकाओं तथा अभिभावकों द्वारा हवन पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुरोहित के रूप मे विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विजय भूषण द्विवेदी रहे। सभी छात्रों ने मां सरस्वती को उपहार स्वरुप अनेक वस्तुएं दीं। इसके बाद मां सरस्वती की भव्य दिव्य आरती तथा वंदना हुई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों का प्रसाद वितरण हुआ।

अध्यक्ष राजस्व परिषद ने केलक्ट्रेट विभिन्न अनुभागों का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

- राजस्व से सम्बन्धित मुकदमों के निस्तारण में लाये तेजीः अध्यक्ष राजस्व परिषद

सोनभद्र। अध्यक्ष राजस्व परिषद हेमन्त राव ने सर्व प्रथम कलेक्ट्रेट परिसर में गॉड आफ आनर की सलामी ली इसके पश्चत अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट परिसर में गॉन्धी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्ध सुमन अर्पित किये, इस दौरान अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित गॉन्धी पार्क में गॉन्धी जी के प्रतिमा के उपर छतरी का लोकापर्ण किये इसके पश्चात अध्यक्ष व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्टेउट परिसर में वृक्षा रोपण भी किये इसके पश्चात अध्यक्ष राजस्व परिषद उ0प्र0 हेमन्त राव ने आज कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न अनुभागों का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने विभिन्न अनुभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जो भी पत्रावलिया प्राप्त होती है उसका निस्तारण ससमय किया जाये जिससे कि जनमानस को समय से न्याय मिल सकें, निरीक्षण के दौरान उन्होने न्याय सहायक अनुभाग, राजस्व सहायक अनुभाग कक्ष, ई0आर0के0/आंग्ल अनुभाग कक्ष, स्थानीय निकाय अनुभाग कक्ष, रेकार्ड रूम अनुभाग, मुख्य राजस्व अनुभाग कक्ष का निरीक्षण करते हुए पत्रावलियों का बेहतर तरीके के रख-रखाव, कार्मिकों का जी0पी0एफ0 पासबुक व सेवा पुस्तिका आदि के कार्यो का जायजा भी लिये इसके पश्चात अध्यक्ष राजस्व परिषद ने कलेक्ट्रट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान अध्यक्ष ने राजस्व से सम्बन्धित मुकदमों के निस्तारण के प्रगति की तहसीलवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदारगण, नायब तहसीदार को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप राजस्व के मामलों से सम्बन्धित मुकदमों का निस्तारण ससमय व गुणवत्तपूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये जिससे की आम जनमानस को समय से न्याय मिल सकें। उन्होनें कहा कि मुकदमों के निस्तारण होने के पश्चात आदेश की कॉपी पोर्टल अनिवार्य रूप से तिथि सहित अकिंत की जाये जिससे की मुकदमों के निस्तारण के सम्बन्ध में आम जनमानस को जानकारी उपलब्ध हो सकें इसमें लापरवाही कदापी न बरती जाये। इस दौरान जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अध्यक्ष जी द्वारा जो भी दिशा-निर्देश प्राप्त हुये है उसका निस्तारण सभी अधिकारीगण ससमय सुनिश्चित करेगें। इसके पश्चात अध्यक्ष ने तहसील रावर्टसगंज के विभिन्न अनुभागों का औचक निरीक्षण किये और पत्रावलियों के रख-रखाव के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित करते हुए कहा कि रियल टाइम खतौनी का ससमय जनमानस को उपलब्ध करायी जाये और निर्धारित शुल्क के अनुसार, इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुभाष चन्द्र यादव, उप जिलाधिकारी मुख्यालय प्रमोद तिवारी, समस्तउप जिलाधिकारीगण, समस्त तहसीलदार व नायब तहसीलदार, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कार्मिकगण उपस्थित रहें।

नगर पालिका परिषद सोनभद्र में सरस्वती पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया

सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र में सरस्वती पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में रूबी प्रसाद जी, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवल्ति कर पुष्प अर्पण किया गया। रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा नगर के चतुर्दिक विकास की कामना करते हुये बताया गया कि नगर को स्वच्छ, सुन्दर, प्रकाशवान करने तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिये सदैव तत्पर हूँ एवं शासन स्तर पर नगर विकास की कई परियोजनाएं विचाराधीन है जो शीघ्र ही फलीभूत होंगी। विकास कार्य तेजी के साथ सम्पन्न कराने हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुये नगर वासियों को बसन्त पंचमी की शुभकामनाएं दी गयी। उक्त अवसर पर नगर पालिका परिषद सोनभद्र के सभासद गणों के अतिरिक्त मनीष सोनकर, अवर अभियन्ता, संत कुमार सोनी, लिपिक, विमलेश लाल, जलकल पर्यवेक्षक आदि लोग उपस्थित रहे।

एबीपीएस, रेणुकूट में उत्साह के साथ मनाई गई बसंत पंचमी

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ रेणुकूट। हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेणुकूट में बुधवार को बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ शारदे की आवाहित प्रतिमा की पूजा-अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पारंपरिक तरीके से की गई। ज्ञानदायनी माँ सरस्वती को फल-फूल नैवेद्य अर्पित किया गया। जिसमें विद्यालय की प्राचार्या स्मिता साही, उपप्राचार्या मनीषा वैष्णव सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों व विद्यार्थियों ने सरस्वती माँ की आरती कर पुष्पांजलि अर्पित की। मंत्रोच्चारण से विद्यालय परिसार पुलकित हो उठा। बसंत के आगमन व ज्ञानदायनी माँ सरस्वती की अर्चना की इसी श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा माँ सरस्वती को समर्पित आस्था से परिपूर्ण सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। बसंत उत्सव के इस स्वर्णिम अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या स्मिता साही ने बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ दीं। इस प्रकार आस्था के इस पर्व में माँ सरस्वती का प्रागण गुंजायमान रहा। सरस्वती-पूजा के इस पावन अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या स्मिता साही व उपप्रचार्या मनीषा वैष्णव, शिक्षक-शिक्षिकाएँ विद्यालय के प्रशासनिक विभाग, समस्त कर्मचारीगण व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

राम मंदिर कालोनी में श्रीराम पार्क का राज्यमंत्री व डीएम ने किया लोकार्पण

सोनभद्र। स्थानीय श्री राम मंदिर कॉलोनी परिसर में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास योजना अंतर्गत स्वीकृत नवनिर्मित श्री राम पार्क का बसंत पंचमी के अवसर पर बुधवार को लोकार्पण किया गया। इस दौरान समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, समाजसेवी रमेश कुमार सिंह तथा नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़ कर पार्क का शुभारंभ कराया। मौके पर रहवासियों ने बताया कि पूर्व में पार्क स्थान गन्दगी से भरा रहता था। इसके चलते रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बताया कि समाजसेवी रमेश कुमार सिंह की पहल पर लगभग साढ़े अठारह लाख रुपए की लागत से बने इस पार्क में महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गो सभी को स्वास्थ्य लाभ लेने के साथ-साथ विभिन्न तरह के लगाए गए पेड़ पौधों के नीचे बैठने का अवसर प्राप्त होगा।

ग्राम देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में संपन्न

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/अनपरा। बसंत पंचमी के सुभ अवसर पर ग्राम चकसारनाथ स्थित ग्राम देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम माता रानी की पूजा पाठ विधि विधान व वैदिक रीति रिवाज, घंटे घड़ियाल व शंख के साथ किया गया, कार्यक्रम के मुख्य यजमान पंडित जी0 एस0 तिवारी ने सपत्नीक मातारानी का पूजा पाठ किया। कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की पूजा पाठ के उपरांत रामचरित मानस के सुन्दर कांड पाठ का आयोजन मंदिर के मुख्य पुजारी हरी शंकर तिवारी के देख रेख में वाद्य यंत्रो के साथ शुरू किया गया। कार्यक्रम शुरू होते ही ग्राम चकसारनाथ व आस पास के सैकड़ो की संख्या सारे भक्त गण मंदिर प्रांगण में जमा हो गए और सुन्दर कांड मानस पाठ में तल्लीन हो गए और बीच बीच में जैकारे लगाने लगे, उक्त कार्यक्रम लगभग चार घंटे चला, इसके उपरांत हवन में आहुति दी गई जिसमे गांव की भलाई, तरक्की व शांति के लिए सभी भक्तो ने हवन में आहुति दी तथा मातारानी के गगनचुम्बी खूब जैकारे लगाए ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे पूरा गांव भक्ति में सरोबार हो गया। बसंत पंचमी पर्व के महत्व के बारे में रेखांकित करते हुए मुख्य पुरोहित पंडित विवेक तिवारी ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन ही भगवान ब्रह्मा जी के जिह्वा से वाणी, ज्ञान और बुद्धि की देवी माता सरस्वती प्रकट हुई थीं। इसलिए उनकी पूजा की जाती है, और इसी दिन लक्ष्मी जी का भी जन्मदिन भी माना जाता है; इसलिए इस तिथि को श्री पंचमी भी कहा जाता है। कार्यक्रम समापन के तत्पश्चात उपस्थित सभी मातारानी के भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया सभी भक्त खुशी खुशी अपने घर गये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विप्र नाथ ओझा, लालजी शुक्ल, मतावरण शुक्ल, लालता प्रसाद शुक्ल,शिव प्रसाद राजेश्वरी शुक्ल, दीनानाथ शुक्ल, बटुक शुक्ल, मातिवार शुक्ल, आशा राम शुक्ल, गेल्हर मौर्या,सुरेश मौर्या आदि उपस्थित रहे।

एबीपीएस रेणुकूट में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

सोनभद्र/ रेणुकूट अवधनामा संवाददाता। हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेणुकूट में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह वर्ष- 2023-24 का आयोजन विद्यालय की प्राचार्या स्मिता साही के कुशल निर्देशन में किया गया। जिसमें शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दसवीं की सीबीएससी बोर्ड परीक्षा -2023 में 90 प्रतिशत व अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। सह शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों को गायन, वक्तव्य कला, नाटक, प्रश्नोत्तरी, नुक्कड़ नाटक, कविता वाचन, दोहा वाचन, निबंध-लेखन, खेलकूट जैसी अनेकानेक गतिविधियों में सदन के आधार पर पुरस्कृत किया गया। कक्षा एल के जी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण विद्यालय की प्राचार्या स्मिता साही व उप-प्राचार्या मनीषा वैष्णव द्वारा किया गया।

सुरक्षा के समृद्धि और खुशहाली डबल इंजन सरकार की गारंटी : मुख्यमंत्री

- गांव चलो अभियान के अंतर्गत सीएम योगी ने वनटांगिया गांव रजही में लगाई चौपाल
- बिना भेदभाव सबको योजनाओं का लाभ मिलना ही रामराज्य : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सुरक्षा के बेहतर वातावरण के साथ समाज के हरेक तबके की समृद्धि और खुशहाली ही भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार की गारंटी है। यही मोदी जी की गारंटी है और इस गारंटी को पूरा करने के सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार लोगों को सुरक्षा और सम्मान देने के साथ उन्हें स्वावलंबी भी बना रही है।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की हकीकत जानने और योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए देश स्तर पर शुरू हुए गांव चलो अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी गांव में चौपाल लगाई। बुधवार को गोरखपुर के रजही आजादनगर (वनटांगिया गांव) पहुंचकर उन्होंने घर-घर दस्तक दी। ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें मिले लाभ के बारे में जानकारी ली। बच्चों पर प्यार लुटाया, उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

लाभार्थियों से संवाद के बाद मुख्यमंत्री ने रजही में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार आने के बाद देश और प्रदेश में व्यापक परिवर्तन हुआ है। 2014 के पहले गांव को कोई पूछता नहीं था। गरीबों के बारे में कोई सोचने वाला नहीं था। महिलाओं के बारे में कोई बोलता नहीं था। नौजवानों का हाल-चाल लेने वाला कोई नहीं था। किसान तबाह था, गरीब भूखों मरता था, किसान आत्महत्या करता था। उन्होंने कहा कि जबकि आज गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान समेत समाज के हरेक तबके के लिए सरकारी योजनाएं बेहद प्रभावी ढंग से आगे बढ़ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अकेले उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने 55 लाख 83 हजार लोगों को एक-एक आवास उपलब्ध कराया है। ये आवास 2014 के पहले भी मिल सकता था लेकिन इन गरीबों को आवास नहीं मिल पाया। 2 करोड़ 63 लाख से अधिक गरीबों को एक-एक शौचालय मिला। प्रदेश में 15 करोड लोग फ्री में राशन की सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। 10 करोड लोगों को आयुष्मान भारत योजनाकी सुविधा का लाभ अकेले उत्तर प्रदेश में प्राप्त हो रहा है। हर योजना का लाभ हर गरीब तक पहुंचाने के लिए सरकार के द्वारा कार्य किया जा रहा है।

हर परिवार को देंगे फैमिली आईडी कार्ड

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि योजनाओं का लाभ देने के साथ ही सरकार सरकार एक नया कार्ड यानी फैमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। हम फैमिली आईडी कार्ड हर परिवार को देंगे। इसमें जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है, उनका उल्लेख होगा और जिनको नहीं मिला है उनको आने वाले समय में जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यही रामराज्य है जहां बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ हर गरीब, किसान, नौजवान, महिला को उपलब्ध हो रहा है।

अच्छी सरकार चुनेंगे तो आएंगे अच्छे परिणाम

सीएम योगी ने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि जब अच्छी सरकार चुनी जाती है तो उसके परिणाम भी अच्छे ही आते हैं। इसके लिए पूर्व और वर्तमान सरकार के बीच तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि यही उत्तर प्रदेश है जहां पूर्व में दंगे होते थे। गरीबों पर अत्याचार होते थे। योजनाओं का बंदरबांट होता था। आस्था को चोट पहुंचाई जाती थी। अच्छी सरकार चुनी गई तो आज तो कावड़ यात्रा भी निकल रही है भगवान राम का भव्य मंदिर भी बन गया है। भव्य दीपावली का उत्सव भी हो रहा है। गरीबों को योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है और सुरक्षा का बेहतर वातावरण भी प्रदेश-देश को मिल रहा है।

10 लाख करोड़ की परियोजनाओं को उतारेंगे धरातल पर

सीएम योगी ने कहा कि इसी माह की 19 तारीख को प्रधानमंत्री लखनऊ आ रहे हैं। यहां होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हम 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतारेंगे। आप कल्पना करिए कितने नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेंगे। गोरखपुर में नौकरियां आएंगी। गोरखपुर के नौजवानों को रोजगार और नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वनटांगिया गांवों में रामलला के विराजमान होने से पहले ही आ गया रामराज्य मुख्यमंत्री ने वनटांगिया गांवों में आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि अयोध्या में तो भगवान रामलला 500 वर्ष के बाद अपने मंदिर में विराजमान हुए लेकिन वनटांगिया गांव में रामराज्य पहले ही आ गया। इस दौरान उन्होंने वनटांगिया बस्तियां के पूर्व के हालात और वर्तमान के विकास का तुलनात्मक खाका भी सबके सामने रखा। कहा कि यह रजही गांव 2009 में गोरखपुर संसदीय क्षेत्र में आया। इससे पहले यह बांसगांव संसदीय क्षेत्र का हिस्सा था। गोरखपुर महानगर क्षेत्र से सटे होने के बावजूद यह सुविधाओं से पूरी तरह वंचित था। न सड़क थी, न बिजली, न पानी, न स्कूल था और न ही यहां पर किसी प्रकार की कोई सुविधा थी। यहां पक्का मकान बनाना भी लोगों के लिए कठिन था।

हल्द्वानी की घटना दुर्भाग्यपूर्ण: तौफीक

लखनऊ। आल इंडिया मुस्लिम मजलिस उत्तर प्रदेश के संसदीय बोर्ड अध्यक्ष तौफीक जाफरी ने हल्द्वानी में घटित घटनाओं को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने केन्द्र और उत्तराखण्ड सरकार से मुसलमानों के खिलाफ हिंसक और एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए इसमें शामिल अधिकारियों को न्याय के कटघरे में लाकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की। इसी के साथ मुसलमानों से धैर्य और दृढ़ता के साथ धर्मनिरपेक्ष भाई-बहनों के साथ मिल कर काम करने की अपील की। श्री जाफरी ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए 14 तारीख तय की थी, लेकिन फिरकापरस्त ताकतों और अधिकारियों ने मुसलमानों के खिलाफ एकतरफा हिंसा का सहारा लेकर प्रधानमंत्री की सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के नारे को नष्ट किया। तौफीक जाफरी ने कहा कि प्रधानमंत्री विदेश में मंदिर का उद्घाटन कर रहे हैं और फिरकापरस्त लोग अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश को शर्मसार करा रहे हैं।

भाजपा उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

राज्यसभा चुनाव

- मुख्यमंत्री योगी सहित मौजूद रहे वरिष्ठ पदाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। यूपी में राज्यसभा के लिए होने वाले चुनाव के लिए भाजपा के सभी सात उम्मीदवारों ने बुधवार को नामांकन दाखिल कर दिया। प्रत्याशियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विधान भवन के कक्ष संख्या 48 में नामांकन दाखिल किया।

सभी प्रत्याशियों ने नामांकन के दो दो सेट निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे को सौंपे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और चुनाव प्रभारी बैजयन्त पांडा सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए सुधांशु त्रिवेदी, अमरपाल मौर्य, आरपीएन सिंह, तेजवीर सिंह, नवीन जैन, साधना सिंह और संगीता बलवंत बिंद को उम्मीदवार बनाया है। कयास लगाए जा रहे थे कि समाजवादी पार्टी में चल रही खींचतान के बीच भाजपा राज्यसभा चुनाव में आठवां उम्मीदवार उतार सकती है। रालोद के एनडीए में शामिल होने के बाद भाजपा का संख्या बल अधिक हुआ है।

उधर, सपा विधायक पल्लवी पटेल ने मतदान नहीं करने का एलान कर दिया है। भाजपा को भनक लगी है कि सपा के कुछ अन्य विधायक भी खिलाफत कर सकते हैं। ऐसे में भाजपा के आठवां उम्मीदवार उतारने की संभावना पर कयास लगाए जा रहे थे।

छूटे हुये व वंचित रह गये छात्र व छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षायें

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र., प्रयागराज द्वारा 25 जनवरी 2024 से 09 फरवरी 2024 के मध्य आयोजित की गयी वर्ष 2024 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं के छूटे हुये व वंचित रह गये छात्र व छात्राओं को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षायें 16 फरवरी, 2024 को पुनः आयोजित करायी जायेंगी। सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद दिव्य कांत शुक्ल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि किसी विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों की छूटी हुयी परीक्षा उनके ही विद्यालय में तथा एकल रूप से कहीं-कहीं छूटे हुये परीक्षार्थियों की परीक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक व क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा जनपद मुख्यालय स्तर पर निर्धारित किये गये केन्द्र पर करायी जायेगी।

यूनानी दिवस का किया गया आयोजन

- संपादित और अनुवादित पुस्तक का विमोचन
- यूनानी चिकित्सा एक महान एवं लाभदायक औषधि

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं आयुष विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में यूनानी दिवस का आयोजन किया गया।

यूनानी दिवस के अवसर पर यूनानी से जुड़े सभी छात्र एवं शिक्षकों ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। आज के कार्यक्रम की शोभा श्री हरिकेश चौरसिया (आई. ए.एस.) विशेष सचिव,आयुष विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ने बढ़ाई। डॉक्टर आफताब हाशमी पूर्व (अपर निदेशक, युनानी सेवायें उत्तर प्रदेश) डॉक्टर अखलाक अहमद पूर्व(डी. ओ.यूनानी, लखनऊ डिविजन) और डॉक्टर अरशद जमाल लारी अतिरिक्त निदेशक यूनानी सेवायें, उत्तर प्रदेश सम्मानित अतिथि थे। सबसे पहले कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर हकीम अब्दुल कवी फारूकी ने अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर बड़े ही गर्मजोशी से किया उसके बाद कॉलेज के फार्मोकोलॉजी विभाग से जुड़े डॉक्टर समीम इरशाद आजमी और उनके सहायकों द्वारा संपादित और अनुवादित पुस्तक विमोचन विशेष सचिव की उपस्थिति में हुआ।

विशिष्ट अतिथि एवं सम्मानित अतिथि के रूप में आए श्रीहरिकेश चौरसिया (आई. ए.एस.) ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए उनके अपने शोध एवं शिक्षण में आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग करने को कहा उन्होंने कहा कि यूनानी चिकित्सा एक महान एवं लाभदायक औषधि है जिसका सदियों से इलाज एवं प्रशिक्षण किया जा रहा है,मैं स्वयं इस औषधीय का उपयोग करता हूं। यूनानी चिकित्सा को विकसित करने, उसे उपयोगी बनाने और लोगों के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए आधुनिक एवं वैज्ञानिक मापदंडों के अनुरूप प्रस्तुत करना तथा इलाज एवं उपचार से संबंधित अधिक से अधिक आंकड़े प्रकाशित करना बहुत जरूरी है। अब समय आ गया कि उत्तर प्रदेश सरकारी यूनानी चिकित्सा को विकसित और बढ़ावा दें।

एलडीए की जनता अदालत आज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत का आयोजन गुरुवार को होगा। गोमतीनगर विपिन खण्ड स्थित प्राधिकरण के कमेटी हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनता अदालत आयोजित होगी, जिसमें जनसामान्य की समस्याओं की सुनवाई व निराकरण कराया जाएगा।

भाषा वि.वि. के विद्यार्थी माघमेला शिविर में हुए सम्मिलित

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के विद्यार्थी साधनाश्री कुटुंब के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय माघमेला शिविर प्रयागराज में 13 फरवरी को सम्मिलित हुए। इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों ने पवित्र संगम स्नान , बौद्धिक सत्र, माघ मेला भ्रमण, आनंद शाला एवं योग व्यायाम का लाभ प्राप्त किया। कुलपति प्रोफेसर एन बी सिंह के संरक्षण में शिविर कार्यक्रम संपन्न हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम की समन्वयक प्रो चन्दना डे एवं आयोजक डॉ श्वेता अग्रवाल रही। शिविर में लगभग 30 विद्यार्थी सम्मिलित हुए एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमे मुख्य रूप से मुस्कान चौरसिया, अनुष्का सिंह, प्रिंस यादव, राहुल यादव आदि मौजूद रहे।

त्वरित आर्थिक विकास योजना हेतु 81.15 लाख स्वीकृत

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 2023-24 में त्वरित आर्थिक विकास के अन्तर्गत जनपद चन्दौली की विधानसभा क्षेत्र- चकिया में सड़क निर्माण से सम्बन्धित एक कार्य हेतु 81.15 लाख रूपये मंजूर किये है। मंजूर की गयी धनराशि जिलाधिकारी चन्दौली के निवर्तन पर रखी गयी है। इस कार्य के लिये ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को कार्यवाही संस्था नामित किया गया है। नियोजन विभाग ने इस सम्बन्ध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये है। आदेशानुसार स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा।

स्वामी के इस्तीफे पर अखिलेश ने तोड़ी चुप्पी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आखिरकार स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद वरिष्ठ नेता हैं। ये पार्टी के अंदर की बात है। हम इसका समाधान निकाल लेंगे।इसके पहले, स्वामी प्रसाद मौर्य ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को मीडिया को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। अब आगे क्या करूंगा ये इस पर निर्भर करता है अखिलेश यादव क्या करते हैं? अब गेंद उनके पाले में हैं। स्वामी प्रसाद सपा से विधान परिषद सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा ही बहुजन समाज की लड़ाई लड़ी है और आगे भी यही करता रहूंगा।

सरोजनीनगर में आयोजित हुआ शक्ति वंदन अभियान

प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से नये भारत की नारी सशक्त और सक्षम बन रही है: डॉ. राजेश्वर सिंह

अवधनामा ब्यूरो

- डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किये जा रहे कार्य प्रदेश भर में चर्चा का विषय: आनंद द्विवेदी

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा महिलाओं की आत्मनिर्भरता में नई मिसाल पेश कर रहा है। सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के कुशल नेतृत्व और विकासवादी दृष्टिकोण से मातृशक्ति सफलता के नये आयाम को छू रही है। नारी शक्ति की न सिर्फ पहचान बदल रही है, बल्कि उन्हे सम्मान भी मिल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को एलडीए कॉलोनी के पराग स्थित डॉ राजेश्वर सिंह के विधायक कार्यालय पर शक्ति वंदन अभियान - महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शक्ति वंदन अभियान - महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम में जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित 500 से अधिक स्वयं सहायता समूह एवं उनके फेडरेशन द्वारा संपादित उत्कृष्ट कार्य हेतु 11 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस दौरान सरोजनीनगर विधानसभा की पहचान बन चुकी तारा शक्ति सिलाई सेंटर की महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी नें कहा कि विधायक डॉ राजेश्वर सिंह महिला सशक्तिकरण के लिए जो कार्य कर रहे हैं वो आज लखनऊ ही नहीं बल्कि प्रदेश भर में चर्चा का विषय है, वो कहीं चले मात्र जाते हैं और देख मात्र लेते हैं कि मातृशक्ति की आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए कुछ किया जा सकता है तो तत्काल संसाधनों का उचित प्रबंधन करवा देते हैं, चाहे कंप्यूटर लैब हो या सिलाई सेंटर। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा सीता नेगी एवं कृष्ण गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रधानाचार्य सारिका दुबे को चांदी के प्लेट पर उकेरे गए श्रीराम मंदिर को प्रतीक चिन्ह के रूप में दिया गया।

विभाकर शास्त्री समर्थकों के साथ भाजपा में सपरिवार शामिल

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्यमुख्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी के पौत्र एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विभाकर शास्त्री बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए। सदस्यता ग्रहण समारोह में पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अमर पाल मौर्य, संजय राय, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विभाकर शास्त्री जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा के साथ जुड़ने का निर्णय किया है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से मैं उनका स्वागत व अभिनंदन करता हूं। हम सभी ने मिलकर नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का जो संकल्प लिया है। उस संकल्प के साथ आज विभाकर शास्त्री जी जुड़े है। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी का पूरे देश में सम्मान है और उनके द्वारा देश की शासन व्यवस्था में ईमानदारी की मिशाल पेश की गई। उस परम्परा को आगे बढ़ाने वाले विभाकर शास्त्री जी का भाजपा में अभिनंदन है। हम सभी मिलकर अन्त्योदय के मंत्र के साथ मोदी सरकार व योगी सरकार द्वारा स्थापित सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की शासन व्यवस्था का संदेश लेकर जन-जन तक पहुंचेगें और आत्मनिर्भर भारत निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करेगें।

चित्रकला राजा-महाराजाओं और मुगल शासकों के प्रश्रय में फली-फूली: विजय

जुलूस निकालकर इमाम की विलादत की खुशियां मनायीं

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। चित्रकला राजा-महाराजाओं और मुगल शासकों के प्रश्रय में फली-फूली और विकसित हुई। राजनैतिक परिस्थितियों के बदलने की वजह से राजकीय संरक्षण के अभाव में यह कला विलुप्त हो गयी। यह बात चित्रकार पदम्मश्री विजय शर्मा ने बुधवार को कही। वे संस्कृति विभाग और राज्य संग्रहालय की ओर से आयोजित कला अभिरूचित कार्यक्रम के तहत पहाड़ी चित्रकला कार्यशाला के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. माण्डवी सिंह और निदेशक सृष्टि धवन उपस्थित थे। पदम्मश्री विजय शर्मा ने कहा कि पहाड़ी चित्रकला नई पीढ़ी के कलाकारों को चित्रांकन विधान सिखाने की दृष्टि से यह अभिरूचि कार्यक्रम सुखद पहल है। आठ दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर सुन्दर आलेखन किया।

गहवारा-ए-हुसैन की जियारत

जुलूस में मुख्यरूप से हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के गहवारे (झूला) की जियारत करायी गयी। झूला जैसे ही लोगों के करीब आता तो सैकड़ों हाथ झूले को बोसा देने (चूमने) के लिए बढ़ जाते थे। तमाम लोग झूले से अपने मासूम बच्चों को स्पर्ष करा रहे थे। इसके अलावा झूले के आगे लोगों ने नज्र दी और मन्नते मांगी। अकीदतमंदों ने झूले पर बुके व फूल-हार चढ़ाये व इत्र लगया।

लखनऊ। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की विलादत के मौके पर बुधवार को काजमैन और मुफ्तीगंज में जुलूस निकालकर इमाम की विलादत की खुशियां मनायीं। काजमैन से निकले जुलसू में सबसे आगे जुलूस-ए-मर्सरत÷ लिखा लाल बैनर था। जिसमें हाथी-ऊंट के पीछे घोड़ों की कतारें चल रही थी। जिस पर बच्चे हाथों में हरे-लाल झंडे लिए बैठे थे। जुलूस टापे वाली गली,हसनपुरिया, कश्मीरी मोहल्ला होता हुआ दरगाह हजरत अब्बास पहुंचा। जुलूस जिन रास्तों से गुजर रहा था वहां लोगों ने इत्र लगाकर व फूलों की पंखुड़ी डाल कर इस्तकबाल किया और गले मिलकर इमाम की विलादत की मुबारकबाद दी। रास्तों के दोनों ओर छतों व सड़कों पर महिलाएं बच्चें जियारत के लिए खड़े थे। जुलूस में नारे हैदरी या अली, हुसैन जिन्दाबाद, हुसैन बादशाह व जुबां के साथ दिल बोला अली मौला-अली मौला के नारे फिजाओं में गूंज रहे थे। दुनिया हुसैन की है जमाना हुसैन का, करबल में लुट गया था घराना हुसैन का÷ और हमको हुसैनी जाम पिला जाइये हुसैन, इस सर जमीन-ए-हिन्द पे आ जाइये हुसैन, की पंक्तियों को गजनफर हुसैन पप्पू, आरिफ रजा, अजहर हुसैन, रिजवान अली दानिश माइक पर पढ़ रहे थे। इसे सुनकर लोगों कीआंखों से आंसू टपकने लगे लेकिन यह आंसू गम के नहीं खुशी के थे। जुलसू के दरगाह पहुंचने पर आतिशबाजी से स्वागत किया गया। यहां महफिल व लंगर का आयोजन हुआ। उधर मुफ्तीगंज बेल वाले टीले स्थित मजायर हुसैन के आवास से जुलूसे इमाम हुसैन निकाला गया जो इमामबाड़ा मीरन साहब पहुंचा। यहां मौलाना हसन जहीर सहित अन्य उलमा ने महफिल को खिताब किया। इसके बाद शायरों ने अपने कलाम पेश किया।

सबीलों व दस्तरखान का आयोजन

ऑल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड ने शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में आम दस्तरखान का आयोजन किया। जहां मौलाना सैफ अब्बास सहित अनेक उलमा ने नज्र दी उसके बाद लोगों ने नज्र चखी। हसनपुरिया में विभिन्न इदारों की ओर से आलू-पूरी व मिठाई का वितरण किया। वहीं बजाजा, हुसैनाबाद, मुफ्तीगंज, कश्मीरी मोहल्ला, दरगाह, मौला नगरी, नक्खास, नूरबाड़ी आदि इलाकों में सबीलें लगायी गयीं जिसपर दूध व झाई फ्रूट का शर्बत, चाकलेट, फल,बिस्कुट और आइसक्रीम वितरण की।

सुबह से देर रात तक चला नज़्र का सिलसिला

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की यौमे विलादत बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनायी गयी। इस मौके पर घरों में नज्र दी गयी।

सुबह से देर रात तक नज्रों में जाने का सिलसिला जारी रहा। पुराने शहर के हसन पुरिया, मंसूर नगर, दरगाह रोड,नजफ, कश्मीरी मोहल्ला, मैदान एलएचखां, जनाब वाली गली, रूस्तम नगर, हुसैनाबाद, मुसाहबगंज, वजीरगंज, तोपदरवाजा, काजमैन, नूरबाड़ी, मौला नगरी, मुफ्तीगंज,शेर दरवाजा व अंगूरीबाग, आदि में विशेष तैयारियां की गयी थी। इमाम की विलादत की खुशी में लोगों ने घरों, इमामबाड़ों, कर्बलाओं और दरगाहों में बिजली भव्य सजावट की तथा इलाकों में लाल झंडे लगा कर खुशी मनायी। इस खुशी में पुरूषों व महिलाओं सहित बच्चचों ने खुश रंग लिबास पहने और अपने रिश्तेदारों, अजीजों व दोस्तों के यहां नज्र चखने गये और गले लगकर इमाम की विलादत की मुबारकबाद दी।